धनबाद, सोमवार 06.05.2024
मूल्य- ₹ 3
वर्ष-30 अंक-74 पृष्ठ- 12
वैशाख कृष्ण पक्ष-13
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑबजर्वर



## तीसरे चरण में 12 राज्यों के 94 सीटों पर थमा प्रचार, कल मतदान

### अमित शाह, डिंपल यादव, दिग्विजय, शिवराज, सिंधिया और अधीर रंजन चौधरी जैसे दिग्गज नेताओं की किस्मत का फैसला



**नई दिल्ली (ईएमएस):** देशभर में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। दो चरण में १९० सीट पर वोटिंग हो चुकी है। अब तीसरे चरण में ७ मई को १२ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ९४ सीटों पर वोटिंग होनी है। इसके लिए रविवार को शाम ६ बजे चुनाव प्रचार थम गया।

चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग रजौरी सीट पर मतदान की तिथि बदल थी। अब इस सीट पर ७ मई को तीसरे चरण में मतदान नहीं होगा। अनंतनाग रजौरी लोकसभा सीट के लिए २५ मई को छठे चरण में वोटिंग होगी। सात मई को लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण की वोटिंग होगी। अभी तक दो चरणों में १९० सीटों पर मतदान हो चुका है। पहले चरण में १९ अप्रैल को ६६.१४ फीसदी वोटिंग हुई थी और दूसरे चरण में २६ अप्रैल को ६६.७१ फीसदी मतदान हुआ था। तीसरे चरण के मतदान के बाद २८३ सीटों पर मतदान की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इन तीन फेज के रुझान से अगली सरकार का रुख तय हो जाएगा। सभी राजनीतिक दलों अभी तक हुई वोटिंग में बढ़त बनाने का दावा कर रहे हैं।

तीसरे चरण में ९४ लोकसभा सीटों पर कुल २९६३ नामांकन दाखिल किए गए, जिनमें से चुनाव अधिकारियों ने १५६३ आवेदनों को वैध पाया है। नामांकन वापस लेने की तारीख निकलने के बाद चुनाव लडऩे वाले उम्मीदवारों की संख्या १३५१ है, जिसमें कई वीवीआईपी कैंडिडेट्स शामिल हैं। अमित शाह, डिंपल यादव, दिग्विजय सिंह, शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया और अधीर रंजन चौधरी जैसे दिग्गज नेताओं की किस्मत का फैसला होगा। तीसरे चरण में असम की ४ सीट, बिहार की ५ सीट, छत्तीसगढ की ७ सीट, मध्य प्रदेश की ९ सीट, महाराष्ट्र की ११ सीट, दादर-नगर हवेली और दमन-दीव में एक-एक सीट, गोवा की २ सीटे, कर्नाटक की १४ सीट, जम्मू-कश्मीर की एक सीट, पश्चिम बंगाल की ४ सीट, गुजरात की २५ और उत्तर प्रदेश की १० सीटों पर वोटिंग होनी है।

**हाई प्रोफाइल सीटों पर होगी वोटिंग**

तीसरे चरण के चुनाव में कई दिग्गजों का भविष्य टिका हुआ है। मध्यप्रदेश के विदिशा में शिवराज सिंह चौहान, गुना शिवपुरी से ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजगढ़ में दिग्विजय सिंह के लिए भी तीसरे चरण में वोट डाले जाएंगे। छत्तीसगढ़ की कोरबा और रायपुर जैसी हाई प्रोफाइल सीटों पर सात मई को वोटिंग होगी, जहां से सरोज पांडे और बृजमोहन अग्रवाल चुनाव लड़ रहे हैं।

यूपी में मुलायम परिवार के अक्षय यादव, डिंपल यादव, आदित्य यादव के भाग्य का फैसला भी गुरुवार को होगा। आगरा में एस पी सिंह बघेल और एटा में राजवीर सिंह की सीटों पर थर्ड फेज में मतदान होगा। ७ मई को महाराष्ट्र की ११ लोकसभा सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। बारामती सीट पर वोटिंग होगी, जहां सुनेत्रा पवार और सुप्रिया सुले के बीच कड़ा मुकाबला है। महाराष्ट्र में नारायण राणे और अनंत गीते की सीटों पर वोटिंग होगी। गुजरात की २५ सीटों पर भी तीसरे चरण में मतदान होगा। गुजरात की गांधीनगर सीट से अमित शाह भाजपा के उम्मीदवार हैं।

**सैफई के यादव परिवार के तीन बड़े चेहरे**

उत्तर प्रदेश के ब्रज और रुहेलखंड में १० सीटों के लिए १०० प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। सैफई के यादव परिवार के तीन बड़े चेहरों के चुनावी भाग्य का निर्णय इसी ▶▶ 4

## अगर संदेह है तो सबूत दो, निज्जर मर्डर में 3 भारतीयों के अरेस्ट पर जयशंकर ने कनाडा को दिया करारा जवाब



**नई दिल्ली (एजेंसी):** खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्झर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है. ३ मई को निज्झर हत्या मामले में कनाडा पुलिस ने तीन भारतीयों को अरेस्ट किया था. अब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा की कार्रवाई पर बयान दिया है. उन्होंने कहा कि भारत को इंतजार रहेगा कि कनाडाई पुलिस उन तीन नागरिकों के बारे जानकारी साझा करेगी. बोले- उन्होंने कोई सबूत नहीं दिए, भारत पर आरोप लगाना उनकी राजनीतिक मजबूरी है.

अपने दो दिवसीय ओडिशा दौरे के दौरान एस जयशंकर ने भाषण में कहा कि तीनों संदिग्ध साफ तौर पर किसी तरह के गैंग बैकग्राउंड से हैं और उन्हें मामले पर पुलिस की जानकारी देने का इंतजार करना होगा. निज्झर हत्या मामले पर बोले,

कनाडा ने कभी कोई सबूत नहीं दिया. वो कुछ मामलों में हमारे साथ कोई सबूत साझा नहीं करते हैं. कनाडा का भारत पर आरोप लगाना उनकी राजनीतिक मजबूरी है. जैसे-जैसे कनाडा में चुनाव पास आ रहे हैं, वो वोट बैंक की राजनीति में शामिल हो गए हैं. हमारी एक ही चिंता है कि उन्होंने भारत (पंजाब) से संगठित अपराध को कनाडा में संचालित होने की अनुमति दी है.

जयशंकर ने आरोप लगाया, निज्झर हत्या पर कनाडा में जो कुछ हो रहा है वो उनकी इंटरनल पॉलिटिक्स के चलते हो रहा है और इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं है. खालिस्तान समर्थक लोगों का एक वर्ग कनाडा के लोकतंत्र का इस्तेमाल कर रहा है, लॉबी बना रहा है और वो वहां का वोट बैंक बन गया है. कनाडा में सत्तारूढ़ पार्टी के पास संसद में बहुमत नहीं है और कुछ पार्टी केवल खालिस्तानी समर्थक नेताओं पर निर्भर है.

उन्होंने आगे कहा, हमने उन्हें कई बार ऐसे लोगों को वीजा, वैधता या राजनीतिक स्थान ना देने के लिए मना किया है जो कि हम दोनों के संबंधों के लिए भी समस्या पैदा कर रहे हैं, लेकिन कनाडा सरकार ने कुछ नहीं किया है. भारत ने २५ लोगों के प्रत्यर्पण की मांग की जिनमें से अधिकांश खालिस्तान समर्थक हैं लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया. रॉयल कैनेडियन ▶▶ 4

## दिल्ली में आया भूकंप, केंद्र रहा पश्चिमी दिल्ली

**नई दिल्ली (ईएमएस):** राजधानी दिल्ली में रविवार को दोपहर ४ बजकर १९ मिनट १४ सेकेंड पर भूकंप आया। हालांकि भूकंप के झटके महसूस नहीं किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता २ मापी गई। वहीं, इसकी गहराई ५ किमी थी।

भूकंप का केंद्र पश्चिमी दिल्ली था। पृथ्वी के अंदर ७ प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है।

बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

## नूपुर शर्मा से टी राजा सिंह तक थे टारगेट, हिंदूवादी नेताओं की हत्या की साजिश रच रहा मौलाना सूरत से गिरफ्तार




**नई दिल्ली (एजेंसी):** सूरत पुलिस ने देश के कई बड़े हिंदू नेताओं और भाजपा नेताओं की हत्या की साजिश रच रहे मौलवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस गिरफ्तारी के बाद देश के कई बड़े हिंदू नेताओं के हत्या की प्लानिंग करने और कई देशों से घातक हथियार का ऑर्डर देने का खुलासा हुआ है। पुलिस की जांच में पता चला है कि आरोपी पाकिस्तान और बांग्लादेश के कई लोगों के संपर्क में था, जिसके बाद वह हत्या करने की साजिश रच रहा था।

सूरत पुलिस ने आरोपी सोहेल उर्फ मौलवी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की उम्र २७ वर्ष है। पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी मौलवी है और मदरसे में पढ़ाता है। आरोपी पिछले २ साल से पाकिस्तान के डोंगर नामक व्यक्ति और नेपाल के सहनाज नामक व्यक्ति के सम्पर्क में था। पाकिस्तान और नेपाल के दोनों ही आरोपियों ने सूरत के मौलवी सोहेल को इस बात के लिए उकसाया था कि भारत में हिंदू संगठन की ओर से लगातार नबी की गुस्ताखी की जा रही है। जिसके बाद पाकिस्तान और नेपाल के व्यक्तियों के माध्यम से आरोपी सोहेल को 'लाओस' देश का सिम कार्ड भी मुहैया कराया गया था, जिससे उसकी पहचान भारत में न हो पाए। जानकारी के मुताबिक आरोपियों के निशाने पर हैदराबाद के भाजपा नेता टी राजा सिंह, हिंदू वादी ▶▶ 4

## भारत को पीओके पर कब्जे में करने की जरूरत नहीं पड़ेगी : राजनाथ सिंह

### कश्मीर का विकास देख लोग ही कहेंगे कि हमें भारत में शामिल होना है



**नई दिल्ली (ईएमएस):** भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा। भारत को पीओके को बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि यहां के लोग ही कश्मीर में हुए विकास को देखने के बाद खुद भारत में शामिल होना चाहेंगे। यह बात रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक साक्षात्कार में कही।

राजनाथ सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में काफी सुधार हुआ है और एक समय ऐसा आएगा जब केंद्र शासित प्रदेश में अफस्पा की जरुरत ही नहीं होगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह मामला केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है और वह इस पर उचित निर्णय लेगा। जम्मू-कश्मीर में चुनाव भी जरूर होंगे, लेकिन उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं बताई।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से जमीनी हालात बदले हैं, क्षेत्र में जिस तरह से आर्थिक प्रगति हो रही है और वहां शांति लौटी है, मुझे लगता है कि पीओके के लोगों की ओर से यह मांग उठेगी कि उनका भारत में विलय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीओके पर अपना कब्जा करने के लिए बल का प्रयोग नहीं करना पड़ेगा क्योंकि लोग ही कहेंगे कि हमें भारत के साथ जाना है। ऐसी मांगें अब उठ रही हैं। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि पीओके हमारा था, है और हमारा ही रहेगा।

राजनाथ ने कहा कि वहां जल्द ही विधानसभा चुनाव होंगे, लेकिन उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं बताई। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से स्थिति में सुधार हो रहा है, उसे देखकर लगता है कि एक समय आएगा जब वहां अफस्पा की जरुरत ही नहीं पड़ेगी। यह मेरा विचार है और इस पर निर्णय गृह मंत्रालय को लेना है। बता दे अफस्पा सुरक्षा बलों को अभियान चलाने और बिना किसी पूर्व वारंट के किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार देता है। अगर सुरक्षा बलों की कार्रवाई में गोली लगने से किसी की मौत हो जाती है तो ऐसी स्थिति में अफस्पा उन्हें सजा से छूट देता है।

रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के छद्म युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद को रोकना होगा। उन्होंने कहा कि ▶▶ 4

### दिल्ली एयरपोर्ट की सुरक्षा का जिम्मा अडानी समूह को

## एयरपोर्ट पर अडानी की सिक्योरिटी सीआईएसएफ होगी संसद भवन में तैनात

**नई दिल्ली (ईएमएस):** दिल्ली एयरपोर्ट की सिक्योरिटी जल्द ही अडानी समूह के पास होगी।दिल्ली एयरपोर्ट पर अभी सीआईएसएफ की सिक्योरिटी लगी है। इस सिक्योरिटी को संसद भवन में तैनात किया जाएगा। संसद भवन की अभी जो सिक्योरिटी है। उसमें ३६०० से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात हैं, उनको मंत्रालयों और अन्य विभागों में तैनात किया जाएगा। दिल्ली एयरपोर्ट की सिक्योरिटी अडानी समूह को दिए जाने के बाद संसद की सिक्योरिटी को बदल दिया जायेगा।पिछले सत्र मे संसद में हुए हमले के बाद, संसद की सिक्योरिटी को मजबूत बनाने के लिए सीआईएसएफ के हवाले की जा रही है। पहली बार दिल्ली जैसे संवेदनशील एअर पोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था निजी कम्पनी के हवाले की जा रही है। अभी लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं। इस स्थिति में सरकार द्वारा सुरक्षा से संबधित इतना बड़ा फैसला लिया गया है।अडानी के पास अभी भारत के १४ एअर पोर्ट हैं।आगे चलकर अन्य एअरपोर्ट मे भी अडानी की सिक्योरिटी तैनात करने का रास्ता खुल जायेगा। इसको लेकर संसद की सिक्योरिटी मे जो स्टाफ अभी तैनात है। उसने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है।

## प्रधानमंत्री ने अयोध्या में रामलला के दर्शन के बाद रोड शो किया



**अयोध्या (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अयोध्या पहुंचे। अयोध्या में उन्होंने रामलला का दर्शन किया। रामलला के दर्शन के बाद प्रधानमंत्री ने अयोध्या में एक रोड शो भी किया। रोड शो में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। पीएम मोदी के साथ इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। मोदी ने अयोध्या से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार व सांसद लल्लू सिंह के समर्थन में फूलों और बैनर से सजे एक खुले वाहन (रथ) पर सवार होकर रोड शो शुरू किया और वाहन पर उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लल्लू सिंह मौजूद थे। मोदी राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य द्वार के पास सुग्रीव किला से रथ पर सवार हुए।

प्रधानमंत्री के अभिनंदन व स्वागत के लिए राम पथ के दोनों तरफ जनता काफी पहले से उनका इंतजार कर रही थी। इस दौरान उनकी सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किये गये हैं। भाजपा के एक नेता ने बताया कि सुग्रीव किला से लता मंगेशकर चौक तक करीब दो किलोमीटर की दूरी के बीच मोदी के रोड शो के लिए ७५ ब्लॉक बनाये गये हैं जहां हर वर्ग के लोग प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए मौजूद हैं। ▶▶ 4

## हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी, खेत में उतारा

**सांगली (ईएमएस):** भारतीय सेना का एक हेलीकॉप्टर में तकनीकी समस्या आ जाने से महाराष्ट्र के सांगली जिले के एक खेत में एहतियात के तौर पर उतारना पड़ा। पुलिस ने बताया कि घटना के समय विमान में तीन सेना के जवान, दो पायलट और एक तकनीशियन सवार थे। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आर्मी एविएशन कोर का हेलीकॉप्टर महाराष्ट्र के नासिक से बेंगलुरु जा रहा था। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह करीब साढे नौ बजे कुछ तकनीकी खराबी आ जाने के कारण इसे सांगली जिले की मिरज तहसील के एरंडोली गांव के पास एक खेत में एहतियात के तौर पर उतारा गया इसमें सेना के जवानों समेत छह लोग सवार थे।

## पुंछ में आतंकी हमले को भाजपा का चुनाव पूर्व स्टंट बताकर फंसे चरणजीत सिंह चन्नी



**चंडीगढ़ (ईएमएस):** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी शनिवार को पुंछ में हुए आतंकी हमले को भाजपा का चुनाव पूर्व स्टंट बताकर विवादों में घिर गए हैं। इस आतंकी हमले में वायुसेना के एक जवान शहीद हो गए थे और चार अन्य घायल हो गए थे। आम चुनाव के बीच, इस बयान ने भाजपा को कांग्रेस पर हमला करने का एक मौका दे दिया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अब इसे लेकर देश की सबसे पुरानी पार्टी पर हमला बोला है। चन्नी ने जालंधर में चुनाव प्रचार करते हुए कहा, ये सभी स्टंट हैं और आतंकवादी हमले नहीं हैं। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। भाजपा लोगों के जीवन और शवों के साथ खेल रही है। उन्होंने २०१९ के पुलवामा हमले की ओर इशारा करते हुए कहा, ये हमले वास्तव में नहीं हो रहे हैं, बल्कि सिर्फ भारतीय ▶▶ 4

## हिंद महासागर में तीसरे विदेशी बंदरगाह का विकास करेगा भारत

### चीन की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए अब भारत ने अब चीन के दरवाजे पर भी बंदरगाह विकास की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं



**नई दिल्ली (ईएमएस):** हिंद महासागर में चीन की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए अब भारत ने अब चीन के दरवाजे पर भी बंदरगाह विकास की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, भारत के सबसे बड़े बंदरगाह ऑपरेटर अडानी पोर्ट्स ने अपनी बंदरगाह विकास योजना के लिए फिलीपींस के बाटन बंदरगाह को २५ साल के लिए लीज पर लेने की योजना पेश की है। भारत और भारत की कंपनियों की ओर से एक महीने से भी कम समय में हिंद महासागर में यह तीसरे बंदरगाह को विकसित करने की योजना पर आगे बढ़ने की दिशा में कदम है। इसी हफ्ते श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने भी अपने उत्तरी प्रांत में कांकेसंथुराई बंदरगाह के नवीनीकरण का निर्णय लिया है, इस परियोजना की पूरी लागत भारत ने वहन करने पर सहमति जताई है।

इस प्रोजेक्ट पर लगभग ५ अरब रुपए की लागत आंकी गई है। लंबे समय से इस प्रोजेक्ट पर विचार-विमर्श लंबित था। इसके पहले भारत ने मार्च में ही म्यांमार के सिटवे में बंदरगाह में ऑपरेशन का सौ फीसदी अधिकार हासिल किया था। फिलीपींस और अडानी पोर्ट की आरंभिक योजना बाटन में २५ मीटर गहरा बंदरगाह विकसित करने की है, जिसमें पैनामैक्स (पनामा नहर से गुजर सकने वाले) जहाज़ों को रखा जा सके। एक सप्ताह से कम समय में हिंद ▶▶ 4

## कल्पना सोरेन का तूफानी जनसंपर्क अभियान, जनता से कहा- तानाशाही ताकत को दें वोट की चोट



**गिरिडीह (एजेंसी):** गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन इन दिनों विधानसभा क्षेत्र में तूफानी दौरा कर रही हैं. नामांकन के बाद से ही कल्पना सोरेन लगातार क्षेत्र भ्रमण कर जनता से रूबरू हो रही हैं. इसी कड़ी में शनिवार को कल्पना सोरेन का तूफानी दौरा विधानसभा क्षेत्र के बेंगाबाद प्रखंड में हुआ. रात १० बजे तक कल्पना सोरेन का जनसंपर्क अभियान चलता रहा.

अपने दौरे के क्रम में कल्पना सोरेन ने सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंची और जनसंपर्क अभियान चलाया. कल्पना सोरेन ने क्षेत्र की जनता से आशीर्वाद लिया और समर्थन की अपील की. उन्होंने लोगों से आगामी लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की.

कल्पना सोरेन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की तानाशाह सरकार को जवाब देने का समय आ गया है. उन्होंने जनता से झारखंड के हक के लिए तानाशाही ताकतों को वोट की चोट देने की अपील की. कल्पना सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है. दुर्भावना के कारण केंद्र सरकार झारखंड का १ लाख ३६ हजार करोड़ बकाया पैसा नहीं दे रही है. हक मांगने पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने की साजिश की गई.

उन्होंने कहा यह चुनाव अत्याचार और अन्याय के खिलाफ है. कल्पना ने हर जगह अपने संबोधन में हेमंत सोरेन के जेल जाने का जिक्र किया और जनता से न्याय की लड़ाई में साथ देने की अपील की.

**गठबंधन के कई नेता रहे साथ**

जनसंपर्क अभियान में कल्पना सोरेन के साथ राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद, मंत्री हफीजुल हसन, जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी समेत इंडिया गठबंधन दल के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे. जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थको में गजब का उत्साह देखने को मिला. समर्थकों द्वारा कल्पना सोरेन का स्वागत पूरी गर्मजोशी के साथ किया गया. कल्पना सोरेन की एक झलक पाने और उनसे मिलने के लिए महिलाएं उत्सुक दिखीं.

# अवर न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण



**धनबाद (कासं) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने रविवार को लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल की टीम के साथ मंडल कारा धनबाद का निरीक्षण किया। जेल में कुल ६३६ दोषसिद्ध व विचाराधीन बंदी मिले। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफसफाई का निर्देश दिया। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने, शिक्षापरक एवं रोजगारपरक शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान कुछ ऐसे बंदी मिले जिनकी उम्र १८ वर्ष से कम देखने में प्रतीत हो रही थी। न्यायाधीश ने उन बंदियों को दूसरे बंदियों से अलग वार्ड में रखने का निर्देश जेलर को दिया तथा एलएडीसीएस को निर्देश दिया कि उनके घर वालों से संपर्क कर उनके जन्म संबंधी प्रमाण पत्र की व्यवस्था करें और आवश्यक कार्रवाई करें। न्यायाधीश ने महिला बैरक में निरुद्ध कुल २६ महिला बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान जेलर को निर्देशित किया गया कि सभी बन्दियों का वर्तमान डेटा जेल के पैरा लीगल वालेंटियर (विधिक स्वंयसेवक) के माध्यम से कम्प्यूटर पर फीड कराया जाए। निरूद्ध सभी महिला बन्दी स्वस्थ्य पायी गयीं। न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यानसहयोग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए और कहा कि प्रशासन की ओर से किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके पूर्व मंडलकारा धनबाद में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने बंदियों के अधिकार, जमानत संबंधी प्रावधान व प्ली बारगेनिंग अधिनियम, हाईकोर्ट द्वारा चलाए जा रहे यूटीआरसी स्कीम के बारे में जानकारी दी। अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने वैसे बंदी जो साधारण अपराध के मामलों में जेल में बंद है तथा जो अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं है। उन्हें यूटीआरसी स्कीम के तहत १५ मई तक कानूनी प्रक्रिया द्वार जमानत याचिका दायर करने का निर्देश एलएडीसीएस को दिया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की स्थापना की गई है। इसमें ऐसे बंदी जो अपना अधिवक्ता स्वयं करने में आर्थिक रूप से असमर्थ हैं उनके मुकदमे की निःशुल्क पैरवी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार में चीफ, डिप्टी चीफ व असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति की गई है।

उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों की समस्याओं के समाधान के लिए लीगल एड डिफेंस काउंसिल से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करें। इसके लिए बंदी आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार को भेजें। इस मौके पर डिप्टी जेलर दिनेश वर्मा, एलडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, एलएडीसीएस के असिस्टेंट काउंसिल डालसा सहायक अरुण कुमार, सौरव सरकार, पीएलबी, शिव शंकर, उज्ज्वल शर्मा उपस्थित थे।

# टैगोर सोसाइटी ने कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर को दी श्रद्धांजलि



**धनबाद (कासं) :** कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की १६३वीं जयंती आगामी ८ मई को है। उसके पूर्व टैगोर सोसाइटी ऑफ धनबाद द्वारा रविवार को भारत स्काउट एण्ड गाइड, रेलवे क्लब परिसर में शांतिनिकेतन के प्रारूप में कविगुरु रविंद्र नाथ टैगोर को श्रद्धांजलि देते हुए रविंद्र नाथ टैगोर पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टैगोर सोसाइटी ऑफ धनबाद के विश्वनाथ राय ने कहा यह कार्यक्रम कवि गुरु को उनके जन्मदिन पर श्रद्धांजलि देने के लिए ३८ साल से हम लोग करते आ रहे हैं।

यह सांस्कृतिक अनुष्ठान रविंद्र प्रेमियों के लिए है। इस कार्यक्रम में धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा कोलकाता से भी कलाकार आए हैं। रवींद्रनाथ टैगोर के प्रेमी इस कार्यक्रम के लिए नृत्य संगीत की तैयारी सालों भर कर इस दिन का इंतजार करते हैं। टैगोर समिति के सदस्य सुवर्णा बनर्जी ने कहा कि यह कार्यक्रम शांति निकेतन के प्रारूप में जैसा की कवि गुरु रवींद्रनाथ चाहते थे उसी प्रकार से हम लोग प्राकृतिक वातावरण में जयंती को मानते हैं। यह कार्यक्रम शुरुआत से ही रविंद्र जयंती के पहले पड़ने वाले रविवार को मनाया जाता है। यहां धनबाद एवं धनबाद से बाहर चले गए कलाकार भी इस कार्यक्रम में आते हैं और रविंद्र नृत्य, संगीत व नाटक की प्रस्तुति देते हैं।

कार्यक्रम में अरूप रतन बनर्जी, राजदीप चटर्जी, अरुण बनर्जी, देवयानी विश्वास, लबोनी दत्ता, नंदिनी सेनगुप्ता, सुवर्णा बनर्जी, कुमकुम बनर्जी, इंद्रजीत चटर्जी, अरिजीत बनर्जी, अमित बनर्जी, सोमनाथ चक्रवर्ती, कुशन सेनगुप्ता, श्रेया चटर्जी, सविता भट्टाचार्य, मिताली मुखर्जी, मिताली चटर्जी, संचित बक्शी एवं सतोसानी राय, रोमा सिस्टर पायल नृत्य मलिक गोष्टी, तबला वादक सुखेंदु दत्त, संजय मजूमदार, करुणा मुखर्जी, वासुदेव चक्रवर्ती बाजपेई, सिंथेसाइजर में दीपू बाजपेई शामिल थे।

# बंधुआ मजदूर रुपलाल के परिजनों ने घर वापसी के लिए प्रशासन से लगाई गुहार



**धनबाद (कासं) :** धनबाद जिला अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड बरवाअड्डा क्षेत्र के ख़ास करके ग्रामीण क्षेत्रों के पढ़े लिखे शिक्षित बेरोजगारों को ठीकेदार बिचौलियों के द्वारा बंधुआ मजदूर बना कर ख़बरें आती रहती है। ताज़ा मामला प्रकाश में आया है कि धनबाद जिला अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड बरवाअड्डा थाना क्षेत्र खरनी पंचायत के साधोबाद के रुपलाल महतो उम्र २४ वर्ष और उनके साथ आसपास के कई बेरोजगार शिक्षित युवाओं को ठीकेदार बिचौलियों के द्वारा अच्छे वेतन का प्रलोभन देकर टाटानगर जमशेदपुर के घाटशिला क्षेत्र मेसर्स रीया इंटरप्राइजेज व रोयल हेल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक नन बैंकिंग नेटवर्किंग कंपनी ले जाया गया। ज्वाइनिंग के नाम पर १५ हजार सभी से लिया गया।

बंधुआ मजदूर के परिजन पिता शनिचर महतो और उनके माता के द्वारा कहा गया कि उनके बेटे रुपलाल महतो के साथसाथ आसपास के कई युवाओं को बंधक बना लिया गया है। घर भी आने नहीं दिया जा रहा है और ना ही वेतन दिया जा रहा है। वहां पर बंधुआ मजदूर साधोबाद की एक लड़की किसी तरह भागकर साधोबाद गांव पहुंचकर आपबीती परिजनों को बताई। ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलते ही झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो साधोबाद जाकर परीजनों से सभी प्रकार की समस्याओं से अवगत हुए और धनबाद जिला प्रशासन, जिला प्रवासी नियंत्रण कक्ष और श्रम अधीक्षक धनबाद और जमशेदपुर जिला प्रशासन को सूचना देकर साधोबाद गांव के बंधुआ मजदूरों को अतिशीघ्र सकुशल घर वापसी के लिए आग्रह किया।

# पोस्टल बैलट व होम वोटिंग के लिए पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) सह प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में पोस्टल बैलट एवं होम वोटिंग के लिए राजपत्रित पदाधिकारियों तथा पोलिंग ऑफिसर्स को प्रशिक्षण दिया गया।



इसकी जानकारी देते हुए डीसीएलआर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के अनुसार लोकसभा चुनाव में चुनावी कार्य व आवश्यक सेवा में लगे कर्मियों को पोस्टल बैलेट तथा ८५ वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता, ४० से अधिक दिव्यांग मतदाता, जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चुना है, को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान करनी है। वहीं जिला प्रशासन ने होम वोटिंग एवं पोस्ट बैलेट से शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया है।

साथ ही बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी को मतदाता को पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देने, मतदान के बाद पोस्टल बैलट को मोड़ने, मतदान की गोपनीयता बरकरार रखने, वीडियो रिकॉर्डिंग करने, सीलिंग करने, पोस्टल बैलट स्ट्रांग रूम में जमा करने, सभी तरह के प्रपत्र, लिफाफे, एनेक्सचर सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

डीसीएलआर ने बताया कि होम वोटिंग के दौरान मतदाता का घर ही मतदान केंद्र होगा। मतदान केंद्र की तरह वहां वोटिंग कंपार्टमेंट लगेगा। पोलिंग पार्टी के साथ सुरक्षाकर्मी मौजूद रहेंगे। होम वोटिंग के साथ पोस्टल बैलट के लिए विभिन्न फेलिसिटेशन सेंटर के में प्रतिनियुक्त राजपत्रित पदाधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया गया।

पोस्टल बैलट के लिए एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय, पीके राय मेमोरियल कॉलेज, गुरु नानक कॉलेज, पुलिस लाइन, गोल्फ ग्राउंड, जैप३ गोविंदपुर, जीआरपी, धनबाद पॉलिटेक्निक, कृषि बाजार, निरसा पॉलिटेक्निक तथा रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में फेलिसिटेशन सेंटर बनाया जाएगा।

मौके पर डीसीएलआर संतोष गुप्ता, पोस्टल बैलट कोषांग के संजय कुमार झा, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, अंचल अधिकारी पुटकी विकाश आनंद, जिला मत्स्य पदाधिकारी उषा किरण, जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, पुष्कर चंद्र झा, महफूज आलम, अशोक तिवारी, सुभाष कुमार, कुमार वंदन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बीजेपी के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई पहुंचे धनबाद

**धनबाद (कासं) :** रविवार को बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई धनबाद पहुंचे। लक्ष्मीकांत वाजपेई सिंह मेंसन में झरिया की पूर्व विधायक कुंती सिंह से शिष्टाचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर कुंती सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई को शॉल एवं कमल का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



वहीं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने उन्हे पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक एवं पारिवारिक विषयों पर चर्चा की।

मौके पर बीजेपी धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय, संतोष सिंह, झरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सिंह मेंसन शुभचिंतक मौजूद थे।

# महिलाओं ने किया ओपी का घेराव

**निरसा (ससे) :** पंचेत ओपी अंतर्गत पंचेत कॉलोनी का एक मामला इतना तूल पकड़ लिया। ओपी के अंदर घुसकर लोगों ने जमकर हंगामा किया। ओपी घेराव कर रही महिलाओं ने बताया कि उषा सिंह नामक महिला पूरे कॉलोनीवासी को परेशान कर रखा है। वह दूसरे के घर घुस कर चोरी करने की प्रयास कर रही थी।

जिसकी शिकायत ओपी में किया गया। लेकिन पुलिस की कोई कार्रवाई नहीं देखी गई। जिससे उग्र होकर लोगों ने ओपी घेराव किया है। वही इस मामले में ग्राम पंचायत पतलाबाड़ी मुखिया निभा देवी ने भी उषा सिंह के खिलाफ ओपी में लिखित शिकायत दी है। जिसमें लिखा गया है कि उषा सिंह पर उचित कानूनी कार्रवाई किया जाए। उषा सिंह द्वारा भविष्य में ऐसा कोई काम ना किया जाए जिससे कॉलोनी वासी परेशान हो। मामले में उषा सिंह की पुत्री नंदिनी ने बताई पड़ोस के रहने वाले युवक शिव शंकर की शादी में जूठा पत्ता फेंका गया था। जिसे साफ करने को लेकर विवाद इतना बड़ा की दर्जनों के संख्या में महिला एवं पुरुष मेरे घर पहुंच गए। इस दौरान घर में पत्थर बाजी भी किया गया। ओपी के अंदर घुसकर हंगामा एवं घेराव की सूचना पाकर चिरकुंडा थाना, कुमारधुबी ओपी, गल्फरबाड़ी ओपी, निरसा एसडीपीओ दलबल के साथ पंचेत ओपी पहुंचे। इसके बाद मामला को शांत कराया गया।

# कार्ल मार्क्स की जयंती पर माकपा द्वारा समारोह आयोजित



**धनबाद/बलियापुर (कासं) :** बलियापुर में रविवार को कार्ल मार्क्स की २०रवीं जयंती के अवसर पर माक्पा (मार्क्सवादी कामगार पार्टी) द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संबोधन करते हुए वरिष्ठ नेता संतोष कुमार महतो और काली सेन गुप्ता ने कार्ल मार्क्स को एक महान दार्शनिक के रूप में समर्पित किया। मार्क्स के विचारों के माध्यम से श्रमिकों के शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई गई। उन्होंने पूंजीवाद के खिलाफ समाजवादी विचारों की प्रेरणा दी और मजदूर और किसान वर्ग को एकजुट होने की अपील की। समारोह की अध्यक्षता की गई, जिसमें समीरन बिद और विकाश कुमार ठाकुर ने भाग लिया।

कार्ल मार्क्स की जयंती के अवसर पर समारोह में कई प्रमुख व्यक्तित्व भाग लिए, जैसे कि उपासी महताइन, रानी मिश्रा, सूर्यकुमार सिंह, सुबल मल्लिक, राम लायक राम, शिबू कुमार राय, राज नारायण तिवारी, आर के मिश्रा आदि। इस समारोह के माध्यम से लोगों को मार्क्सवादी विचारधारा के महत्व को समझाने और उनकी विचारधारा को समर्थन करने का अवसर मिला। समाज में समाजवादी और न्यायप्रिय विचारों को बढ़ावा देने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मासस ने मनाई कार्ल मार्क्स की जयंती

**धनबाद (कासं) :** रविवार को मार्क्सवादी समन्वय समिति, धनबाद जिला कमिटी की ओर से टेम्पल रोड पुराना बाजार स्थित केंद्रीय कार्यालय मे कार्ल मार्क्स की जयन्ती के अवसर पर एक विचार गोष्टी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कॉमरेड बिन्दा पासवान एवं संचालन सुभाष चटर्जी ने किया। गोष्ठी के प्रारंभ में कार्ल मार्क्स की तस्वीर पर माल्यार्पण एंव पुष्प अर्पित की गई। सर्व प्रथम मशविदा का सुभाष प्रसाद सिंह ने कार्यकर्ताओं के बीच पढ़कर अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि के रूप में मासस के वरीय नेता कॉमरेड हरि प्रसाद पप्पू ने मार्क्सवाद के जीवन संघर्ष को विस्तृत रूप से रखे और कहा कि भारत की राजनीत का भविष्य समाजवादी दिशा ही है।




इसी रास्ते से एक नया और विकसित भारत बन सकता है। चुनावी राजनीत में बड़ीबड़ी राष्ट्रीय पार्टियां लफाजी एवं डपोरशंखी वादों से देश को दिग्भ्रमित कर रही है। मासस जिलाध्यक्ष कॉमरेड बिन्दा पासवान ने कहा कि भारत में समाजवादी क्रान्ति का रास्ता नई दलित क्रान्ति ही है जो कॉमरेड ए.के.राय ने कही है।

गोष्ठी को संबोधित सुभाष चटर्जी, सुभाष सिंह, विजय कुमार पासवान, नरेश पासवान, मायुमो जिला सचिव राणा चट्टराज, विश्वजीत राय, ललिता देवी, राकेश कुमार सिंह, रामलाल दा, बिनोद रवानी, संतोष रवानी, सुरेश पासवान, धर्म बाउरी, भूषण महतो, चौधरी भुईयां, मो.औरंगजेब खान, मो.रियाज अंसारी, भोला रवानी, चन्द्र मोली पाण्डेय, मो.इम्तियाज, जगदीश साव, संजय पासवान सुशांत नायक आदि ने किया।

# कार्ल मार्क्स की जयंती पर सेमिनार आयोजित

**धनबाद (कासं) :** कार्ल मार्क्स ने जैसी दुनिया की दृष्टि प्रदान की है, वैसी दुनिया के लिए संघर्ष को तेज करें। उक्त बातें रविवार को कार्ल मार्क्स की २०६वीं जयंती बीसीकेयू कार्यालय जगजीवन नगर में कार्ल मार्क्स और वर्तमान परिवेश में मजदूर वर्ग की भूमिका पर एक सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जनवादी आंदोलन के साथी गोपी कांत बक्सी ने कहा, उन्होंने कहा कि कार्ल मार्क्स जिनका जन्म ५ मई १८१८ को जर्मन में हुआ था। उन्होंने अर्थनीति, राजनीतिक, दर्शन, इतिहास, संस्कृत, समाजशास्त्र, विज्ञान और अन्य विषयों पर विस्तार से लिखे हैं। उन्होंने वैज्ञानिक समाजवाद की नींव रखी और सर्वहारा वर्ग के आंदोलन के लिए वैज्ञानिक आधार प्रदान किया। कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एंगेल्स द्वारा लिखित कम्युनिस्ट घोषणा पत्र का प्रकाशन फरवरी १८४८ में हुआ था। वहीं १८६७ में मार्क्स की लिखी लोकप्रिय पुस्तक पूंजी का प्रथम खंड का प्रकाशन हुआ था। मजदूर वर्ग को शोषण से मुक्ति का सिद्धांत कार्ल मार्क्स ने दिया, मार्क्सवाद एक वैज्ञानिक दर्शन है मार्क्सवाद हमारे और सामाजिक जीवन में बहुत ही प्रासंगिक है। मौजूदा कॉरपोरेट परस्त केंद्र की मोदी सरकार जो श्रमिकों के तमाम अधिकार, किसानों और आम जनता पर बढ़ते हमले के खिलाफ एक वैकल्पिक सरकार बनाने की जिम्मेदारी मजदूर वर्ग की है। आइए हम सब मिलकर कार्ल मार्क्स को याद करते हुए, सर्वहारा अंतर्राष्ट्रीयवाद की भावना को बुलंद रखना, जनवाद और आजादी के लिए, समाजवाद और साम्यवाद के लिए, लड़ने तथा कार्ल मार्क्स ने जैसी दुनिया की दृष्टि प्रदान की है, वैसी दुनिया के लिए संघर्ष को तेज करने में हम मजदूर वर्ग की भूमिका बढ़ जाती है। सेमिनार को उद्घाटन करते हुए बुद्धिजीवी वर्ग से चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि पूंजीवाद संकट के दौर से गुजर रहा है, इसका विकल्प सिर्फ और सिर्फ मार्क्सवाद ही है, जो वैज्ञानिक समाजवाद की व्यवस्था प्रदान करता है।



सेमिनार को संबोधित करने वालों में सीआईटीयू के जिला महामंत्री साथी राम कृष्णा पासवान, जलेस जिला सचिव साथी अशोक साहू तथा बेफी (बैंक कर्मी) नेता साथी देवाशीष वैद्य मुख्य थे, जबकि सेमिनार की अध्यक्षता मई दिवस आयोजन समिति धनबाद के संयोजक तथा मजदूर कर्मचारी समन्वय समिति धनबाद के कार्यकारी अध्यक्ष साथी हेमन्त मिश्रा ने किया।

सेमिनार में सीटू कोषाध्यक्ष साथी सपन माजी, बीसीकेयू नेत्री मीरा सिंह, जीवन बीमा कर्मचारी से साथी रशु गुप्ता, डीएसएसएम जिला सचिव साथी ओम प्रकाश पासवान के अलावा धर्मेंद्र कुमार, सच्चिदानंद, मिथलेश कुमार, रतन देब, राहुल प्रसाद, अनिल सिन्हा तथा कई अन्य साथी शामिल थे।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# सभी 14 सीटों पर भाजपा गठबंधन की जीत होगी : लक्ष्मीकांत



**गोविंदपुर (ससे) :** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड प्रभारी राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई ने रविवार को कहा कि झारखंड की सभी १४ सीटों पर भाजपा गठबंधन की जीत होगी। उन्होंने कहा कि सभी सीटों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। कमल फूल चुनाव लड़ रहा है। पूरे देश में कहीं भी व्यक्ति विशेष चुनाव नहीं लड़ रहा है।

श्री वाजपेई ने राजविलास रिजॉर्ट कौआबांध में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने शॉल देकर श्री वाजपेई का अभिनंदन किया। श्री वाजपेई ने कहा कि धनबाद में भाजपा की रिकॉर्ड मतों से जीत होगी। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कमल फूल को जीताने में लगे हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए एक-एक घर जाकर कमल फूल में वोट देने की अपील करने का आह्वान किया। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी सुरेश साव, लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार, सिंदरी विधानसभा प्रभारी संजीव अग्रवाल, प्रदेश सदस्य राजकुमार अग्रवाल, जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल, अवधेश साव, राजाराम पासवान, रतिरंजन गिरि, ओम प्रकाश बजाज, दिनेश मंडल, बमबम साव, पप्पू विश्वकर्मा, प्रकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

# निशात नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन



**धनबाद (कासं) :** बंगाली वेलफेयर सोसाइटी और समाजसेवी मुख्तार अहमद के संयुक्त तत्वावधान में वासेपुर के निशात नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर २३ लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। संग्रहित रक्त को एसएनएमएमसीएच के ब्लड बैंक में जमा किया जाएगा, ताकि जरूरतमंद को आसानी से रक्त उपलब्ध हो सके। शिविर के सफल आयोजन में समाजसेवी मुख्तार अहमद, हाजी जमीर आरिफ, तनवीर आलम, आमिश खान, शादाब आलम, मो. शकील, मो. तौसीफ, अली आजम, फहीम खान, जाजेब खान, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के गोपाल भट्टाचार्य, नारायण राय चौधरी, श्यामल राय चौधरी, हिरन्मोय मित्रा, के डी सेनगुप्ता, पियल चटर्जी, ब्लड बैंक के अशोक कुमार शर्मा, संजीव तुरी, शम्भु कुमार साहनी समेत अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# पीडीएस का राशन नहीं मिलने से लाभुकों ने किया हंगामा



**बलियापुर (ससे) :** प्रधानखंता पंचायत के मल्लिकडीह पीडीएस दुकानदार द्वारा लाभुकों को नियमित राशन नहीं दिए जाने से नाराज ग्रामीणों ने पीडीएस दुकान के पास हो हंगामा किया। लाभुकों का कहना है कि ३ माह से उन्हें पीडीएस का राशन नहीं मिल रहा है। दुकानदार पर जनवितरण का सामग्री नियमित नहीं देने का आरोप लगा रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो इसको लेकर जोरदार आंदोलन किया जाएगा। दूसरी ओर पूर्व मुखिया कन्हाई बनर्जी ने अधिकारियों से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग किया है। राशन दुकानदार ने इन आरोपों को बेबुनियाद व मनगढ़ंत बताया। मौके पर शंकुतला देवी, गीता देवी, मानो देवी, रागिनी लया, रूकनी देवी, अमृत लया, बासुदेव मांझी, कालीचरण महतो, श्रवण मांझी, मनभूल मोदक, हेमंत मोदक आदि मौजूद थे।

# झामुमो ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जीताने का लिया निर्णय



**बलियापुर (ससे) :** बलियापुर हटिया चौक में झामुमो की बैठक निर्मल रजवार के अध्यक्षता में हुई इस बैठक में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अनुपमा सिंह को भारी मतों से जीताने का लिया निर्णय, वही निर्मल रजवार ने कहा देश के प्रधानमंत्री मोदी सरकार डीजल, पेट्रोल, खाने की वस्तुएं ४०० पार करने का निर्णय लिया है।

इस बार मतदान करें इंडिया गठबंधन के पक्ष में। देश की जनता ने ठान लिया है भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

मौके पर निर्मल रजवार, ईश्वर मरांडी, गौर मंडल, मुकुल सिंह, प्राण राय, सुदाम रजवार, कदीर अंसारी, आजाद रजवार, ललित महतो, प्रदीप रजवार, मथुर राय, शेख खातिर, निर्मल महतो, विकाश कुमार दास, शेख छोटू, राजेंद्र किसकु, सूरजकांत सोरेन, गुही रामपाल, टार्जन हेंब्रम, धनंजय मंडल, अकबर अली अंसारी, सुदाम कुमार रजवार आदि मौजूद थे।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

**धनबाद (कासं) :** हावड़ानई दिल्ली रेल खंड के तेतुलमारी स्टेशन के समीप रविवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवती की मौत हो गई। जिसके बाद स्टेशन मास्टर ने मामले की जानकारी धनबाद जीआरपी पुलिस को दिया।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि तेतुलमारी स्टेशन के पोल संख्या २८०/४ के समीप रविवार की अहले सुबह एक युवती की ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे युवती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है की लड़की की उम्र १७ से १८ वर्ष होगी। वहीं मामले की सूचना मिलने पर जीआरपी में शव को अपने कैंजे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और युवती की शिनाख्त में जुट गई।

# पुलिस ने किया नकली कोल्ड ड्रिंक मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़

**गोविंदपुर (ससे) :** गोविंदपुर थाना अंतर्गत महुबनी वन पंचायत के टीटी चापुड़ी गांव में गोविंदपुर पुलिस ने रविवार को छापेमारी कर नकली कोल्ड ड्रिंक बनाने की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कई कंपनियों के लोगों ने पुलिस को शिकायत की थी कि उनके नाम का मैंगो फ्रूटी कोल्ड ड्रिंक वहां बनाया जा रहा है। इसी के आधार पर पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने छापेमारी की तो अवैध धंधे का




पर्दाफाश हुआ। पुलिस फैक्ट्री से कोल्ड ड्रिंक जब्त कर थाना लाई है। पुलिस ने मिनी फैक्ट्री के संचालक श्याम मुखोपड़ मंडल एवं उनके पुत्र मनोज मंडल को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। मामले की तहकीकात की जा रही है। पिता पुत्र का कहना है कि उन्होंने बगैर लाइसेंस के कोल्ड ड्रिंक बनाने का धंधा शुरू किया था परंतु नकली पेय पदार्थ नहीं बनाया जा रहा था।

पुलिस का कहना है कि कोचिंग सेंटर की आड़ में यह काम किया जा रहा था। घर के बाहर ज्ञान ज्योति कोचिंग सेंटर का बोर्ड लगा हुआ था। कोल्ड ड्रिंक निर्माण का कोई बोर्ड वहां नहीं लगा था। पुलिस को अंदेशा है कि यहां बड़े पैमाने पर नकली कोल्ड ड्रिंक का निर्माण किया जा रहा था। इस संबंध में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है।

# कांग्रेस व जेएमएम के प्रत्याशियों ने छम्मछम्म देवी से लिया जीत का आशीर्वाद

**जोड़ापोखर (ससे) :** धनबाद के महागठबंधन के कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह एवं गिरिडीह के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने अपनी-अपनी जीत को लेकर रविवार



को झारखंड किन्नर समाज के अध्यक्ष छमछम देवी से उसके जामाडोबा आवास पर मिलकर जीत का आशीर्वाद लिया। इस दौरान महागठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह और मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि छम छम देवी ने हमदोनों को दिल से जीत का आशीर्वाद दी है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के शासन में सिर्फ भाईचारा को तोड़ने की, महंगाई बेरोजगारी बढ़ाने, गिने चुनें उद्योगपतियों का कर्जा माफ करने तथा जुमलेबाजी की गारंटी है। मोदी की जुमलेबाजी से देश के जवान, नौजवान, किसान मजदूर सब परेशान है। देश बदलाव की लहर है। इसलिए महागठबंधन प्रत्याशियों की जीत पक्की होने का दावा किया है। उनका एकमात्र लक्ष्य संसदीय क्षेत्र में रोजगारमुखी विकाश करना है। इस अवसर पर छमछम देवी ने कहा है की धनबाद एवं गिरिडीह में बेरोजगार युवाओं की एक फौज खडी हैं जिसका समाधान करने की जरूरत है।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**जोड़ापोखर (ससे) :** रविवार को एसजीआई हॉस्पिटल अशोक नगर धनसार धनबाद की ओर से जयरामपुर बीसीसीएल के अस्पताल में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ७५ लोगों की आंख की जांच की गई जिनमें १५ मोतियाबिंद के मरीज पाए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी प्रतिमा देवी, बबलू रजक एवं मेवा लाल रजक ने किया। लोगों का जांच आई अस्पताल के डॉक्टर संजय रजक, रवि कुमार सिन्हा, अभिषेक आनंद एवं तन्मय की चार सदस्य टीम की ओर से किया गया।



जांच के बाद डॉक्टर संजय रजक ने बताया कि ६० वर्ष के बाद किसी भी पुरुष या महिला में मोतियाबिंद का लक्षण पाए जाते हैं, लेकिन अभी देखा जा रहा है कि बच्चों में भी यह बीमारी तेजी से फैल रही है। उन्होंने बताया कि खास कर कोलियरी इलाके में आंख के बीमारी के लक्षण अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। यहां का वातावरण सही नहीं है डस्ट एलर्जी है धूलकण से ज्यादा लोग परेशान है इसके अलावा खानपान भी सही नहीं है। उन्होंने कहा कि बच्चे आजकल ज्यादातर मोबाइल चला रहे हैं जिस कारण भी बीमारी हो रही है। लोगों के मुफ्त जांच के बाद कई लोगों को आंख का चश्मा एवं ड्रॉप आंख में डालने की सलाह दी गई जिन लोगों का मोतियाबिंद है उनको अस्पताल की ओर से नि:शुल्क यहां से ले जाएंगे और ऑपरेशन करने के बाद उनको पहुंचाया जाएगा। उनके पास आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं राशन कार्ड होना अनिवार्य है। धूप में निकलने से पहले सनग्लास का उपयोग करें।

कंप्यूटर में भी ग्लास लगाकर काम करने से आंख पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। जानकारी ही बीमारी से बचाव है। ६ माह के अंदर नियमित जांच करते रहे एवं डॉक्टर से सलाह ले हमारा उद्देश्य है ज्यादा से ज्यादा गरीब लोगों के बीच में जाएं और उनको मदद करें। मौके पर सहिया साथी रेखाभट्ट, सहिया रानी देवी, सुनीता देवी, शांति देवी, मनोरमा गुप्ता, रेखा साहनी, सरिता देवी, सुलेखा देवी, उमेश पांडे आदि लोग मौजूद थे।

# छत ढलाई में लोगों ने किया श्रमदान

**बलियापुर (ससे) :** भिखराजपुर मस्जिद बैतूल मुकर्रम की दूसरी मंजिला छत ढलाई निर्माण में दो समुदाय के लोगों ने श्रमदान किया। छत ढलाई सुबह से लेकर देर शाम तक चलता रहा। लोगों की काफी भीड़ रही। भिखराजपुर, बलियापुर, कोनारटांड़, आमझर, लालाडीड, दुधिया, सिंगियाटांड़ समेत कई जिलों के लोग शामिल हुए। देश के अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। मौके पर कांग्रेस नेता शेख गुकू, हाजी असफ अली खान, झामुमो जिला सचिव मन्नू आलम, झामुमो नेता धरनीधर मंडल, मुफ्ती शाहीद, मुफ्ती इम्तियाज, मुफ्ती सलमान कासमी, कारी सलीम, मौलाना आजाद, सदर मुस्ताक आलम,मो फहीम,कारी नूर आलम, हाफिज अमीरुद्दीन,



मो इस्लाम,मो शकील, मो. अमाल, नजीर अहमद, मो. अजीम, नुरुद्दीन, एजाज अहमद, नूर आलम, फकरुद्दीन, अब्दुल रउफ, असगर अली खान, मौलाना शोहराब,अकरम, अमीर, रब्बानी, इरशाद, अब्दुल हक, रहीमुद्दीन, मोइज, इरशाद आदि मौजूद थे।

# जमसं बच्चा गुट ने कांग्रेस प्रत्याशी को जीताने का लिया संकल्प

**जोड़ापोखर (ससे) :** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह कि जीत को सुनिश्चित कराने को रविवार की रात को जियलगोरा सामुदायिक भवन में जमसंघ बच्चा गुट समर्थकों ने सभा कर अनुपमा सिंह को जीताने का संकल्प लिया। संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष उमाशंकर शाही की अध्यक्षता में तथा सचिव मल्लू सिंह के संचालन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए संघ के केंद्रीय संगठन मंत्री हर्ष सिंह ने कहा कि झरिया विधानसभा में विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का काम बोल रहा है। विधायक ने चुनाव में जितने वायदे किए थे वे सारे योजनाएं आज जमीन पर दिख रही है।



उन्होंने कहा कि लोगों को दैनिक जीवन में पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, अस्पताल महत्वपूर्ण है। उक्त सारी योजनाओं का कार्य झरिया में चल रहा है। साल के अंतिम तक झरिया में अस्पताल और घरघर नल से पानी की योजना का कार्य पूरा हो जाने आश्वासन दिया। उन्होंने कहा विधायक के प्रयास से आज हर गली मुहल्ला में सड़क नाली का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि जिस तरह पूर्णिमा सिंह विकास के लिए कार्य कर रही है उसी तरह अनुपमा सिंह भी सांसद बनने के बाद विकास की धारा बहाएगी। इसलिए लोगों के पास दो धारा बह रही है। एक तरफ धनबाद का विनाश है तो दूसरी तरह अनुपमा सिंह एवं पूर्णिमा सिंह के रूप में विकास की धारा बह रही है। इसलिए बिना सोचे कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लें। मौके पर पिंटू तुरी, महीप सिंह, अमरजीत यादव, समरजीत सिंह, फरीद मास्टर, नयन चक्रवर्ती, रजनीश, रामबाबू सिंह आदि थे।

# भारतीय चुनाव प्रक्रिया, दुनिया के लिए विशाल लोकतांत्रिक अधिशेष बनाता है : सीईसी राजीव कुमार

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** पारदर्शिता की संस्कृति को बढ़ावा देने और लोकतांत्रिक देशों के बीच चुनावी कार्य प्रणालियों के उच्च मानकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की परंपरा को ध्यान में रखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम (आईईवीपी) के अंतर्गत २३ देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले ७५ प्रतिनिधि भारतीय आम चुनावों को देखने के लिए भारत में हैं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आज नई दिल्ली में सीईसी राजीव कुमार और ईसी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की उपस्थिति में किया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि भारतीय चुनावी क्षेत्र का योगदान और भारतीय चुनाव आयोग द्वारा किया गया कार्य विश्व लोकतांत्रिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण हिस्सा रखता है। प्रक्रिया और क्षमता के संदर्भ में, जिसे वैध रूप से लोकतांत्रिक अधिशेष कहा जा सकता है, दुनिया भर में लोकतांत्रिक स्थानों के संकुचन या गिरावट की बढ़ती चिंताओं में बहुत महत्वपूर्ण है। श्री कुमार ने कहा कि भारतीय चुनाव क्षेत्र अद्वितीय है, क्योंकि न तो चुनावी पंजीकरण अनिवार्य है और न ही मतदान अनिवार्य है।

# 29 जून से शुरू होगी 52 दिन की अमरनाथ यात्रा

**अनंतनाग (ईएमएस) :** कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। बर्फ का शिवलिंग करीब ८ फीट ऊंचा है। इस शिवलिंग के दर्शनपूजन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु अमरनाथ आते हैं। इस बार यात्रा २९ जून से शुरू होगी जो करीब ५२ दिन चलेगी। २९ अगस्त को रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन १५ अप्रैल से शुरू हो गए हैं। जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। १३ से ७० साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं। यात्रा के लिए १५ अप्रैल से ऑन लाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन के लिए श्राइन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं।

# चॉकलेट का लालच देकर मासूम से दुष्कर्म, बुजुर्ग गिरफ्तार

**ठाणे (ईएमएस) :** मासूमों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं आम होती जा रही है। आए दिन मासूमों के साथ दरिंदगी के मामले सामने आते रहते हैं। ऐसा ही एक मामला महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सामने आया यहां एक ७२ साल के बुजुर्ग ने ९ साल की मासूम को चॉकलेट का लालच देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बच्ची कुछ खरीदारी करने के लिए कल्याण इलाके में स्थित एक बेकरी की दुकान पर गई थी। बेकरी चलाने वाले ७२ साल आरोपी ने बच्ची को चॉकलेट का लालच दिया और उसे अपनी दुकान के अंदर ले गया जहां उसने कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने बच्ची को धमकी दी कि अगर उसने इसके बारे में अपने मातापिता या किसी को बताया तो वह उन्हें मार देगा। पुलिस ने बताया कि बच्ची ने बाद में अपने मातापिता को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने एक मई को आरोपी के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया और शनिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया।

# चायवाले ने शाही परिवार की कुप्रथा तोड़ी : पीएम मोदी

**इटावा/सीतापुर (ईएमएस) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इटावा में रैली को संबोधित किया। पीएम ने मंच से मुलायम सिंह को याद किया। साथ ही शिवपाल यादव की चुटकी भी ली। पीएम ने कहा कि २०१९ के चुनाव के पहले की बात है, जब संसद का सत्र चल रहा था। नेताजी ने संसद में कहा कि मोदी जी आप तो दोबारा जीतकर आने वाले हैं। नेताजी हमारे बीच नहीं है, लेकिन संयोग से उनके सगे भाई (शिवपाल यादव) भाजपा को जीताने की अपील कर रहे हैं। उनके दिल की बात जुबान पर आ ही गई।

पीएम ने गांधी परिवार पर भी निशाना साधा। कहा-शाही परिवार का वारिस ही मुख्यमंत्रीप्रधानमंत्री बनें, यह कुप्रथा इस चायवाले ने तोड़ दी है। ५ साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार चुनाव के समय मंदिरमंदिर घूम रहा था। कांग्रेस के शहजादे ने कोट के ऊपर जनेऊ पहन लिया था, लेकिन इस बार मंदिर के दर्शन बंद है। मैं छोटी काशी की इस धरती से सवाल उठा रहा हूं कि क्या सत्ता में आए तो राम मंदिर को भी अस्पताल बना दोगे? क्या काशी विश्वनाथ पर भी बुलडोजर चलाओगे? १० साल में बहुत विकास कार्य हुए हैं। मोदी बड़े सपने लेकर चलता है। अब तक हो हुआ है। वह ट्रेलर है। अभी तो बहुत काम करना है। इस देश का एक भी इंसान ऐसा नहीं होगा कि जो कहे कि मोदी की सरकार आई और मुझे कुछ नहीं मिला। मुझे इतना काम करना है। मुझे केले के तने से फाइबर बनाने वाली बहनों को मजबूत करना है।

वह कह रहे हैं कि मोदी जो मुफ्त राशन दे रहा है। गरीबों के घर का चूल्हा जलता रहे। मोदी की गारंटी है ये योजना जारी रहेगी। गरीब का बच्चा भूखा नहीं सोना चाहिए। यह कहते हैं कि हम इस योजना को भी खत्म कर देंगे। मोदी ने जो ट्रेन शुरू की है। उसको भी बंद कर देंगे।

आज मैं सपा कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले कहते हैं कि धारा३७० को वापस लाएंगे। ये लोगों ने अंबेडकर का ऐसा अपमान किया है। बाबा साहब ने संविधान पूरे हिंदुस्तान के लिए बनाया था। लेकिन कांग्रेस ने पूरे देश में संविधान लागू नहीं किया। वह ओबीसी को आरक्षण नहीं मिला था।

इनकी नजर आपकी मकान, घर में रखे जेवर, नकद, मायके से जो स्त्रीधन लाई है। इन पर सपाकांग्रेस की नजर है। इन्होंने कहा है कि आपके पास जो है उसका एक्सरे निकालेंगे। मैंने कांग्रेस का एक्सरे निकाल दिया है। आपके पास जो अतिरिक्त संपत्ति है उसे लूट देंगे। कहते हैं संपत्ति लेकर बांटेंगे। किसको बांटेंगे। पीएम मनमोहन ने कहा था कि हमारे देश की संपत्ति पर पहला हक मुसलमान को है।

# दूरबीन विधि द्वारा घुटने का सफल ऑपरेशन और उपचार



**बोकारो (ससे):** बोकारो जनरल हॉस्पिटल ने आज एक अत्यधिक महत्वपूर्ण और इतिहास रचनेवाला कार्य किया है, जिसमें एक अत्यंत जटिल घुटना चोट का सफलतापूर्वक दूरबीन ऑपरेशन किया गया है। यह ऑपरेशन बोकारो में पहली बार हुआ है और इसने स्थानीय चिकित्सा क्षेत्र में नई उम्मीदें जगाई हैं।

यह चोट एक कम उम्र के वायक्ति को ऊंचाई से गिरने के कारण लगी थी जिसमें उनके घुटने कि विभिन्न लिगामेंट टूट गए थे। दुसरे मरीज़ की चोट घुटने के मुढने कि वजह से गद्दे फट गए थे। इन दोनो मरीजों के ऑपरेशन की प्रक्रिया में चिकित्सकों ने दूरबीन तकनीक का उपयोग किया गया। चोट के इलाज में दूरबीन तकनीक का प्रयोग करने से चिकित्सको ने छोटी सी चीरों के माध्यम से घायल स्थान को पहुंच विभिन्न लिगामेंट्स का पुनः निर्माण किया है ।

इन ऑपरेशनो का मुख्य उद्देश्य एक गंभीर घायल घुटने का संरक्षण के साथ-साथ, घायल घुटना के विभिन्न लिगामेंटों को पुनः स्थापित करना था। यह ऑपरेशन चिकित्सकों के लिए चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि चोट का स्थान अत्यंत संकीर्ण था और उसमें कई लिगामेंट्स और गद्दे प्रभावित थीं।

इन ऑपरेशनो के परिणाम सकारात्मक हैं और रोगी की स्थिति में सुधार देखा गया है। इसके बाद, बोकारो के लोगों को रांची या कोलकाता जाने की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि बोकारो जनरल हॉस्पिटल में अब उन्हें घुटना संबंधी जटिल ऑपरेशन के लिए उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध हैं।

इस सफल आपरेशन में बीजीएच के विभिन्न चिकित्सक डॉ देवेंद्र कुमार,डॉ वीरेंद्र कुमार,डॉ विशाल मिश्रा,डॉ विभोर शर्मा, डॉ सुरेंद्र, डॉ प्रभात , डॉ सुमित कुमार,डॉ प्रितपाल एवम अन्य जूनियर चिकत्सको के अथक प्रयास से संभव हो पाया है।

इस सफल आयोजन में बोकारो जिले के अन्य हड्डी रोग विशेषज्ञय डॉ रणबीर सिंह, डॉ ए.के. सिंह, डॉ आलोक की उपस्थिति और उनके विचारों और नवीनतम विधियों का पटल पर चर्चा हुई , जिससे जिले के मरीजों को अधिकाधिक लाभ हो सके। निश्चेतना विभाग के डॉ ए.के. दाम और उनकी टीम के सदस्य तथा श्रीमती बीना और श्रीमती अनिता ने बड़ चढ़ कर आयोजन में सहयोग दिया।

यह सफल आयोजन बीजीएच के चीफ मेडिकल ऑफिसर श्री डॉ विभूति करुणामय एवम हड्डी रोग विभाग के इंचार्ज डॉ एम.एम. कुमार के मार्गदर्शन मे सम्पन्न किया गया। हमारे राज्य की राजधानी से आए डॉ आयान कुमार ने अपनी दक्षता और विभिन्न नई विधियों का प्रदर्शन इस लाइव टेलीकास्ट आपरेशन के दौरान किया। उनकी द्वारा उधृत विचार से इस बात पर सहमति बनी की इस प्रकार की चोटें आज के दौड़ भाग के जीवन मे आम होती जा रहीं है जिसके लिए चिकित्सको को भी नई उपकरणों और विधियों को आत्मसात करने की ज़रूरत बड़ती जा रही है।

बोकारो ऑर्थोपेडिक्स सोसायटी एवम झारखंड ऑर्थोपेडिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में यह एक बहुत ही सफल आयोजन रहा जिसमे झारखंडयह ऑर्थोपेडिक्स एसोसिएशनक के सेक्रेटरी डॉ निर्मल कुमार ने भी अपने विचारों को इस आयोजन के पटल पर रखा।

अंत में ये बताते चले कि ये दोनो मरीजों का प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत आपरेशन किया जा रहा है जो बोकारो जनरल हॉस्पिटल एवम बोकारो स्टील प्लांट के संकल्प को दर्शाती है, तथा अपने प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई स्तरों को हासिल करने का प्रतिबद्ध है।

# डीपीएस बोकारो में विद्यार्थियों ने सीखे टेराकोटा शिल्पकला के गुर



**बोकारो (ससे):** विद्यार्थियों को अपनी गौरवशाली संस्कृति, परंपरा और कलात्मक धरोहरों से अवगत कराने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में शनिवार को एक विशेष कार्यशाला 'कलाकृति' आयोजित की गई। इस अवसर पर राजकीय सम्मान से नवाजे जा चुके पश्चिम बंगाल के जाने-माने टेराकोटा शिल्पकार बरेन कुंभकार मुख्य रूप से आमंत्रित थे। पंचमुरा (प.बं.) से पहुंचे श्री कुंभकार ने कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को टेकारोटा कला की बारीकियों से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि टेराकोटा आर्ट तैयार करने के लिए तीन तरह की मिश्रित, लवण-रहित और उच्च ताप-सहन क्षमता वाली मिट्टी की आवश्यकता होती है। उन्होंने ऑन द स्पॉट भगवान गणेश, हाथी, शंख, घोड़ा सहित कई कलाकृतियां बनाकर बच्चों को अलग-अलग समूहों में इसका व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। चाक घुमाना, मिट्टी को गढ़ना और सनी हुई मिट्टी से टेराकोटा आर्ट तैयार करना बच्चों के लिए यादगार अनुभव रहा। विद्यार्थियों ने स्वयं में छिपी कलाकृति को मिट्टी से आकार देकर अपनी प्रतिभा दिखाई। श्री कुंभकार ने बच्चों के कलात्मक विकास की दिशा में डीपीएस बोकारो द्वारा किए गए इस आयोजन को काफी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कला के क्षेत्र में भी करियर की असीम संभावनाएं हैं।

इसके पूर्व, विद्यार्थियों को एक प्रस्तुतीकरण के जरिए टेकारोटा शिल्पकला के इतिहास, इसके विस्तार, क्षेत्रवार इसकी विशेषता तथा पुराने समय से लेकर अबतक मंदिरों व अन्य संरचनाओं के निर्माण में इसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। अनुभव आधारित शैक्षिक कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने बच्चों के कौशल-विकास में इसे अहम बताया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विविधता भारत की अनूठी पहचान व धरोहर है और बच्चों में अपनी संस्कृति-परंपरा और लोक कलाओं के प्रति सजगता आवश्यक है।

यह उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है। टेराकोटा मिट्टी कला पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारत की माटी के कण-कण में कलात्मक विरासत छिपी हुई है, जिसे जानना और संजोए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास को लेकर कटिबद्ध रहा है। इस प्रकार के आयोजन आगे भी होते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने जहां बरेन कुंभकार को विद्यालय की तरफ से स्मृति-चिह्न दिया, वहीं बरेन ने भी प्राचार्य डॉ. गंगवार को टेराकोटा शिल्प से तैयार स्वनिर्मित मां दुर्गा की सुंदर कलाकृति भेंट की।

# गिरिडीह लोस से दो प्रमुख उम्मीदवार आज करेंगे नामांकन

**गिरिडीह (ससे):** भीषण गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर भी चुनावी तपिश बढ़ती जा रही है। कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन समाप्त होने के बाद गिरिडीह लोकसभा को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। सोमवार को गिरिडीह लोकसभा से दो प्रमुख दलों के प्रत्याशी बोकारो में नामांकन करेंगे। राजग गठबंधन से जहां वर्तमान सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ बोकारो समाहरणालय पहुंचेंगे और नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस बाबत आजसू के जिलाध्यक्ष गुड्डु यादव ने बताया कि एनडीए प्रत्याशी श्री चौधरी के नामांकन में शामिल होने के लिए गिरिडीह से भी सैंकड़ो भाजपा, आजसू व लोजपा कार्यकर्ताओं का काफिला सोमवार की सुबह बोकारो के लिए रवाना होगा। कहा कि श्री चौधरी का नामांकन में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक शामिल होंगे।

वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन से टुंडी विधायक मथुरा महतो गिरिडीह लोकसभा से नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस दौरान गिरिडीह शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से काफी संख्या में झामुमो कार्यकता बोकारो जायेंगे और मथुरा प्रसाद महतो के नामांकन में शामिल होंगे। इस दौरान बोकारो सामहरणालय में काफी गहमागहमी का भी माहौल होगा। जिसे देखते हुए बोकारो जिला प्रशासन के द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है।

## निर्दलीय प्रत्याशी अधिवक्ता अवधेश सिंह गिरफ्तार

**गिरिडीह (ससे):** लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड के गिरिडीह में एक और प्रत्याशी को गिरफ्तार कर लिया गया है। ये गिरफ्तारी रविवार सुबह बरगंडा आरके महिला कॉलेज रोड के पास स्थित आवास पर अधिवक्ता अवधेश कुमाए सिंह की हुई है, जो कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। उसी सीट से कल्पना सोरेन भी इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार है।

जबकि भाजपा की तरफ से दिलीप वर्मा मैदान पर हैं। ज्ञात हो कि कल रांची लोकसभा सीट से जेबीकेएसएस के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो भी गिरफ्तार कर लिये गये थे।

# आदिवासी महिलाओं की बेटी बनने के प्रयास में कल्पना

**गिरिडीह (ससे):** गांडेय के रण से राजनीतिक में पहली बार किस्मत आजमा रही इंडि गठबधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन अब क्रिकेट के पिच पर फोम में नजर आ रही है। शनिवार को पहले जहां उत्सव उपवन में कल्पना सोरेन ने गांडेय के १५ पंचायत के ६८ गांव के आदिवासी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। और उनसे सीधा संवाद कायम किया। इस दौरान उत्सव उपवन में कल्पना ने प्रतिनिधियो से उनकी परेशानियों को समझा, और कहा कि बहुत अच्छे हालात नहीं है आदिवासी समुदाय के। उनके जीवन स्तर को सुधारना जरुरी है। उत्सव उपवन में आदिवासी प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद कल्पना सोरेन इसके बाद गांडेय और बेंगाबाद के महुआर दुर्गा मंडल पहुंची। जहां स्थानीय लोगों से मिली, और उनसे रुबरु हुई।

इसके बाद कल्पना सोरेन ने करीब दर्जन भर गांवो का भ्रमण की। और ग्रामीणों से सीधा संवाद कायम किया। कई स्थानों पर इंडि गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन का स्वागत भी गर्मजोशी के साथ किया गया। लेकिन आदिवासी महिलाओं में कल्पना सोरेन को लेकर एक उत्साह का माहौल रहा। लिहाजा, आदिवासी महिलाओं ने पांरपरिक तरीके के साथ उनका स्वागत भी की। इस दौरान उनके साथ राज्यसभा सांसद डा. सरफराज अहमद समेत झामुमो के कई नेता मौजूद थे।

## पीएम मोदी ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया : केन्द्रीय मंत्री

**गिरिडीह (ससे):**भाजपा के कोडरमा चुनाव प्रबंधन समिति के कोर कमेटी की बैठक शनिवार को गिरिडीह के तुलसी भवन स्थित प्रधान कार्यालय में हुआ। भाजपा के इस कोर कमेटी के बैठक में केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी शामिल हुई। वहीं बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा, कोडरमा विधायक डा. नीरा यादव और जिला परिषद् अध्यक्ष सह भाजपा नेत्री मुनिया देवी भी शामिल हुई। लेकिन भाजपा के इस कोर कमेटी के बैठक में केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस दौरान कांग्रेस, और वामपंथी दलों पर जमकर भड़की। और कहा कि चीन और आपातकाल का समर्थन करने वाले ऐसे दलों को संविधान और लोकतंत्र बचाने की बात करना शोभा नहीं देता। क्योंकि १९६२ के युद्ध में देश के यही वामपंथी दलों ने ही खुलकर चीन का समर्थन किया था। और अब ये लोकतंत्र बचाने की बात दुहाई देते है। केन्द्रीय मंत्री इस दौरान कांग्रेस के मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति पर भी जमकर बरसी, और कहा कि अब चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस हर तरह के हथकंड़े अपनाने से भी गुरेज नहीं करेगी।

# निर्दलीय उम्मीदवार ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**डुमरी (ससे):**प्रखंड के बेरहा सूईयाडीह पंचायत के मुखिया व क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता सह गिरिडीह लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार सुबोध यादव रविवार को डुमरी प्रखंड के मंझलाडीह, कोल्हुवा, मंगलूआहार, बेरगी एवं बासोकांडो का दौरा कर लोगों से संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।जनसंपर्क करने के बाद सुबोध यादव ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के हर वर्ग के मतदाताओं का समर्थन उन्हें मिल रहा है और यदि वह लोकसभा का चुनाव जीतते हैं तो बेरोजगारों, युवाओं, मजदूरों, किसानों, शोषितों वंचितों का आवाज संसद में उठाकर उनके समस्याओं का समाधान करने का काम करेंगे साथ ही महिला सुरक्षा,स्वास्थ्य,शिक्षा, पेयजल में सुधार और पलायन पर रोक,सरकारी दफ्तरों में हावी अफसरशाही व बिचौलियों पर अंकुश लगाना प्राथमिकता रहेगी जबकि उनका सादा जीवन पारदर्शी जीवन और सबको सम्मान की नीति पर वह काम करेंगे।

# सभागार कक्ष में सभी कोषांग की समीक्षा बैठक आयोजित

**गिरिडीह (ससे):** ०५ कोडरमा/०६ गिरिडीह लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ व ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव २०२४ के निमित्त आज समाहरणालय सभागार कक्ष में सामान्य प्रेक्षक महोदय, आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में ०५ कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र तथा ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव २०२४ के निमित्त सभी कोषांग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, ०५ कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र, सभी वरीय पदाधिकारी/ नोडल पदाधिकारी/ प्रभारी पदाधिकारी/ सहयोगी पदाधिकारी, सभी कोषांग, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी अंचलाधिकारी, गिरिडीह जिला समेत निर्वाचन के अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा सामान्य प्रेक्षक महोदय को पीपीटी के माध्यम से ०५ कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र तथा ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव २०२४ के निमित्त सभी कोषांग द्वारा की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक महोदय, श्री आलोक कुमार सिंह के द्वारा सभी विधानसभावार बारी-बारी से समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को सुनियोजित तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं सामान्य प्रेक्षक ने सभी कोषांगों का समीक्षा करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त निर्वाचन को लेकर अधिकारियो को कई बिंदुओं पर निर्देश दिया। उन्होंने सभी कोषांग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य के लिए उपलब्ध इवीएम व वीवीपैट की संख्या, सी- विजिल, इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम, एफएसटी, वीएसटी व वीवीटी की संख्या की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा उन्होंने ०५ कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र तथा ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव के मतदाताओं की संख्या तथा जेंडर रेशियो की जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा सामान्य प्रेक्षक के द्वारा सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप का वितरण जल्द से जल्द सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

साथ ही उन्होंने कहा कि अपने बीएलओ को निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी जानकारी से अवगत कराएं। इसके साथ ही सामान्य प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर एएमएफ की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित हो, ताकि मतदाताओं व मतदान कर्मियों को कठिनाई न हो। सामान्य प्रेक्षक ने मतदान के दिन व्हीलचेयर की उपलब्धता, प्रशिक्षण कोषांग द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण से जुड़ी जानकारी, वाहन कोषांग के तहत वाहनों की पर्याप्त उपलब्धता, सामग्री व आइटी कोषांग द्वारा की गयी तैयारियों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त किया।

सामान्य प्रेक्षक ने मीडिया कोषांग के समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया कि प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का सोशल मीडिया में फेक न्यूज व पेड न्यूज का सतत अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने एमसीएमसी कोषांग के तहत किया जा रहे कार्यों की भी जानकारी प्राप्त किया तथा व्यय एवं अनुश्रवण कोषांग के नोडल अधिकारी को निर्देश किया कि निर्वाचन से संबंधित सभी तरह के व्यय पर नजर रखें।

इसके अलावा उन्होंने सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ०५ कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र तथा ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव के अंतर्गत सभी क्रिटिकल बूथों, क्लस्टर, पोलिंग स्टेशन आदि का भ्रमण कर वहां आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को बहाल करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण कर वहां सारी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही वहां शौचालय, पेयजल की उपलब्धता, बिजली की व्यवस्था, मोबाइल चार्जिंग आदि व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखेंगे। इसके अलावा उन्होंने मॉकपोल की व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली तथा सभी संबंधित अधिकारियों को कम्युनिकेशन को बेहतर रखने का निर्देश दिया। साथ ही कंट्रोल रूम को अलर्ट मोड में रखने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में मशीनरी का बहुत महत्वपूर्ण रोल होता है, इसलिए सभी मशीनरी को सुव्यवस्थित रखेंगे तथा उसके लिए एक अलग से टीम गठित कर उसके कार्य को दुरुस्त करेंगें। इसके अलावा उन्होंने आईटी सेल को सक्रिय रहने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने मास्टर ट्रेनरों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की की जानकारी ली तथा सारी व्यवस्थाओं को स-समय दुरुस्त करेंगे।

_विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ के तहत ०५ कोडरमा लोकसभा का मतदान २० मई तथा ०६ गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान २५ मई २०२४ को होना है। इसके साथ ही ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि २० मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### तीसरे चरण में 12 राज्यों के---

चरण में होना है। इनमें मैनपुरी से डिंपल यादव, बदायूं से शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव और फिरोजाबाद से प्रोफेसर राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव शामिल हैं। भाजपा के बड़े चेहरों में एटा से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह, बरेली से पूर्व राज्य मंत्री छत्रपाल गंगवार, मैनपुरी से पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह, हाथरस से राजस्व राज्य मंत्री अनूप वाल्मीकि व आगरा से केंद्रीय राज्य मंत्री और मौजूदा सांसद एसपी सिंह बघेल शामिल हैं। मप्र में मुरैना, भिंड (अजा), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और बैतूल (अजजा) लोकसभा क्षेत्रों में ७ मई को मतदान होना है। सात मई को होगा मतदान- अगर इंटरनेट मीडिया पर प्रचार-प्रसार के लिए किसी तरह की पोस्ट, वीडियो या संदेश अपलोड किया या उसे फारवर्ड किया, तो उसका पता जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मानिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) लगाएगी। इसके लिए साइबर सेल की मदद ली जाएगी। इस बार भी मतदान का समय सुबह ७ बजे से शाम छह बजे तक रहेगा। तीसरे चरण में यहां पड़ेंगे वोट- असम: धुबरी, कोकराझार, बारपेटा, गौहाटी बिहार: झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगड़िया पश्चिम बंगाल: मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर, मुर्शिदाबाद उत्तर प्रदेश: संभल, हाथरस, आगरा (एससी), फ़तेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला, बरेली।

### अगर संदेह है तो---

माउंटेड पुलिस के मुताबिक, तीन भारतीय आरोपियों की पहचान २८ साल के करणप्रीत सिंह, २२ साल के कमलप्रीत सिंह और करण बराड़ के तौर पर हुई है. तीनों को अल्बर्टा के एडमॉन्टन इलाके से गिरफ्तार किया गया. उन पर हत्या के साथ-साथ हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है.

### नूपुर शर्मा से टी राजा सिंह---

नेता उपदेश राणा, नूपुर शर्मा और सुदर्शन चैनल के हेड सुरेश चह्वाण थे। पकड़े गए आरोपी के वाट्सएप चैट के मुताबिक जल्द ही वह इसकी शुरुआत गुजरात के सूरत से उपदेश राणा की हत्या के साथ करने वाले थे। आरोपी ने हिंदूवादी नेता उपदेश राणा को धमकाया था और हत्या के लिए एक करोड़ रुपए की सुपारी मिली थी। पुलिस की जांच में पता चला है कि आरोपी ने भारत के राष्ट्रध्वज के साथ भी छेड़छाड़ की थी। आरोपी ने सोशल मिडिया के माध्यम से पाकिस्तान, वियतनाम, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, लाओस देश से हथियार भी मंगवाने के लिए संपर्क किया था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी एक साथ इन सभी नेताओं की हत्या करने की प्लानिंग में था, जिसकी शुरुआत गुजरात के सूरत से होने वाली थी। पुलिस को शक है कि आरोपी चुनाव के पहले हत्या की साजिश रचकर देश में माहौल खराब करना चाहते थे। इसलिए तत्काल में गंभीर घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। पकड़े गए आरोपी को पाकिस्तान से जल्द ही हथियार मुहैया कराया जाना था, लेकिन इसके पहले ही आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### भारत को पीओके पर---

वे भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं और हम ऐसा नहीं होने देंगे। पुलवामा आतंकवादी हमले के जवाब में फरवरी २०१९ में भारत ने पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर हमला करने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव पैदा हो गया है। भारत द्वारा ५ अगस्त, २०१९ को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने की घोषणा के बाद संबंध और भी खराब हो गए। भारत का कहना है कि वह पाकिस्तान के साथ पड़ोसी देशों की तरह सामान्य संबंध रखना चाहता है लेकिन इसके लिए आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त माहौल बनाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है।

### प्रधानमंत्री ने अयोध्या में---

इसके पहले मोदी ने राम मंदिर में भगवान श्री रामलला का दर्शन पूजन किया और पूरी तरह लेटकर आशीर्वाद मांगा। मोदी मंदिर में करीब १५ मिनट रहे और इस दौरान मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने पूजन और आरती भी की। रोड शो के लिए मोदी का रथ जैसे ही आगे बढ़ा नारों से वातावरण गूंज उठा। जय श्री राम, हर हर मोदी-घर घर मोदी, फिर से मोदी सरकार-अबकी चार सौ पार जैसे नारों के बीच उमड़ी भीड़ ने मोदी पर फूलों की बारिश कर दी। उनके स्वागत में जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। बाल कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। साधु संत भी सड़क के किनारे खड़े होकर मोदी के स्वागत में उत्साहित दिखे। मोदी के स्वागत में बच्चे, बड़े और महिलाएं भी मौजूद रहीं। पीएम मोदी के अयोध्या दौरे को खास बनाने के लिए भाजपा की तरफ से जमकर तैयारी की गयी थी। रोड शो के दौरान पीएम मोदी पर जगह-जगह पर पुष्प वर्षा की गयी। पिछले चार महीनों में अयोध्या में पीएम मोदी का यह दूसरा रोड शो है। इससे पहले उन्होंने महर्षि बाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लोकार्पण के दौरान भी भव्य रोड शो किया था। इस दौरान बड़ी संख्या में भीड़ उनकी एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़ी थी।

### पुंछ में आतंकी हमले को---

जनता पार्टी को फायदा पहुंचाने के लिए हैं। जब भी चुनाव होते हैं, तो ऐसे स्टंट खेले जाते हैं, जैसा कि पिछली बार हुआ था। २०१९ के पुलवामा हमले में सीआरपीएफ के ४० जवानों की मौत हो गई थी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने चन्नी के इस बयान पर कहा, यह एक घटिया बयान है। यह उनकी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, सेना को मजबूत करने के बजाय उन्होंने १० साल तक दलाली की। पुलवामा के बाद हमने सर्जिकल स्ट्राइक की। संसद हमले के आरोपियों की फांसी रोकने के लिए इन लोगों ने रात २:३० बजे सुनवाई की, लोग अक्साई चिन को भी नहीं भूलेंगे।

### हिंद महासागर में तीसरे---

महासागर में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में भारत की ओर से किया गया दूसरा प्रयास है। फिलीपींस के राष्ट्रपति के कार्यालय की ओर से कहा गया है कि, राष्ट्रपति मार्कोस ने फिलीपींस में भारत की अडानी पोर्ट की विस्तार योजनाओं का स्वागत किया। इसके जरिए फिलीपींस कृषि उत्पादों को संभालने वाले बंदरगाहों पर ध्यान केंद्रित कर सकता है ताकि फिलीपींस को अंततः विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाया जा सके। गौरतलब है कि फिलीपींस और चीन में पिछले दिनों कई मौकों पर चीन सागर में टकराव के हालात बने हैं। इस बीच, भारत और फिलीपींस में रक्षा संबंध तेजी से मजबूत हुए हैं। हाल में ही भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की डिलीवरी की है। इसके अलावा भारत ने एएलएच मार्क तीन हेलीकॉप्टर और अन्य हथियारों की खरीद का भी ऑफर दिया हुआ है। अब इसी बीच भारत ने फिलीपींस के एक बंदरगाह को लीज पर लेने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके पूर्व मार्च में ही भारत ने म्यांमार के सिटवे में एक बंदरगाह संचालित करने का अधिकार हासिल कर लिया था। भारत के विदेश मंत्रालय ने कालादान नदी पर स्थित पूरे बंदरगाह के संचालन को संभालने के लिए इंडिया पोट्र्स ग्लोबल (आईपीजीएल) के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इंडिया पोट्र्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) और दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट (तत्कालीन कांडला पोर्ट ट्रस्ट) के बीच एक संयुक्त उपक्रम है। जहाजरानी मंत्रालय ने वर्तमान में आईपीजीएल को ईरान के चाबहार बंदरगाह पर कंटेनर और बहुउद्देश्यीय टर्मिनलों के उपकरण और संचालन का काम सौंपा हुआ है।चीन को घेरने की रणनीति में भारत के प्रयासों को अमरीका और जापान के हिंद महासागर में सक्रियता बढ़ाने संबंधी हालिया सुरक्षा समझौतों से भी बल मिला है।

# झारखंड का मंडल डैम बना चुनावी मुद्दा पक्ष-विपक्ष मढ़ रहे एक दूसरे पर आरोप



**गढ़वा (झारखंड) (ससे):** लोकसभा चुनाव के दो चरणों का मतदान हो चुका है। तीसरे चरण का मतदान ७ मई को होना है। इस चुनाव में राजनीतिक पार्टियां एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रही है। इसी बीच चुनाव के दौरान झारखंड के मंडल डैम का मुद्दा उभरकर सामने आया है। इसको लेकर पक्ष-विपक्ष एक दूसरे पर आरोप मढ़ रहे हैं।

इंडिया गठबंधन के नेता ने मंडल डैम का पीएम नरेंद्र मोदी पर झूठा शिलान्यास करने का आरोप लगाया है, तो वहीं पलामू से बीजेपी प्रत्याशी ने प्रदेश सरकार पर उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया। साल २०१९ में पीएम मोदी ने मंडल डैम का शिलान्यास किया था, लेकिन आज तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। अब झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पार्टी इसे मुद्दा बनाकर लोकसभा चुनाव मे जनता के बीच जा रही है।

झामुमो ने पीएम मोदी से झारखंड दौरे पर आने पर मंडल डैम पर सवाल कर रही है। तो वहीं बीजेपी ने इसे प्रदेश सरकार की साजिश बताया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव और मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि पीएम मोदी पलामू की धरती पर आए और मंडल डैम का जिक्र तक नहीं किया। आखिरी क्या वजह रही कि पांच सालों में अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया? यहां की जनता तो पूछेगी मंडल डैम कहां है। पलामू लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार विष्णु दयाल राम ने राज्य सरकार उपेक्षा का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने तो राशि उपलब्ध करा दी है, लेकिन क्या वजह है कि ये रैयतों को मुआवजा नहीं दे रहे हैं? वहां के विस्थापित को दस-दस लाख रुपए मुआवजा देना है तो ये क्या कर रहे हैं? इन्हें सिर्फ केंद्र की योजनाओं को लटकाना आता है। हमारी सरकार बनेगी तो हम इसे प्राथमिकता से बनवाएंगे।

## व्यय प्रेक्षक एस आर नेदुमारन सिमडेगा पहुँचे

**सिमडेगा(ससे):** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर व्यय गतिविधियों के आकलन के लिए व्यय प्रेक्षक एस आर नेदुमारन रविवार को सिमडेगा पहुँचे। उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का परिभ्रमण किया। साथ ही चुनाव व्यय अनुश्रवण टीम के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यय अनुश्रवण के लिए चिह्नित सभी संस्थाएं आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के मद्देनजर उन्होंने अनाधिकृत व्यय को रोकने, अवैध शराब, नकद राशि, उपहार, ड्रग्स आदि के लेनदेन पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राज कुमार आनंद आप पार्टी छोड़ने के बाद अब बसपा में हुए शामिल

**नई दिल्ली (ईएमएस):** लोकसभा चुनाव २०२४ के बीच नेताओं का पार्टी बदलने का सिलसिला जारी है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी को एक बड़ा झटका लगा है। राज कुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वहीं आप छोड़ने के बाद अब उन्होंने बहुजन समाज पार्टी का दामन थाम लिया है।

बसपा पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने कहा कि आज मुझे अहसास हो रहा है कि मैं अपनी पार्टी में आ गया हूं। बीएसपी में शामिल होने के बाद आप के पूर्व नेता राज कुमार आनंद ने कहा, मैं बीआर अंबेडकर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. आज मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं अपनी ही पार्टी में शामिल हो गया हूं। मायावती के नेतृत्व वाली पार्टी बीएसपी में शामिल होने के बाद राज कुमार आनंद ने कहा, १९८५ से लेकर १९८८-९० तक बहन मायावती जी और मान्यवर काशीराम जी मेरी दुकान पर कभी कभी बैठा करते थे। मेरी इसी रोड पर पहले दुकान हुआ करती थी।

उस वक्त जब हमारी ग्रोइंग एज थी, तब वो मुझे सिखाया करते थे और वो सब बातें हमने महसूस की। हालांकि २०१३ में जब अरविंद केजरीवाल जी आए तो उन्होंने कहा कि राजनीति बदलेगी तो देश बदलेगा। हम अपने कई साथियों के साथ उनके साथ हो लिए थे। उससे पहले हम बहन जी के साथ ही जुड़े हुए थे।

राज कुमार आनंद ने कहा कि वो हमारा दु:स्वप्न रहा है। हम अरविंद केजरीवाल के साथ जुड़े तो जरूर लेकिन राजनीति नहीं बदली लेकिन राजनेता को बदलते हुए हमने जरूर देखा। मालूम हो कि आम आदमी पार्टी पर कई संगीन आरोप लगने के बाद राज कुमार आनंद ने अरविंद केजरीवाल की पार्टी को छोड़ने का फैसला लिया और अब बीएसपी का दामन थाम लिया है। आम आदमी पार्टी में राज कुमार आनंद की पहचान एक दलित नेता के तौर पर थी।

## पुलिस ने किया 5 ट्रैक्टर अवैध बालू जब्त

**लोहरदगा (ससे):** लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र सीठियो कोयल नदी से ५ ट्रैक्टर को ज़ब्त किया गया है । बालू माफियाओं द्वारा रविवार को बालू का खनन कर परिवहन किया जा रहा था जिसकी सूचना जिले के पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा को मिलने पर जिला पुलिस बल और प्रशिक्षु एस पी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर, एस आई मनोज कुमार ए एस आई जमशेद खान द्वारा क्षेत्र में अवैध बालू खनन व परिवहन मामले में छापेमारी करते हुए सीठियो कोयल नदी से ५ ट्रैक्टर को ज़ब्त कर सेन्हा थाना में ला कर सुरक्षित रखा गया गया ।

इस संदर्भ में जिला खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद के लिखित आवेदन पर बालू माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से बालू उठाव कर विभाग का राजस्व क्षति करते हुए चोरी छुपे लगातार बालू ढुलाई करने के आरोप में सेन्हा थाना कांड संख्या ३१/२४ दर्ज कर खनन अधिनियम की धारा ३७९,४११ के तहत अवैध तरीके से बालू परिवहन करने के मामले में ट्रैक्टर मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है । एक साथ पांच ट्रैक्टर जब्त होने पर बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। मौके पर प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर,एस आई मनोज कुमार ए एस आई जमशेद खान शस्त्र पुलिस पुलिस बल शामिल थे ।

## मनोज तिवारी की बेटी रिथि तिवारी भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली (ईएमएस:** लोकसभा चुनाव- २०२४ के बीच दिल्ली के पूर्व भाजपा अध्यक्ष और मौजूदा सांसद मनोज तिवारी की बेटी रिथि तिवारी भाजपा में शामिल हो गई हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि इतनी जल्दी राजनीति में आ जाऊंगी। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि वो किसी को निराश नहीं करेंगी। रिथि तिवारी सिंगर के साथ ही सॉन्ग राइटर भी हैं।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी की बेटी रिथि तिवारी ने कहा कि राजनीति में आने की योजना तो थी, लेकिन ये १०-१५ साल बाद का प्लान था। उन्होंने अपना परिचय देते हुए खुद बताया कि वो एक एनजीओ में काम करती हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद



रिथि तिवारी ने कहा, मैं सांसद मनोज तिवारी की बेटी हूं। मैं २२ साल की हूं। सिंगर और सॉन्ग राइटर हूं। एक एनजीओ में काम करती हूं और सबसे ज्यादा मैं समाजसेवक बनना चाहती हूं। रिथि तिवारी ने कहा, मैं हैरान हूं. मुझे भगवान की योजना के बारे में पता नहीं था। मैंने नहीं सोचा था कि यह आज या इतनी जल्दी होगा। राजनीति में शामिल होना मेरे लिए १०-१५ साल के बाद का प्लान था, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने मुझमें कुछ जरूर देखा होगा। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं किसी को निराश न करूं। गौरतलब है कि उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा ने मनोज तिवारी को उम्मीदवार बनाया है।

इस सीट पर मनोज तिवारी का मुकाबला कांग्रेस के कन्हैया कुमार से है। कांग्रेस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से कन्हैया कुमार को मैदान में उतारा है। दिल्ली में लोकसभा की कुल ७ सीटें हैं। दिल्ली में सभी सीटों पर छठे चरण में २५ मई को वोट डाले जाएंगे। वहीं, चुनाव के नतीजे ४ जून को घोषित किए जाएंगे।

## दिव्यांगों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**पलामू (ससे):** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत रविवार को दिव्यांगों के संगठन की ओर से पलामू शहर के छ:मुहान से समाहरणालय परिसर तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी जिसमें बड़ी संख्या में जिले के विभिन्न दिव्यांगजन शामिल हुए,रैली को छ:मुहान से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में शामिल सभी दिव्यांगों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न नारों को बुलंद किया और लोगों से १३ मई को मतदान करने की अपील की । इस दौरान आम लोगों के बीच स्वीप पम्पलेट का भी वितरण किया गया।रैली के पश्चात समाहरणालय परिसर में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने सभी को मतदान हेतु शपथ दिलाई ।

## 100 से ज्यादा लोगों ने किया रक्तदान

**लोहरदगा (ससे):** इमरजेंसी केयर के तत्वावधान में रविवार को लोहरदगा शहरी क्षेत्र के बीआईडी स्थित दुतिका सावित्री अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉक्टर राजमोहन खलखो, सदर अस्पताल उपाध्यक्ष डा. शंभूनाथ चौधरी, डॉक्टर नयन चौधरी आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रक्तदान शिविर में देर शाम तक १०० से ज्यादा लोगों ने रक्तदान को ले अपना निबंधन कराया था। वहीं पचास से ज्यादा लोग रक्तदान कर चुके थे। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रमाणपत्र और हेलमेट दिया गया। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर प्रेरित करने और यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर इमरजेंसी केयर द्वारा एक-एक हेलमेट भी दिया गया। इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीएस डा. राजमोहन खलखो ने कहा कि रक्तदान दूसरों को जीवन देने का महान कार्य है। रक्तदान जरूर करना चाहिए।

लोहरदगा में रक्तदान के क्षेत्र में इमरजेंसी केयर का कार्य प्रेरणा देने वाला है। दूसरे संगठनों को भी रक्तदान को लेकर आगे आने की आवश्यकता है। डा. एसएन चौधरी ने कहा कि यहां के युवाओं का उत्साह दूसरे लोगों को भी रक्तदान को लेकर प्रेरणा देता है। जब कभी भी किसी को रक्त की आवश्यकता हुई, संस्था के युवाओं ने रक्तदान कर अपना दायित्व निभाया है। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी रक्तदान किया। मौके पर शताब्दी महेंद्र, सुधांशु कुमार,निखिल कुमार,हनी कुमार,अमन कुमार, जयजीत चौबे, मोहित कुमार, उमेश कुमार, सद्दाम अंसारी, राहुल कुमार, अनुप दास, कुलदीप प्रजापति, तनय श्रीवास्तव, आदि मौजूद थे।

## पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती मनाई गयी

**सरायकेला-खरसावां (ससे):** पंडित रघुनाथ मुर्मू चौक रोला (राजनगर) में आदिवासी सेंगेल अभियान की ओर से संताली भाषा के लिपि (ऑलचिकी )का जनक गुरू गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की ११९ वीं जयंती मनाया गया । आदिवासी रीति रिवाज के साथ नायके बाबा कादे मुर्मू के नेतृत्व में पूजा अर्चना किया गया एवं उपस्थित लोगों ने गुरू गोमके को श्रद्धांजलि दिया ।

इस मौके पर झारखंड प्रदेश के पोनोत परगना सुगनाथ हेंब्रोम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा ५ मई पंडित रघुनाथ मुर्मू का जन्म दिवस है। झारखंड, बिहार, बंगाल, उड़ीसा, असम एवं अन्य राज्यों में पंडित मुर्मू का जन्म दिवस बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। पंडित रघुनाथ मुर्मू का जन्म ५ मई१९०५ को उड़ीसा राज्य के मयुरभंज जिला के डांडबुस गांव में हुआ था। पंडित रघुनाथ मुर्मू मात्र २० वर्ष के अल्प आयु में संताली भाषा के लिपि ओल चिकि का अविष्कार किया। उन्होने सन् १९२५ में संताली भाषा के लिपि ओल चिकि लिपि को संताल समाज के सामने प्रर्दशित किया था।तब से लेकर उन्होंने अपने जीवन पर्यंत ओल चिकि लिपि के प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया।

## बिना हिंदू-मुसलमान बोले उनका खाना नहीं पचता: खरगे

**मालदा,(ईएमएस):** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमारे घोषणापत्र में नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय आदि की बात की गई है तो क्या यह मुसलमानों के लिए है? बिना हिंदू-मुसलमान बोले उनका खाना नहीं पचता है..। खरगे ने राहुल गांधी की रायबरेली से चुनाव लड़ने पर कहा कि जनता की इच्छा है कि वे वहां से चुनाव लड़ें और जीतें। लाखों वोटों से वे जीतेंगे।

मल्लिकार्जुन खरगे ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा बिना हिंदू-मुसलमान बोले उनका खाना नहीं पचता है...। कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की टिप्पणी के संबंध में उन पर पलटवार किया । उन्होंने कहा कि ४५ साल में इतनी बेरोजगारी बढ़ी जिसकी



चिंता उन्हें नहीं है...बेरोजगारी के बारे में बोलते हैं दो में से एक भैंस कांग्रेस गायब कर देगी। उन्हांने कहा-हम बोलते है महंगाई हो गई है कुछ करो तो बोलते हैं आपकी जमीन छीन लेंगे। अमीर गरीब की बढ़ती खाई पर बोलते हैं कांग्रेस आई तो सब लूट कर ले जाएगी।

खरगे ने कहा कि उन्होंने चुनावी बॉन्ड के नाम पर पैसा वसूला बीजेपी ने चंदा दो धंधा लो का काम किया, सबसे पैसे लेकर टेंडर दिए। कांग्रेस भ्रष्ट है, ये ही बोल कर तुम पावर में आए तुम क्या कर रहे हो? ये हमारी पार्टी के लोगों को तोड़-तोड़ कर लेते हैं। जो भ्रष्ट लोग उनको शामिल करा रहे हैं मैं पूछता हूं क्या वो वहां जाते ही अच्छे हो गए? खरगे ने कहा कि अमित शाह ने कहा था कि हमारी पार्टी में जो लोग आए उनको हम एक-एक कर देखेंगे उसके बाद जो कलंकित है उसे निकाल देंगे।

## इस्कॉन इंडिया के चेयरमैन का निधन

**मथुरा (ईएमएस):** इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी का रविवार को देहरादून में निधन हो गया। वह ८० साल के थे। उन्हें हार्ट से संबंधित बीमारी थी। उनके पार्थिव शरीर को रविवार की शाम को दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित मंदिर में दर्शन के लिए रखा गया है। ६ मई को वृंदावन के इस्कॉन गोशाला में समाधि दी जाएगी।

बता दें कि २ मई को एक मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान वह फिसलकर गिर गए, इससे उनके फेफड़ों में चोट आई थी। उन्हें देहरादून के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## अवैध क्रशरों को कटकमसांडी प्रशासन ने किया ध्वस्त

**हजारीबाग (ससे):** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर पंचायत के ग्राम हेसाकुदर गांव में संचालित दो अवैध क्रशरों को कटकमसांडी प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया । कटकमसांडी सीओ सविता सिंह दलबल के साथ हेसाकुदर गांव पहुंची और बिना लाइसेंस के संचालित क्रमशः पुनीत ठाकुर तथा प्रकाश यादव के क्रशरों को ध्वस्त कर दिया । प्रशासन ने जहां क्रेशर मशीन में लगे बेल्ट को काट दिया वहीं परिसर में रखें अवैध रूप से पत्थर और स्टोन चिप्स को भी जब्त कर लिया। सीओ सबिता सिंह ने बताया कि दोनों क्रसर अवैध रूप से बिना लाइसेंस के चलाए जा रहे थे ।

सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों क्रशर को ध्वस्तीकरण किया गया साथ ही क्रशर मालिकों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई होनी है । बताते चलें कि गत वर्ष भी जिला खनन टास्क फोर्स के अधिकारियों ने शाहपुर क्षेत्र में संचालित अवैध क्रेशरों के खिलाफ कार्रवाई की थी और बेल्ट व मशीन में तोड़फोड़ की थी।

## पानी की तलाश में नीमडीह पहुंचा हाथियों का झुंड

**सरायकेला खरसावां (ससे):** सरायकेला खरसावां में भीषण गर्मी ने जहां जन मानस को परेशान कर दिया है वहीं पशु पक्षी और जानवर भी पानी की तलाश में भटक रहे हैं । हाथियों का एक झुंड सरायकेला जिला के नीमडीह क्षेत्र में स्थानीय तालाब में पानी पीने के लिए पहुंचा । हाथियों के झुंड के आने से स्थानीय लोग दहशत में दिखे । वहीं खेत में लगे फसल को हाथियों द्वारा नष्ट करने से किसानों को काफी नुकसान हो रहा है । स्थानीय लोगों के मुताबिक लावा पहाड़ में १० से १५ की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड डेरा डाडाले हुआ है । वहीं नीमडीह थाना क्षेत्र के सीमा गांव के पास चांडिल डैम जलाश्य के किनारे वाले क्षेत्र में भी १५से २० की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है । हाथियों के झुंड को जुगीलौंग पुड़ियारा, कादला, वनडीह गांव के आस पास भी देखा गया था । आबादी वाले क्षेत्रों में हाथियों के पहुंचने के बाद ग्रामीणों में दहशत है ।

## चुनाव आयोग ने बसपा प्रत्याशी पूजा सहित 4 को थमाया नोटिस

**आगरा (ईएमएस):** लोकसभा प्रत्याशियों के चुनावी खर्चे पर चुनाव आयोग पैनी नजर रख रहा है। जहां खर्चे को लेकर संदेह होता है उसकी जांच की जाती है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर उन्हे नोटिस थमाने में आयोग देरी नहीं कर रहा है। ऐसा ही मामला आगरा में आया है। जहां बसपा प्रत्याशी पूजा सहित ४ लोगों को आयोग ने नोटिस देकर जानकारी मांगी है। कलक्ट्रेट स्थित सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में शनिवार को २० में १६ प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर की जांच की गई। प्रेक्षकों की मौजूदगी में हुई जांच में रजिस्टर और बिल वाउचर का मिलान किया गया। आगरा लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही सहित चार प्रत्याशियों ने रजिस्टर नहीं दिखाया।

लेखा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आगरा लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही, लोकप्रिय राष्ट्रवादी पार्टी के प्रत्याशी जितेंद्र गौतम, निर्दलीय प्रत्याशी महेंद्र सिंह, फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के होतम सिंह न तो उपस्थित हुए और न ही व्यय रजिस्टर को भेजा। सभी चार प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारियों ने नोटिसी जारी किया है।

४८ घंटे में व्यय रजिस्टर दिखाने के लिए कहा गया है। रजिस्टर न दिखाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।रिटर्निंग अधिकारियों ने सभी प्रत्याशियों को नोटिस जारी किया है। ४८ घंटे में रजिस्टर दिखाने के लिए कहा गया है। रजिस्टर न दिखाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। आगरा लोकसभा क्षेत्र के तीन और फतेहपुर सीकरी क्षेत्र का एक प्रत्याशी शामिल है।लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी अधिकतम ९५ लाख रुपये व्यय कर सकते हैं।

## झारखंड के सभी 14 सीट पर एनडीए की होगी जीत: दीपक प्रकाश

**हजारीबाग (ससे):** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश दो दिनों से हजारीबाग में भाजपा के मनीष जायसवाल के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव को लेकर क्या तैयारी चल रही है । उन्होंने हजारीबाग में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मनीष जायसवाल रिकार्ड मतों से विजय हो रहे हैं । हजारीबाग की धरती उर्वरा है जो संगठन, राजनीति और उम्मीदवार की जीत के लिए जानी जाती है। यहाँ की जनता एक ही आवाज़ दे रही है कि रिकार्ड मतों से एनडीए उम्मीदवार को विजय बनाना है । उन्होंने कहा कि इस बार १०% से अधिक वोट पिछले चुनाव की तुलना में मिलने जा रहा है । आम जनता का अपार समर्थन मिल रहा है।राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी ही विश्वास का दूसरा नाम है । पिछले १० सालों में जनता के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री ने स्वाभिमान भारत ,आत्मनिर्भर भारत कि जो सोच रखी गई थी उसे धरातल को उतारा गया । कोरोना काल से लेकर अब तक कई ऐसे योजना लाए गए हैं जिससे आम जनता को लाभ मिल रहा है । पाकिस्तान को खोखला करने का काम भी किया गया है । आतंकवादी गतिविधि भी देश में कम हुई है ।

## डीसी की अगुवाई में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन



**जामताड़ा (ससे):** जामताड़ा जिले में मतदान को लेकर चरणबद्ध लगातार मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास जारी है। इसी क्रम में रविवार को जामताड़ा के सब्जी बाजार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान सब्जी विक्रेताओं के साथ-साथ खरीददारों को भी मतदान के महत्व की जानकारी देकर हर हाल में मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया । इस क्रम में मतदाताओं को वोट करने के लिए शपथ दिलाई गई। स्वयं के साथ-साथ परिवार जनों एवं मोहल्ले के योग्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया।इस दौरान सब्जी विक्रेता एवं क्रेता मतदान को लेकर सजग नजर आए । सबों ने मतदान करने का संकल्प दोहराया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय ने पहले मतदान फिर जलपान का संदेश दिया।

## गिरफ्तार एचडी रेवन्ना ने अपहरण व यौन उत्पीड़न के आरोपों से किया इनकार

**बेंगलुरु,(ईएमएस):** पूर्व मंत्री और जद(एस) विधायक एच.डी. रेवन्ना ने अश्लील वीडियो मामले की पीड़िता के अपहरण और यौन उत्पीड़न के आरोपों से इनकार किया है। मामले में उनके बेटे, मौजूदा सांसद और हासन लोकसभा सीट से एनडीए उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना पर भी आरोप है।

सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि लेखिका और कार्यकर्ता गौरी लंकेश की सनसनीखेज हत्या के मामले को सुलझाने वाली टीम का नेतृत्व करने वाले एसआईटी प्रमुख बी.के. सिंह व्यक्तिगत रूप से रेवन्ना से पूछताछ की निगरानी कर रहे हैं।

पूर्व पीएम एच.डी. देवेगौड़ा के पुत्र एच.डी. रेवन्ना शनिवार से एसआईटी की हिरासत में हैं। अधिकारियों ने पूरी रात एचडी रेवन्ना से पूछताछ की और रविवार सुबह भी पूछताछ जारी थी।

सूत्रों ने बताया कि रेवन्ना ने कहा कि वह किसी भी मामले में शामिल नहीं थे और उन्हें कहा कि यह उन्हें और उनके परिवार को खत्म करने की साजिश है। एचडी रेवन्ना को सवालों का उत्तर लिखने के लिए कलम और कागज दिया गया, लेकिन उन्होंने कुछ भी लिखने से इनकार कर दिया और कहा कि वह मामलों से जुड़े नहीं हैं। उनसे उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना के ठिकाने के बारे में भी पूछताछ की है, जो अभी फरार है।

सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने एचडी रेवन्ना का मोबाइल फोन ले लिया है और उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना की गतिविधियों के बारे में सुराग पाने का प्रयास किया जा रहा है। बता दे रेवन्ना पर उनकी एक पूर्व नौकरानी ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। एक अन्य मामले में, उन पर अपने बेटे प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स स्कैंडल के पीड़ितों में से एक का अपहरण करने का भी आरोप है। एचडी रेवन्ना के पीए राजगोपाल के फार्महाउस से बचाई पीड़िता से एसआईटी को और जानकारी मिलने की संभावना है। आरोपी राजगोपाल को भी एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया है। एचडी रेवन्ना को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की पूरी संभावना है।

## 7 को बिहार में भी 5 सीटों पर पड़ेंगे वोट

**पटना (एजेंसी):** देश में चल रहे लोकसभा चुनाव में अब तक दो चरण की वोटिंग हो चुकी है. अब ७ मई को तीसरे चरण की वोटिंग होनी है. तीसरे चरण की वोटिंग के चलते आज यानी ५ मई को चुनाव प्रचार थम जाएगा. तीसरे चरण में बिहार की ५ सीटों पर वोट डाले जाएंगे. इस चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में मतदान होगा. इस चरण में कुल ५४ उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें ५१ पुरुष और तीन महिलाएं हैं. सुपौल में सबसे ज्यादा १५ और मधेपुरा में सबसे कम ८ प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाने के लिए चुनावी मैदान में उतरे हैं. इसके अलावा झंझारपुर में १०, अररिया में ९ और खगड़िया में १२ उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा.

इस चरण में सभी पांचों सीटों के कुल ९८ लाख ६० हजार ३९७ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. इनमें ५१ लाख २९ हजार ४७३ पुरुष तो ४७ लाख ३० हजार ६०२ महिला मतदाता और ३२२ थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं. २,७१६ मतदाता ऐसे हैं जो अपनी जिंदगी में १०० दिवालियां देख चुके हैं, जबकि १ लाख ४५ हजार ४८२ वोटर पहली बार वोट डालने वाले हैं.

# बीएसएनएल के सर्किल स्टोर में लगी भीषण आग मौके पर मची अफरातफरी, करोड़ों का नुकसान



**रांची (ससे):** राजधानी रांची से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां बीएसएनएल कैंपस में भीषण आग लग गयी है. जानकारी के अनुसार रांची के बीआईटी ओपी इलाके स्थित जुमार नदी के समक्ष रविवार की दोपहर बीएसएनएल के सर्किल ऑफिस के स्टोर परिसर में में भीषण आग लग गयी.

अगलगी से इस घटना से मौके पर अफरा तफरी मच गयी है. फिलहाल मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची हुई है और आग बुझाने के प्रयास जारी है.

बताया जा रहा है कि रांची के बीआईटी ओपी इलाके स्थित बीएसएनएल के सर्किल ऑफिस के स्टोर के बाहर लगी आग के दौरान जब तक कोई कुछ कर पाता या समझ पाता आग की लपटें स्टोर परिसर में फैल गई. स्टोर में रखे केबल, पाइप सहित अन्य समान में आग लगते ही आग ने भयावह रूप ले लिया. जिसके बाद आग पर काबू पाने को लेकर स्थानीय स्तर पर प्रयास शुरू हुआ. लेकिन, आग काफी फैलने लगी. मौके से फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई.

लेकिन, लंबे इंतजार के बाद महज एक ही गाड़ी पहुंची. हालांकि काफी देर बाद फायर ब्रिगेड के १० वाहन मौके पर पहुंचे. फिलहाल फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने में जुटी है. सर्किल के स्टोर की बाउंड्री वॉल को भी जेसीबी की मदद से तोड़ा गया, ताकि दमकल की टीम को आग बुझाने में मदद मिल सके.

मौके पर मौजूद बीएसएनएल के अधिकारियों ने बताया कि बीएसएनएल के इस ऑफिस में फाइबर ऑप्टिक, केबल, पाइप सहित अन्य समान रखे जाते थे. पूरे सर्किल के इक्यूपमेंट इस स्टोर में रहते थे. आग लगने से करोड़ों के समान जलकर खाक हो गए. बता दें, बीएसएनएल के सर्किल ऑफिस के धुएं का का गुबार ०५ किलोमीटर दूर से ही नजर आ रहा था. जिसे देख पूरे शहर के लोग सकते में आ गए.

# सीपीआई राज्य कार्यालय में कार्ल मार्क्स की 206वीं जयंती मनाई गयी

**रांची (ससे):** सीपीआई के राज्य कार्यालय के सभागार में रविवार को कार्ल मार्क्स की २०६वी जयंती पर उन्हें याद किया गया।नेताओं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि देकर उन्हें नमन किया।

श्रद्धांजलि देने के बाद राज्य कार्यकारिणी सह रांची जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में कार्ल मार्क्स की लिखी और कही बाते सत्य साबित हो रही है, पूंजीवादी व्यवस्था आम जनों का खून चूस रही है, वर्तमान की सरकार ८०%आबादी की बात न कर चंद पूंजीपतियों के हाथो की कठपुतली बनी हुई है।





आवश्यक खाद्य और जरूरतमंद जो प्रतिदिन के इस्तेमाल में आती है ,जो कभी भी टैक्स के दायरे में नहीं आता था ,सरकार ने उन सभी चीजों पर टैक्स लगा दिया है जो सरासर कॉरपोरेट को फायदा देता है एक तरफ गरीबों पर टैक्स और पूंजीपतियों को टैक्स की छूट, देश में महंगाई, बेरोजगारी और संवैधानिक मूल्य खतरे में है, इसलिए महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स ने वैज्ञानिक समाज की संरचना की बात की थी।

कार्ल मार्क्स के विचार आज भी प्रासंगिक है की दुनिया में हक और अधिकार की लड़ाई १०% बनाम ९०% के बीच है इसलिए सभी को अपने हक और अधिकार बचाने की लड़ाई में आगे बढ़कर हिस्सा ले और आम जन पक्षीय सरकार बनाए।

इस इस अवसर पर अधिवक्ता ज्यांत पाण्डेय,मनोज ठाकुर, राजेश यादव, अनिरूद्ध कुमार तौसीफ अंसारी, अमित सिन्हा, रवि पाठक, अजय सिंह, सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

# जेएमएम ने खूंटी से बागी होकर चुनाव लड़ रहे बसंत लोंगा को पार्टी से निकाला

**रांची (ससे):** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने खूंटी संसदीय सीट पर बागी





प्रत्याशी पार्टी के पूर्व विधायक बसंत लोंगा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इस संबंध में पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के हस्ताक्षर से शनिवार को पत्र जारी किया गया है।

पार्टी की ओर से जारी पत्र में बताया गया है कि बसंत लोंगा को पार्टी में सभी पदों से मुक्त करते हुए प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है।

बसंत लोंगा वर्ष १९९५ से २००० तक सिमडेगा जिले की कोलेबिरा विधानसभा सीट से झामुमो के विधायक रहे हैं। उस वक्त वह सबसे कम उम्र के विधायक चुने जाने के कारण चर्चा में आए थे। वह वर्ष २००२ से लेकर २०१४ तक पार्टी के सिमडेगा जिला अध्यक्ष रहे। फिलहाल वह पार्टी की केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य थे।

इंडिया गठबंधन के तहत खूंटी सीट पर कांग्रेस का प्रत्याशी उतारा गया है। कालीचरण मुंडा चुनाव मैदान में है। वर्ष २०१९ के चुनाव में भी कालीचरण मुंडा ने अर्जुन मुंडा को कड़ी टक्कर दी थी और करीब १४०० मतों के अंतर से पराजित हुए थे। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पार्टी और गठबंधन के फैसले के विपरीत लोंगा के चुनाव मैदान में उतरने को अनुशासनहीनता मानते हुए उनके खिलाफ यह कार्रवाई की है।

**चमरा लिंडा के खिलाफ भी होगी कार्रवाई!**

उधर, लोहरदगा संसदीय सीट पर झामुमो के विधायक चमरा लिंडा भी बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे हैं। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि पार्टी के फैसले के उल्लंघन के आरोप में उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला कमेटी से मंतव्य मांगा गया है। मंतव्य मिलते ही पार्टी इस मामले में उचित कार्रवाई करेगी।

## यशस्विनी सहाय आज करेंगी नामांकन

**रांची (ससे):** रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय आज नामांकन करेंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटि के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय भी उपस्थित रहेंगे। इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय भव्य जुलूस यात्रा के साथ नामांकन करने पहुँचेंगी। इससे पूर्व वे मंदिरों में पूजा अर्चना करेंगी साथ ही रिसालदार बाबा मज़ार की ज़ियारत भी करेंगी।



तय कार्यक्रमों के मुताबिक वे ११:३० नामांकन समाहरणालय भवन में नामांकन कर १२ बजे बापू वाटिका मोराबादी में बापू की प्रतिमा में माल्यार्पण कर रांची लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों से लोगों को संबोधित करेंगी।

# रविवार को डाकघर खुले रहे, घर घर हुआ वोटर आईडी कार्ड का वितरण

**रांची (ससे):** रांची डाक मंडल के डाकघर लोकसभा चुनाव के महापर्व के दौरान आम नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए रविवार को भी खुला रहा।

निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गए लगभग ५३ हज़ार वोटर आईडी कार्डों को डाक के माध्यम से आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए रांची जीपीओ की मदद से सम्पूर्ण तैयारियां की गई हैं।

शनिवार को देर रात तक रांची जी पीओ कार्यालय खुला रख कर वोटर आईडी को डिस्पैच किया गया। रविवार की सुबह तक वोटर आईडी पिन कोड के अनुसार अपने वितरित होने वाले डाकघर तक पहुंच चुके थे। डाकियाओं ने भी एक जोर दिखाया और रविवार के दिन लोगों के घर घर तक जाकर वोटर आईडी कार्ड का वितरण किया। वरिष्ठ डाक अधीक्षक



उदयभान सिंह ने बताया कि डाक कर्मी, डाकिया और जीडीएस भाइयों की मदद से लगभग १०००० वोटर आईडी कार्डों का वितरण घर-घर पहुंचा कर किया गया है।

उन्होंने इस अद्वितीय पहल के लिये डाक कर्मियों, डाकियों और जी डी एस भाइयों को धन्यवाद दिया और उनके सहयोग के लिए आम नागरिकों को भी धन्यवाद दिया। श्री सिंह ने कहा, इस महापर्व को सफल बनाने के लिए हम सभी लोग अपना बहुमूल्य मतदान जरूर करे। इसके साथ ही, उन्होंने आने वाले चुनाव में सुधारित सुविधाएं प्रदान करने का संकल्प भी जताया। उन्होंने कहा, आने वाले चुनाव में डाक विभाग नागरिकों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए तत्पर रहेगा।

# भाजपा ने न्यायपालिका के हालिया निर्णयों के आलोक में झामुमो और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पर हमला बोला

**रांची (ससे):** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रांची के मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता करते हुए उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के हाल के निर्णय के आलोक में झामुमो और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पर पर बड़ा हमला बोला। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने के लिए जो याचिका दाखिल की थी उसे उच्च न्यायालय ने न सिर्फ खारिज किया बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा राजनीतिक बदले का जो आरोप लगाया गया था, उसे एक हारे हुए मुवकिल की आखिरी कोशिश की संज्ञा दे दी।

# आजसू पार्टी कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन

**रांची (ससे):** आजसू पार्टी द्वारा रविवार को नवीन कुमार के साथ सैकड़ों की संख्या में उनके समर्थकों ने आजसू पार्टी का दामन थामा।

रांची के हरमू रोड स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने नवीन कुमार के साथ-साथ आए उनके सैकड़ों समर्थकों को पार्टी का पट्टा और माला पहनकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी में लोगों का लगातार जुड़ना जारी है जिससे पार्टी को और मजबूती मिलेगी और इनके सहयोग और ताकत से पार्टी अपने विचार और सिद्धांत की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा की आजसू राज्य हित देश हित को हर कदम आगे बढ़ाती रहेगी।

वही आजसू का दामन थमने वाले नवीन कुमार के कहा की आजसू पार्टी की नीति, सिद्धांत वो पिछले १५ वर्षो से देखते चले आ रहे है।

पार्टी की नीति, सिद्धांत विजन दूसरी पार्टियों से अलग है और यही वजह है की आज बड़े बड़े पार्टियों को छोड़ कर हमने आजसू पार्टी का दामन थामा है।

# अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् की हुई बैठक, पेसा कानून को हुबहू लागू करने की मांग

**रांची (ससे):** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् के आर आई बिल्डिंग, कचहरी चौक स्थित कार्यालय में रविवार को जादो उरांव की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक हुई।

इस बैठक में आदिवासियों के रहन सहन एवं रूढ़िवादी बिंदु पर विचार विमर्श किया गया। परिषद् के महासचिव जादो उरांव ने कहा कि छोटानगपुर काश्तकारी अधिनियम १९०८, पांचवी अनुसूची १९५० एवं पेसा कानून १९९६ के अंतर्गत कानून व्यवस्था के रहते हुए आज आदिवासी



समाज असुरक्षित महसूस कर रहा है। परिषद् के कार्यकारी अध्यक्ष बाना मुंडा ने कहा कि सी एन टी एक्ट कानून को रहते हुए आज आदिवासियों के घर, जमीन का लूट खसोट जारी है, साथ ही आदिवासी क्षेत्र में पांचवी अनुसूची लागू रहने के बावजूद आदिवासियों की जनसंख्या में दिन प्रतिदिन गिरावट आ रही है।

अखिल भारत आदिवासी विकास परिषद की यह मांग है कि पेसा कानून को हुबहू लागू करके ही आदिवासियों के हक, अधिकार एवं संस्कृति को सुरक्षित किया जा सकता है। इस बैठक में मुख्य रूप से अजय लिंडा, बाना मुंडा, बंधु कच्छप, जयराम किस्फोटा, प्रदीप लकड़ा, दीपक जयसवाल, नीरज सहाय आदि उपस्थित थे।

# निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह गिरफ्तार



**गिरिडीह (ससे):** झारखंड पुलिस ने एक और निर्दलीय प्रत्याशी को गिरफ्तार किया है. इस बार गांडेय विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह को गिरफ्तार किया गया है. अवधेश को नगर थाना इलाके के बरगंडा स्थित आवास से पकड़ा गया है. अवधेश की गिरफ्तारी की पुष्टि सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद रवानी ने की है. अवधेश को बेंगाबाद थाना के कांड में पकड़ा गया है. रविवार को एसडीपीओ बिनोद रवानी के साथ नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर प्रसाद, बेंगाबाद इंस्पेक्टर ममता कुमारी दलबल के साथ बरगंडा पहुंची और अवधेश को गिरफ्तार कर लिया. इधर अवधेश को गिरफ्तार करने के बाद विभिन्न थाना में पड़ताल की जा रही है कि इनके खिलाफ कितना मुकदमा है और कितने मामलों में इन्होंने जमानत ली है. यहां बता दें कि अधिवक्ता अवधेश सिंह किसानों के हक को लेकर लगातार आंदोलन करते रहे. उनके द्वारा किसान जनता पार्टी भी बनायी गई है. पिछले दिनों समर्थकों के साथ बैठक करने के बाद अवधेश ने गांडेय विधानसभा सीट पर नामांकन दाखिल किया था.

## सेल सैटेलाइट टाउनशिप में स्वास्थ्य वार्ता और योग सत्र का आयोजन

**रांची (ससे):** सेल ने अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए सेल सैटेलाइट टाउनशिप के इस्पात कार्यपालक छात्रावास में स्वास्थ्य वार्ता और योग सत्र का आयोजन किया। डॉ. जेके रथ, पूर्व सीएमओ, इस्पात हॉस्पिटल एवं योग विशेषज्ञ श्रीमती रितु रूंगटा ने क्रमशः स्वास्थ्य वार्ता और योग सत्र में सेल कर्मियों को स्वास्थ्य के नुस्खे दिए। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सेल, सीईटी के कार्यपालक निदेशक श्री एसके वर्मा ने आज के कॉर्पोरेट जगत में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. रथ ने अच्छे आहार और नियमित व्यायाम के अलावा मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों को शुरुआती अवस्था में ही रोकने के लिए शीघ्र निदान और उचित चिकित्सा देखभाल पर जोर दिया, ताकि बाद में जटिलताओं से बचा जा सके। श्रीमती रितु रूंगटा ने सेल कर्मचारियों के लंबे समय तक डेस्क वर्क तथा जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम से संबंधित कुछ चुनिंदा श्वास तकनीकों और विशेष योग मुद्राओं का प्रस्तुतीकरण किया। सेल, सीईटी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया और उन्हें धन्यवाद दिया।

# देवेंद्र यादव बने कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अंतरिम प्रमुख, पदभार संभाला

**नई दिल्ली (ईएमएस):** राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ पार्टी के गठबंधन की आलोचना करते हुए अरविंदर सिंह लवली के पद से इस्तीफा देने के दो दिन बाद देवेंद्र यादव को कांग्रेस की दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। यादव ने पदभार संभाल लिया है। रविवार को औपचारिक रूप से पदभार संभालने वाले देवेंद्र यादव ने कहा कि "आज देश को कांग्रेस की जरूरत है।यादव ने यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद दिया। यादव ने कहा, "मुझे इस पद के लिए नामित करने को लेकर मैं कांग्रेस को धन्यवाद देता हूं। मैं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अजय माकन का आभारी हूं। कांग्रेस नेता ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने भी एक कार्यकर्ता के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया और बहुत संघर्ष और कठिनाइयां देखी है। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अंतरिम प्रमुख ने कहा, "कांग्रेस हमारी मां है, इसे आज हमारी जरूरत है।

# रेलवे स्टेशन परिसर से महिला सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

## ग्यारह लाख तेरह हजार रुपया का 55.65 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद

**रांची (ससे):** रांची रेलवे स्टेशन परिसर से महिला सहित तीन तस्कर गिरफ़्तार किए गए हैं जिनके पास से ग्यारह लाख तेरह हज़ार रुपया का ५५.६५ ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। दरअसल ब्राउन शुगर की ख़रीद फ़रोख़्त की सूचना पर सहायक सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर टीम का गठन कर रेल परिसर में सघन जाँच अभियान चलाया गया।



जाँच के दौरान गठित टीम ने तीन तस्करों को गिरफ़्तार किया जिसमें एक महिला भी शामिल थी तथा उनके पास से कुल ५५.६५ ग्राम ब्राउन शुगर की बारामदगी हुईं जिसका अनुमानित मूल्य ग्यारह लाख तेरह हज़ार आंकी गयी। सहायक सुरक्षा आयुक्त के आदेश पर बरामद ब्राउन शुगर को ज़ब्त किया गया तथा तस्करी में शामिल सभी तीनो आरोपियों को ज़ब्त सामग्री के साथ स्थानीय थाना चुटिया को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया।

# देश के सबसे मोटे शख्स की मौत, एक हफ्ते बाद था बर्थडे

**नई दिल्ली (एजेंसी):** ब्रिटेन के सबसे भारी शख्स के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले जेसन हॉल्टन की ४ मई को मौत हो गई. डॉक्टरों ने बताया कि जेसन के शरीर के कई सारे ऑर्गन फेल हो गए थे, काफी कोशिशों के बावजूद उनको नहीं बचाया जा सका. जेसन ३३ साल का ही था. एक हफ्ते बाद ही जेसन अपना ३४वां जन्मदिन मनाने वाले थे. जेसन का वजन ३१८ किलोग्राम था.



जेसन रॉयल सरे के काउंटी अस्पताल में भर्ती थे. उन्हें उस अस्पताल में ६ फायर फाइटर की मदद से शिफ्ट कराया गया था. अस्पताल में जेसन की मां लिसा उसकी देखभाल करती थी. डॉक्टरों ने १ हफ्ते पहले जेसन को बता दिया था कि उसकी मौत हो जाएगी. लीसा ने बताया कि जेसन की कीडनी ने पूरी तरह काम करना बंद कर दिया था, जिसके बाद से उसकी तबीयत दिन पर दिन और ज्यादा गंभीर होने लगी.

**7 घंटे में निकाला गया था फ्लैट से**

शरीर के ज्यादा मोटापे की वजह से जेसन के ऑर्गन ने काम करना बंद कर दिए. जेसन को किडनी डायलिसिस और आईवी ड्रिप पर रखा गया था, लेकिन इसके बावजूद धीरे-धीरे उसके सारे ऑर्गन फेल हो गए. जेसन एक आम आदमी से ४ गुना ज्यादा यानी एक दिन में १०,००० कैलोरी खा जाते थे. साल २०२२ में जेसन को कई बार छोटे स्ट्रोक और ब्लड क्लॉटिंग का सामना करना पड़ा था. इसी तरह साल २०२० में वह गिर गए थे, उस वक्त उन्हें ३० से ज्यादा फायरमैन और इंजीनियर की टीम ने मिलकर क्रेन की मदद से अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल से करीब ७ घंटे की मेहनत के बाद उन्हें एयरलिफ्ट किया था.

**मानसिक स्थिति की वजह से किया था खाना शुरू**

जेसन की देखभाल में लाखों-करोड़ों खर्च होते थे. जेसन ने अपने पिता की मौत के बाद से ज्यादा खाना शुरू कर दिया था उनका कहना था कि मानसिक स्वास्थ्य ठीक न होने की वजह से उन्होंने ज्यादा खाना शुरू कर दिया था. जब जेसन मात्र ३ साल के थे तभी उनके पिता की मौत हो गई थी जिससे उनकी मानसिक स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ा था. अपने इतने भारी शरीर की वजह से वह करीब ८ साल से घर में बंद था. साल २०१५ में कार्ल थॉम्पसन की मौत होने के बाद जेसन को ब्रिटेन के हेविएस्ट मैन का खिताब मिला था. डॉक्टरों ने उन्हें कई बार वजन कम करने की बात कही थी और उन्हें चेतावनी भी दी थी.

# संपादकीय

## आपराधिक छवि के लोगों से परहेज करने की जरूरत

अब यह उजागर है कि प्रत्याशी के चुनाव में राजनीतिक दलों से साफ-सुथरी छवि का ध्यान रखने की चाहे जितनी अपेक्षा और मांग की जाए, पर उनका मकसद एक ही होता है। वे उसी को उम्मीदवार बनाते हैं, जिसके जीतने की संभावना अधिक होती है, चाहे वह आपराधिक छवि का ही क्यों न हो। माना जा रहा था कि भारतीय जनता पार्टी बृजभूषण शरण सिंह को चुनाव मैदान में नहीं उतारेगी।

इसे लेकर उसमें ऊहापोह भी देखी जा रही थी। मगर लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार उसने उनकी जगह उनके बेटे करण भूषण सिंह को टिकट दे दिया। बृजभूषण शरण सिंह महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप में अदालत की सुनवाइयों का सामना कर रहे हैं। उनकी वजह से भाजपा को खासी किरकिरी झेलनी पड़ी। यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ ने भी बृजभूषण शरण सिंह पर अंगुली उठाई थी, जिसके चलते उन्हें कुश्ती महासंघ के चुनाव से अलग रहना पड़ा।

मगर उन्होंने कुश्ती महासंघ पर अपना दबदबा कायम रखने की नीयत से अपने एक करीबी को अध्यक्ष का चुनाव लड़ाया और उसे ही विजय भी मिली। उस पर भी अंगुलियां उठनी शुरू हुईं, तो खेल मंत्रालय को आखिरकार बृजभूषण शरण सिंह के करीबी को अध्यक्ष पद से हटाना पड़ा।

यह समझना मुश्किल है कि भाजपा के सामने ऐसी क्या मजबूरी थी, जो उसने बृजभूषण शरण सिंह से अपना पल्ला छुड़ाना उचित नहीं समझा। उनकी जगह उनके बेटे को टिकट दे दिया। इससे बृजभूषण शरण सिंह को लेकर उठ रहे सवाल शांत नहीं हो जाएंगे। इसके पीछे एक वजह तो यह



बताई जाती है कि उत्तर प्रदेश में राजपूत समाज लगातार भाजपा पर आरोप लगा रहा था कि वह राजपूत समाज के प्रत्याशियों का टिकट काट रही है। दूसरा कारण यह हो सकता है कि बृजभूषण का टिकट कटने से उनके बगावत करने और उस सीट से भाजपा के हारने की आशंका हो सकती थी। मगर इस तरह समझौता करके भाजपा अगर अपनी एक सीट बचा भी ले, तो इससे उसके सिद्धांतों पर सवाल तो उठेंगे ही। लंबे समय से मांग की जा रही है कि राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों का चयन करते हुए उनकी छवि का ध्यान रखें।

निर्वाचन आयोग ने भी कहा था कि राजनीतिक दल आपराधिक छवि के लोगों को चुनावी मैदान में उतारने से परहेज करें। अगर वे किसी ऐसे प्रत्याशी को टिकट देती हैं, तो उन्हें इसका स्पष्टीकरण देना होगा कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया, क्या उसकी जगह कोई और प्रत्याशी नहीं मिला।

बृजभूषण शरण सिंह की जगह उनके बेटे को टिकट देकर बेशक भाजपा इस जवाबदेही से बच गई है, पर यह तो जाहिर है कि वह चुनाव उनका बेटा नहीं, एक तरह से वे खुद लड़ेंगे। बृजभूषण शरण सिंह पर बेशक अभी आरोप सिद्ध नहीं हुए हैं, मगर जिस तरह महिला पहलवानों ने उनके खिलाफ साक्ष्य प्रस्तुत किए और जांचों से भी उनके खिलाफ तथ्य सामने आए, उससे उन्हें फिलहाल निरपराध नहीं कहा जा सकता। यह भी छिपी बात नहीं है कि उनके खिलाफ आंदोलन पर उतरी महिला खिलाड़ियों को किस तरह दमन के जरिए आंदोलन से हटाया गया। इन सबको लेकर लगातार सरकार के रवैये पर सवाल उठते रहे हैं। इसके बावजूद उनकी जगह उनके बेटे को टिकट देकर भाजपा ने एक तरह से एक नए विवाद को गले लगा लिया है। इसे लेकर विपक्षी दलों और महिला खिलाड़ियों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

## सोशल मीडिया से...



मेरे जीवन को आप भली-भांति जानते हैं। मैं गरीबी का जीवन जीकर आया हूं। मैंने गरीबी को जिया है। गरीब की जिंदगी कितनी तकलीफ वाली होती है, उससे मैं गुजरते-गुजरते यहां आया हूं। इसलिए 10 वर्षों में गरीब कल्याण की हर योजना की प्रेरणाओं ने मेरे अपने जीवन के अनुभव से जन्म लिया है।

**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री



अगर राहुल गांधी पांच जगहों से भी चुनाव लड़ेंगे तो हारेंगे। पता है कि तेजस्वी दलितों के कितने बड़े पक्षधर है। इसीलिए जमुई की जनसभा में महादलित के परिवार को गाली दी गई। और गालीकांड हुआ था। यहां हिंदू- मुस्लिम - सिख- ईसाई सब बराबर हैं। कोई अंतर नहीं है। तेजस्वी यादव कोई महान स्कॉलर नहीं हैं, जो उनकी बात को हम लोग समझें और मानें।

**जीतनराम मांझी**, हम पार्टी प्रमुख



कांग्रेस के मन में हिंदू धर्म को लेकर कैसी हिकारत की भावना है, वह एक बार फिर से सामने आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समुद्र के नीचे द्वारका का दर्शन करने गए थे, लेकिन राहुल गांधी को वहां सिर्फ समुद्र ही नजर आ रहा है।

**सुधांशु त्रिवेदी**, भाजपा प्रवक्ता



वे मेरे भाई को शहजादा कहते हैं, जबकि मोदी खुद शहंशाह बनकर महलों में बैठे हैं। यही शहजादा देश की बहनों, किसानों और मजदूरों की समस्याएं जानने के लिए 4 हजार किमी पैदल चल चुका है। मोदी को देखिए, उनका चेहरा देखिए, बिल्कुल साफ। साफ-सुथरे कपड़े और एक बाल तक इधर से उधर नहीं होता। वे आपकी समस्याएं कैसे समझेंगे?

**प्रियंका गांधी वाड्रा**, कांग्रेस महासचिव

## आज का कार्टून




## गुजरात में भाजपा हार से दूर फिर भी आंतरिक संघर्ष से मजबूर

गुजरात में कांग्रेस और आप पार्टी में गठबंधन है। गुजरात में कांग्रेस 24 सीटों पर और आम आदमी पार्टी दो सीटों भरूच और भावनगर से लड़ रही है। 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 17 सीटें मिली थी, उसमें भी कांग्रेस के 3 विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। अभी गुजरात में कांग्रेस के 14 विधायक हैं और इनमें से भी कई विधायक कब पाला बदल लें कुछ कहा नहीं जा सकता। गुजरात की सभी 26 सीटों पर 7 मई को मतदान होना है। ऐसे में भाजपा भले ही आंतरिक असंतोष से गुजर रही हो लेकिन वह कोई सीट हार जाए इसकी संभावना दूर-दूर तक नजर नहीं आती है। देखना यह है कि 2019 में पूरे देश में सबसे ज्यादा मतों से नवसारी से सीआर पाटील जीते थे, क्या इस बार भी वही जीतते हैं या भाजपा के चाणक्य अमित शाह गांधीनगर से सबसे ज्यादा वोटों जीतते है। गुजरात में कांगेस हार का मार्जिन कम करने की लड़ाई लड़ रही है तो अमित शाह कांग्रेस की जमानत जब्त करवाने की कोशिश कर रहे हैं।

**समीर चौगांवकर**

19 अप्रैल को गुजरात के अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर में नामांकन करने पहुंचे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश संगठन के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल और संगठन महामंत्री रत्नाकर भी मौजूद थे। अमित शाह ने पूछा कि इस बार गुजरात में कैसी तैयारी है? प्रदेश अध्यक्ष ने बड़े आत्मविश्वास से कहा कि गुजरात की सभी 26 सीटें जीतने जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष के इस बयान के बाद मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल मंद मंद मुस्करा रहे थे। बैठक में मौजूद सभी वरिष्ठ नेताओं को लग रहा था कि अमित शाह संगठन की तारीफ करेंगे और शाबाशी देंगे।

अमित शाह ने गंभीरता से कहा कि लगता है आप लोगों ने ठीक से काम नहीं किया है। मोदी के दस साल के कार्यकाल और कांग्रेस के बदहाल होने के बाद तो कांग्रेस की 24 और आप पार्टी की 2 सीटें मिलकर गुजरात में सभी 26 सीटों पर जमानत जब्त होना चाहिए। हम लगातार दो चुनाव से सभी सीटें जीत रहे हैं, इसमें आप नया क्या कर रहे हो? शाह ने कहा, काम पर लग जाइए और सुनिश्चित करिए कि कांग्रेस की सभी 24 और आप पार्टी की 2 सीटों पर जमानत जब्त हो जाए।

अमित शाह भले ही 26 सीटों पर विपक्षी उम्मीदवारों की जमानत जब्त करने की बात कर रहे हों, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह का गुजरात इस बार भाजपा के लिए कुछ सीटों पर चुनौती भी खड़ी कर रहा है। चुनौती का मतलब यह है कि भाजपा की जीत का मार्जिन बेहद कम हो सकता है। हालांकि सूरत सीट देश की ऐसी पहली सीट बन गई जहां बिना चुनाव के ही भाजपा जीत चुकी है। लेकिन राज्य में कुछ सीटों पर कांग्रेस की चुनौती से ज्यादा भाजपा का आंतरिक संघर्ष पार्टी को परेशानी में डाल रहा है।

गुजरात जहां भाजपा से सिर्फ टिकट मिलना ही जीत की गारंटी माना जाता है, उस राज्य में साबरकांठा और बड़ोदरा से टिकट मिलने के बाद भी विरोध और विवाद के चलते पार्टी के घोषित उम्मीदवार को अपना टिकट लौटाने के लिए बाध्य होना पड़ा। पार्टी को कार्यकर्ताओं के दबाव के बाद दूसरे उम्मीदवार देने पड़े। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व नेता भीकाजी ठाकोर को पहले साबरकांठा से भाजपा ने उम्मीदवार घोषित कर दिया था, लेकिन बाद में उन्होने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। उनकी जगह साबरकांठा से भाजपा ने 2022 में कांग्रेस से भाजपा में आए महेन्द्र सिंह बरैया की पत्नी शोभना बरैया को उम्मीदवार घोषित कर दिया।

बड़ोदरा से सांसद रही रंजना बेन भट्ट का टिकट भी पार्टी कार्यकर्ताओं के विरोध के कारण बदलना पड़ा। उनके घर के सामने और भाजपा कार्यालय में जमकर प्रदर्शन हुए। पार्टी कार्यकर्ता आरोप लगा रहे थे कि रंजना बेन ने कोई काम नहीं किया उसके बाद भी लगातार तीसरी बार उनको टिकट क्यों दिया जा रहा है? इसी तरह सुरेन्द्रनगर सीट से भाजपा संगठन ने 2017 में कांग्रेस से भाजपा में आए चंदूभाई सेहोरा को उम्मीदवार बनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं को यह नागवार गुजरा कि कार्यकर्ताओं की उपेक्षा कर कांग्रेस से आए चंदूभाई को टिकट दिया जाए। सुरेन्द्रनगर सीट पर जमकर विरोध हो रहा है और हालत यह है कि भाजपा प्रत्याशी को भाजपा



कार्यालय में ही बैठक लेने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

विरोध की यही स्थिति अमरेली में भी नजर आ रही है, जहां मौजूदा सांसद नारन कछाड़िया की जगह जिला पंचायत अध्यक्ष भरत सुतारिया को टिकट दिए जाने के विरोध में दोनों गुटों में जमकर हिंसक झड़प हुई। वलसाड एसटी सीट पर भी भाजपा कार्यकर्ता ध्रुव पटेल को बाहरी बताकर विरोध कर रहे हैं और टिकट वितरण में लेन देन का आरोप लगा रहे है। जूनागढ और मोरबी सीट पर भी विरोध हो रहा है। कार्यकर्ताओं के बीच आपस में तलवार खिंची हुई है।

मोदी और शाह की गहरी पकड़ वाले गुजरात में भाजपा के भीतर ही सत्ता संघर्ष का ऐसा खुला खेल पहली बार देखने को मिला है। हालत की गंभीरता इस बात से लगा सकते है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमित शाह को गुजरात जाकर मामले को संभालने के लिए कहना पड़ा। अमित शाह पार्टी विवाद को निपटाते इसके पहले ही मोदी सरकार में मंत्री और राजकोट से भाजपा के उम्मीदवार परषोत्तम रूपाला ने राजपूतों पर बयान देकर सिर्फ गुजरात के ही नहीं पूरे देश के राजपूतों को नाराज कर दिया। राजपूतों पर विवादित बयान देने वाले परषोत्तम रूपाला पाटीदारों की एक उपजाति कड़वा पटेल समुदाय से आते हैं। गुजरात में कुल मतदाताओं में पाटीदारों की संख्या 14 से 16 फीसद है और राज्य की 26 में से 7 सीटों पर उनका काफी प्रभाव है। वहीं गुजरात के कुल मतदाताओं में क्षत्रिय मतदाता महज पांच से छह फीसदी ही हैं और 26 सीटों में से किसी भी सीट पर निर्णायक प्रभाव नहीं डाल पाते हैं। लेकिन देश के अन्य हिस्सों में राजपूतों के प्रभाव को देखते हुए भाजपा को राजपूत वोट खोने का डर सता रहा है। हालांकि रूपाला ने तीन बार माफी मांग ली है, लेकिन राजपूत समाज गुजरात में भाजपा को माफ करने के मूड में नहीं है।

भाजपा में भले ही आंतरिक असंतोष हो लेकिन गुजरात में कांग्रेस की हालत बेहद खराब है। संगठन के नेता एक एक कर भाजपा का दामन थाम रहे हैं। गुजरात का यह पहला लोकसभा चुनाव है, जब कांग्रेस को अहमद पटेल के बिना गुजरात में लड़ना पड़ रहा है। अहमद पटेल के बिना पूरा संगठन बिखरा बिखरा नजर आ रहा है। पोरबंदर से विधायक और कांग्रेस के दिग्गज नेता अर्जुन मोढवाडिया, गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और विधायक अमरीश डेर भाजपा में चले गए है। खंभात विधायक चिराग पटेल के अलावा 2019 में अमित शाह के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सीजे चावड़ा ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

हालांकि गुजरात में लगातार हार रही कांग्रेस ने बनासकांठा, साबरकांठा, आणंद, जामनगर, सूरत, सुरेन्द्रनगर, जूनागढ़ में भाजपा ने जिस जाति के नेता को प्रत्याशी बनाया है, कांग्रेस ने भी उसी जाति के नेता को टिकट दिया है ताकि लड़ती हुई दिखाई दे।

गुजरात में कांग्रेस और आप पार्टी में गठबंधन है। गुजरात में कांग्रेस 24 सीटों पर और आम आदमी पार्टी दो सीटों भरूच और भावनगर से लड़ रही है। 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 17 सीटें मिली थी, उसमें भी कांग्रेस के 3 विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। अभी गुजरात में कांग्रेस के 14 विधायक हैं और इनमें से भी कई विधायक कब पाला बदल लें कुछ कहा नहीं जा सकता।

गुजरात की सभी 26 सीटों पर 7 मई को मतदान होना है। ऐसे में भाजपा भले ही आंतरिक असंतोष से गुजर रही हो लेकिन वह कोई सीट हार जाए इसकी संभावना दूर-दूर तक नजर नहीं आती है। देखना यह है कि 2019 में पूरे देश में सबसे ज्यादा मतों से नवसारी से सीआर पाटील जीते थे, क्या इस बार भी वही जीतते हैं या भाजपा के चाणक्य अमित शाह गांधीनगर से सबसे ज्यादा वोटों जीतते है। गुजरात में कांगेस हार का मार्जिन कम करने की लड़ाई लड़ रही है तो अमित शाह कांग्रेस की जमानत जब्त करवाने की कोशिश कर रहे हैं। गुजरात में इससे ज्यादा की लड़ाई दिख नहीं रही है।

## दिखावे के जाल में फंसकर ऐश्वर्य का प्रदर्शन करता समाज

किसी के घर में कोई सामान देख कर बिना जरूरत के हम वही चीज अपने लिए अलग से लेते हैं तो यह दिखावा ही है। अगर व्यक्ति अपनी हैसियत और जरूरत के हिसाब से कदम उठाए तो वह कई परेशानियों से बच सकता है। हमारे आसपास अक्सर ऐसे लोग मिलते हैं जो बताते रहते हैं कि हमने वह सामान इतने में खरीदा है और वह उतने में। यह बताने की कोई जरूरत हो या नहीं, फिर भी वे लोगों को बताते हैं। लोग भी ऐसे लोगों की बातों को काफी ध्यान से सुनते हैं और उनकी तारीफ करते हैं। बताने वाले को शायद लगता है कि हमें अपना ऐश्वर्य का प्रदर्शन करना चाहिए और सुनने-देखने वाले को लगता है कि हमें उनका दिखावा देखना चाहिए।

**चंदन कुमार चौधरी**

जेब खाली है, लेकिन समाज के लोग, रिश्ते-नातेदार क्या सोचेंगे, इसकी चिंता कुछ लोगों को सताए जा रही है। ऐसे लोग सोच नहीं पा रहे हैं कि उनके यहां जो काम है, वह सामान्य तरीके से करें या समाज में लोगों की परवाह करते हुए दिखावा करते हुए करें। दिखावे के चक्कर में रुपया ज्यादा खर्च होगा और जो काम है, वह बहुत कम खर्च में हो जा सकता है। मगर क्या करें कि आज की तारीख में लोगों के लिए दिखावा ज्यादा जरूरी हो गया है।

सामान्य तरीके से कोई काम कराने के बजाय जिसे देखो वही दिखावा करने में लगा हुआ है। दिखावे के इस शौक की सीमा आखिर कहां है? पड़ोस के घर में जब से एक सामाजिक काम होना तय हुआ था, तब से उस घर के लोगों से काम के कदम-कदम पूछे जा रहे थे। यह भी पूछा जा रहा था कि वह काम साधारण तरीके से किया जाएगा या शानो-शौकत के साथ। उस घर के व्यक्ति ने बताया कि काम साधारण तरीके से किया जाए, तो उसके बाद लोगों के हाव-भाव बदल गए और उनकी टीका-टिप्पणियों में अंतर आ गया। लोग बताने लगे कि आजकल तो साधारण से साधारण लोग भी 'अच्छे से' काम करते हैं, और आप तो समाज के गणमान्य व्यक्ति हैं। अगर आप ही ऐसे साधारण तरीके से



करेंगे तो फिर दूसरे लोग क्या करेंगे! लोगों का विचार सुनने के बाद उस घर के लोगों के दिमाग में अपने खानदान और पूर्वजों की शान की याद उमड़ने-घुमड़ने लगी।

उनके नाम के 'कीर्तिमान' याद आने लगे। उसके बाद आपस में यह बात हुई कि अगर हम कुछ नहीं करेंगे तो हमारी मान-मर्यादा क्या रह जाएगी। पहले की शानो-शौकत के बरक्स आज नौबत कर्ज लेने की थी, मगर घर के लोग इसके लिए तैयार हो गए। उन्हें समाज में रहने के लिए दिखावे का रास्ता अपनाना जरूरी लगा।

यह मामला एक उदाहरण भर है। आज की तारीख में हमारे इर्द-गिर्द इस तरह के हजारों लोग हैं, जो स्वेच्छा से या मजबूरी में दिखावा करते हैं। उन्हें लगता है कि अगर वे ऐसा नहीं करेंगे तो उन्हें लंबे समय तक आसपास के लोगों की आलोचनाएं सुननी पड़ेंगी। ऐसे में वे कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहते हैं।

जबकि यह समझने की बात है कि दिखावा और उद्देश्य की पूर्ति, दो अलग-अलग चीज है। हर किसी के घर में समय-समय पर कोई न कोई काम होता रहता है। लोगों की माली हालात जैसी भी हो, लेकिन ज्यादातर कामों पर दिखावा हावी होता है। हालांकि अगर हम अपनी जरूरत को समझें और सिर्फ काम पूरा करने उद्देश्य की पूर्ति पर जोर दें तो बहुत कुछ बदल सकता है। इसके लिए सोच में बदलाव की जरूरत है।

जब हम किसी के यहां जाते हैं तो उसके बारे में अगले कुछ समय तक हमारे मनो-मस्तिष्क में बातें चलती रहती हैं। अगर हम उनका जीवन वैभव या विलासितापूर्ण देखते हैं तो हम भी उन्हीं की तरह जीना चाहते हैं। मन ही मन हम तुलना करने लगते हैं। हमें लगता है कि हम भी उनके जैसा बनें। उनके घर में कोई सामान देखा तो अपने घर में भी वैसा ही चाहते हैं। यह सामाजिक हैसियत का विषय हो जाता है।

इस चक्कर में कई लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है और परिवार में खटपट भी होती है। लोग दूसरे को बताते हैं कि हमारे पास वह सामान है और मैंने वह वहां से लिया है। उसकी यह खासियत हैज कीमत इतनी है। हो सकता है कि जिस व्यक्ति के पास वह सामान है, उसे उसकी जरूरत होगी। जिसके पास वह नहीं है, उसे उसकी जरूरत नहीं होगी।

सिर्फ किसी के घर में कोई सामान देख कर बिना जरूरत के हम वही चीज अपने लिए अलग से लेते हैं तो यह दिखावा ही है। अगर व्यक्ति अपनी हैसियत और जरूरत के हिसाब से कदम उठाए तो वह कई परेशानियों से बच सकता है। हमारे आसपास अक्सर ऐसे लोग मिलते हैं जो बताते रहते हैं कि हमने वह सामान इतने में खरीदा है और वह उतने में। यह बताने की कोई जरूरत हो या नहीं, फिर भी वे लोगों को बताते हैं।

लोग भी ऐसे लोगों की बातों को काफी ध्यान से सुनते हैं और उनकी तारीफ करते हैं। बताने वाले को शायद लगता है कि हमें अपना ऐश्वर्य का प्रदर्शन करना चाहिए और सुनने-देखने वाले को लगता है कि हमें उनका दिखावा देखना चाहिए। इसके बाद लोग सोचने लगते हैं कि अगर मेरे पास वह सामान नहीं होगा या हम उनके जैसा कपड़े नहीं पहेंगे तो शायद हमारी सामाजिक स्थिति कमतर हो जाएगी। हालांकि यह समझने की जरूरत है कि कपड़े या कोई चीज होने या नहीं होने से कोई फर्क नहीं पड़ता है। अगर फर्क पड़ता है तो समाज को चाहिए कि वह इस फर्क को समाप्त करे। कई बार तो लगता है कि यह दिखावा एक रोग है, जिसे हर हालात में बदलना चाहिए।

इस दिखावे के चक्कर में लोग दूसरों के जैसा बनने की कोशिश करने लगते हैं। अपनी मौलिकता और बुनियाद भूल जाना भी उन्हें परेशान नहीं करता। जबकि जितनी कोशिश हम दूसरों के जैसा बनने की करते हैं, उतनी कोशिश अगर खुद को संवारने में करें तो ज्यादा अच्छा हो। आखिर हम अपने हिसाब से जीवन जीना क्यों नहीं पसंद करते हैं? हम दूसरों के हिसाब से जीवन क्यों जीने लगते हैं? क्या हमारे जीवन जीने का तौर-तरीका कोई बाहरी व्यक्ति तय करेगा? यह हमें तय करना चाहिए। यह निर्धारित करने का अधिकार हमारा होना चाहिए। अगर हम ऐसा करेंगे तो हमें अंदर से खुशी मिलेगी जो बाहरी और कृत्रिम खुशी से कई हजार गुणा अच्छी होगी।



# शॉर्ट टर्म लॉन्ग प्रॉफिट

**इन दिनों शॉर्ट टर्म जॉब ओरिएंटेड कोर्सेज के प्रति स्टूडेंट्स में काफी क्रेज देखा जा रहा है। अगर आप भी इस तरह के कोर्स कर लेते हैं, तो कम समय में लॉन्गटर्म प्रॉफिट हासिल कर सकते हैं..**

**जॉब मार्केट में बैचलर्स या फिर कोई स्पेशलाइज्ड डिग्री काफी मायने रखती है, लेकिन 12वीं के बाद भी कई ऐसे स्पेशल (वोकेशनल आदि) कोर्सेज हैं, जो आपको स्किल्ड बनाने के साथ-साथ जॉब पाने में भी मदद करेंगे यानी इन कोर्सेज को करने के बाद आप फाइनेंशियली स्टेबल भी हो सकेंगे। धीरे-धीरे स्टूडेंट्स एकेडमिक के अलावा, वोकेशनल कोर्सेज (जॉब ओरिएंटेड) को एडॉप्ट कर रहे हैं, क्योंकि इन्हें करने के बाद अच्छी जॉब मिलने की पूरी गारंटी होती है। एक नजर ऐसे ही करियर बिल्डिंग कोर्सेज पर जो बना सकते हैं आपका फ्यूचर ब्राइट..**



## एनिमेशन

एनिमेशन रिलेटेड कोर्सेज के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं है। उसके बाद ग्रेजुएशन या डिप्लोमा कोर्स में दाखिला मिलता है। इसमें स्ट्रीम की कोई बाध्यता नहीं है। 12वीं के बाद आप एनिमेशन बैचलर डिग्री, डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। कोर्स कंप्लीट होने के बाद टीवी, फिल्म, म्यूजिक वीडियो, वीडियो गेम और विज्ञापन कंपनियों में जॉब मिल सकती है। एक अनुमान के अनुसार, एनिमेशन इंडस्ट्री सालाना 23 फीसदी की दर से बढ़ रही है।

## रेडियो जॉकी



सफल रेडियो जॉकी बनने के लिए भाषा पर आपका कमांड होनी चाहिए। इसके साथ ही रीजनल भाषा की समझ हो, तो आपके प्रेजेंटेशन में वास्तविकता आती है। 12वीं के बाद आप प्राइवेट रेडियो चैनल में आरजे बन सकते हैं। सरकारी चैनल में ग्रेजुएट डिग्री आवश्यक है। मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रशिक्षण लिया है, तो आपको वरीयता मिल सकती है। आरजे अपनी वॉयस के जरिए विज्ञापनों, जिंगल्स, टीवी शो, डॉक्यूमेंट्री, लाइव शो और वॉयस ओवर आर्टिस्ट के तौर पर काम कर सकते हैं। डिप्लोमा इन रेडियो प्रोग्रामिंग ऐंड ब्रॉडकास्ट मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन रेडियो जॉकी और सर्टिफिकेट कोर्स करने के बाद इस फील्ड में संभावनाओं के द्वार खुल जाते हैं।

## मॉडलिंग

12वीं के बाद मॉडलिंग से रिलेटेड कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। अगर आपने ब्यूटी केयर, मेकअप, हेयर ड्रेसिंग का प्रशिक्षण लिया है, तो आपको प्रिफरेंस मिल सकती है। इसके अलावा, फैशन डिजाइनिंग, फोटोग्राफी, टीवी एंकरिंग और एक्टिंग जैसे दूसरे विकल्प भी मॉडलिंग



के क्षेत्र में मौजूद हैं। आप चाहें, तो विज्ञापन, फिल्म, वेबसाइट्स, कैलेंडर, कैटलॉग, ट्रेड शोज, प्रोडक्ट प्रोमोशन, कॉरपोरेट सेक्टर के अलावा, मॉडलिंग एजेंसी में बतौर कोऑर्डिनेटर काम कर सकते हैं या फिर अपनी एजेंसी भी खोल सकते हैं। प्रिंट मॉडलिंग से लेकर स्टिल मॉडलिंग, रैंप, शोरूम मॉडलिंग आदि में भी मौके हैं। आंकड़ों पर विश्वास करें, तो मॉडलिंग फील्ड में युवाओं का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है।

## फाइन आर्ट्स



फाइन आर्ट एक विजुअल कम्युनिकेशन फील्ड है, जिसके अंतर्गत पेंटिंग, मूर्तिकला एवं कॉमर्शियल ऑर्ट शामिल है। फाइन आर्ट कोर्स के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं है। इसके बाद आप बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) में एडमिशन ले सकते हैं। फाइन आर्ट कोर्स में 80 प्रतिशत प्रैक्टिकल और 20 प्रतिशत थ्योरी होती है। इस कोर्स को करने के बाद आप विजुअलाइजिंग प्रोफेशनल, इलस्ट्रेटर, आर्ट क्रिटिक, आर्टिस्ट और डिजाइन ट्रेनर के रूप में काम कर सकते हैं। फाइन आर्ट का कोर्स करने के बाद स्टूडेंट्स की भारत में ही नहीं, बल्कि फ्रांस, इटली और जर्मनी जैसे देशों में भी काफी डिमांड है। कोर्स कंप्लीट करने के बाद आप एनिमेशन इंडस्ट्री, विज्ञापन कंपनी, टेलीविजन, थियेटर प्रोडक्शन और टेक्सटाइल इंडस्ट्री में जॉब पा सकते हैं।

## फॉरेन लैंग्वेज

एक या दो विदेशी भाषाओं पर गहरी पकड़ बनाने के बाद आप मनोरंजन, टूरिज्म, एविएशन, अंतरराष्ट्रीय संस्थानों, दूतावास, डिप्लोमैटिक सर्विस और बीपीओ जैसे क्षेत्र में करियर की शुरुआत कर सकते हैं। 12वीं के बाद स्टूडेंट्स फॉरेन लैंग्वेज में सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। फ्रेंच भाषा के तीन माह के सर्टिफिकेट कोर्स के बाद डिप्लोमा और डिग्री कोर्सेज भी किए जा सकते हैं। सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और एडवांस डिप्लोमा पार्ट टाइम कोर्स हैं। जेएनयू, डीयू, बीएचयू और प्राइवेट संस्थानों द्वारा ऐसे कोर्स करवाए जाते हैं। चाइनीज, जैपनीज, स्पेनिश, फ्रेंच, जर्मन, रशियन, कोरियन, अरेबिक और इटैलियन भाषाओं में कोर्स करना फायदेमंद हो सकता है।

## फोटोग्राफी

क्रिएटिव स्टूडेंट्स के लिए यह कोर्स बेस्ट है। कोर्स कंप्लीट करने के लिए किसी भी स्ट्रीम में 12वीं पास होना जरूरी है। देशभर में कई इंस्टीट्यूट फोटोग्राफी में डिप्लोमा, सर्टिफिकेट या डिग्री कोर्स कराते हैं। इस कोर्स को करने के बाद प्रेस फोटोग्राफर, फैशन फोटोग्राफर, इंडस्ट्रियल फोटोग्राफर, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, फीचर फोटोग्राफर,



फॉरेंसिक फोटोग्राफर, साइंटिफिक फोटोग्राफर बन सकते हैं। आप चाहें, तो फीलांसिंग भी कर सकते हैं। इसके साथ ही इसे पार्ट टाइम प्रोफेशन के तौर पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। प्रैक्टिकल नॉलेज के साथ-साथ ट्रेंड की जानकारी, अच्छा विजन और रिस्क लेने की क्षमता, इसके लिए जरूरी स्किल्स हैं।

## गेमिंग

नए गेम्स खेलने का जुनून है, गेम की हर एक चीज पर पैनी नजर रखते हैं, तो आप इस इंडस्ट्री में काफी आगे जा सकते हैं। साथ ही क्रिएटिविटी और आर्टिस्टिक स्किल्स भी आपमें होनी चाहिए, जो गेम को आकर्षक बना सकते हैं। 12वीं के बाद आप प्रोफेशनल डिप्लोमा इन गेम आर्ट, प्रोफेशनल डिप्लोमा इन डिजिटल आर्ट ऐंड डिजाइन, प्रोफेशनल डिप्लोमा इन एनिमेशन और डिप्लोमा इन गेम आर्ट, सर्टिफिकेट इन 3डी विजुअलाइजेशन और सर्टिफिकेट इन गेम एनवायरनमेंट जैसे कोर्स कर सकते हैं। ये सारे कोर्स एक साल या उससे कम अवधि के हैं। कोर्स को कंप्लीट करने के बाद आप गेम डिजाइनर, सीनियर लेवल डिजाइनर, जूनियर लेवल डिजाइनर, एनिमेटर, गेम प्रोग्रामर, नेटवर्क प्रोग्रामर, ग्राफिक्स प्रोग्रामर और ऑडियो प्रोग्रामर बन सकते हैं।

## ऑप्शंस और भी हैं..

डिप्लोमा इन एजुकेशन टेक्नोलॉजी (डीइटी), डिप्लोमा इन रूरल जर्नलिज्म, डिप्लोमा इन ब्यूटीशियन, डिप्लोमा इन ज्वैलरी डिजाइनिंग, डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइनिंग, डिप्लोमा इन प्रोडक्ट डिजाइनिंग, डिप्लोमा इन फूड ऐंड बेवरेज सर्विस मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन टीचिंग इंग्लिश (डीटीइ) आदि..।

## प्रमुख इंस्टीट्यूट्स

-एरिना एनिमेशन
**www.arenamultimedia.com**
-जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिकेशन
**www.xaviercomm.org**
-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन
**www.nifd.net**
-सर जेजे स्कूल ऑफ आर्ट, मुंबई
**www.sirjjschoolofart.in**
-स्कूल आफ लैंग्वेज, जेएनयू, नई दिल्ली
**www.jnu.ac.in**
-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन
**www.nid.edu**

# नई तकनीक से आफिस में तनाव व काम के दबाव से मुक्ति पाएं



अक्सर आफिस के किसी कर्मचारी को सोते देख उसके बॉस की भौंहें तन जाती हैं और वह उसकी मेज पर जोर से हाथ मारते हैं ताकि कर्मचारी जागकर अपने काम पर लग सकें।


ऐसे लोग बॉस की नजरों में लापरवाह होते हैं पर ऐसा जरूरी नहीं। न्यूयार्क में हुए नए शोध बताते हैं कि यदि आप काम के बीच थोड़ी-सी नींद लेते हैं तो इससे आपकी याददाश्त तेज होती है और बुद्धि में भी बढ़ौतरी होती है।

अध्ययन में स्वैच्छिक कर्मचारियों को 2 वर्गों में बांटा गया व उन्हें शब्द दिए गए। थोड़ी देर बाद एक वर्ग ने 47 मिनट की नींद ली व दूसरे ग्रुप ने पत्रिका पढ़ कर व फिल्में देख कर यह समय व्यतीत किया। जब 6 घंटों बाद उन दोनों का दोबारा टैस्ट लिया गया तो पाया गया कि जिन लोगों ने नींद ली थी उन्होंने महत्वपूर्ण तथ्य आसानी से याद कर लिए थे। दूसरे वर्ग की बजाय उन्होंने 15 प्रतिशत अधिक शब्दों को याद किया।

शोधकर्ताओ के मुताबिक अच्छी व छोटी-सी नींद तनाव व काम के दबाव से मुक्ति दिलाती है क्योंकि नींद के दौरान क्षतिग्रस्त कोशिकाएं पुनर्जीवित हो जाती हैं इसलिए व्यक्ति की याद करने की क्षमता पुन- तीव्र हो जाती है।

## मैनेजमेंट टिप्स

# अतिरिक्त समय निकालें



अप्रत्याशित संकट और खास घटनाएं हमें इस बात के लिए मजबूर कर देती हैं कि हम अत्यावश्यक कार्यों के लिए दिन में अतिरिक्त समय निकालें। बहरहाल, सप्ताह के सामान्य कामकाज में ये घंटे अनावश्यक मीटिंग्स, व्यवधानों और अकार्यकुशलता में खो जाते हैं। इस काम के लिए अगली आपातकालीन स्थिति का इंतजार न करें। यहां समय की बर्बादी से बचने के दो तरीके दिए गए हैं।

1. **अपने कैलेंडर का विश्लेषण करें**- पिछले महीने पर गौर करें। आपके लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए कौन सी मीटिंग्स सचमुच आवश्यक थीं? आने वाले महीने पर गौर करके उन मीटिंग्स को रद्द कर दें जिनसे कोई निष्कर्ष नहीं निकलने वाला हो।

2. **फीडबैक लें** - अक्सर समय बर्बाद करने वाली हमारी सबसे बुरी गतिविधियां हमें नजर ही नहीं आती हैं। इसलिए अपने अधीनस्थों और समकक्षों की राय लेकर पता लगाएं कि आप कौन से काम कम करें या छोड़ सकते हैं।

# करें इंटरव्यू की सही तैयारी

किसी भी प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान में दाखिला पाना हो या अच्छी कम्पनी में मनपसंद नौकरी पाने की चाह हो, अपने उद्देश्य में कामयाबी उसी को मिलती है जो इंटरव्यू यानी साक्षात्कार के लिए पूरी तरह तैयार हो और उसमें बेहतरीन प्रदर्शन करे।

नौकरी हेतु लिए जाने वाले साक्षात्कारों में आमतौर पर पूछे जाने वाले सवालों में ये प्रश्न शामिल होते हैं- आप वर्तमान कम्पनी को क्यों छोडना चाहते हैं? इस कम्पनी में ही काम क्यों करना चाहते हैं? अगले पांच साल बाद आप खुद को कहां देखते हैं? आप कितना वेतन चाहते हैं?

यह बात भी ध्यान में रखें कि हर तरह का साक्षात्कार अलग होता है। जैस आमतौर पर सिविल सेवा परीक्षा का साक्षात्कार विश्वविद्यालयी प्रायोगिक परीक्षाओं की मौखिक परीक्षाओं जैसा नहीं होता है और न ही अन्य नौकरियों के लिए जाने वाले साक्षात्कार की तरह प्रत्याशियों की खिंचाई वाला होता है। इसके बोर्ड में बैठने वाले सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों के विशेषज्ञ होने के साथ ही साक्षात्कार लेने के प्रति अत्यंत गंभीर होते हैं। साक्षात्कार के समय केवल विषयगत ज्ञान की जानकारी नहीं ली जाती। साक्षात्कार के लिए बौद्धिक ज्ञान जितना आवश्यक है, उतना ही व्यावहारिक ज्ञान भी जरूरी है।



# हद से ज्यादा चिंता कहीं बच्चे को अपंग न बना दे

एक कंपनी में कुछ युवाओं की मार्केटिंग में जॉब लगी. सभी की यह पहली जॉब थी. उन्हें फील्ड वर्क दिया गया. कई युवा तो अपने दम पर फील्ड में इधर-उधर जा रहे थे, लेकिन कुछ लड़कियां अपने पैरेंट्स, भैया, कजिन को बुला लेतीं. इनमें से कुछ पैरेंट्स तो बकायदा उन्हें ऑफिस छोड़ने भी आते और वापस लेने भी. क्योंकि इनकी जॉब नयी-नयी लगी थी.



इन्हें शुरुआती तीन-चार दिन ज्यादा काम नहीं दिया गया. चार बजे तक घर जाने को कह दिया जाता. एक दिन फील्ड में इन्हें ज्यादा काम दे दिया गया तो शाम के छह बज गये. एक लड़की के माता-पिता जब बेटी को ऑफिस लेने आये, तो सीधे बॉस के केबिन में पहुंच गये. बॉस भी युवा ही था, यह देख कर उनका जोश बढ़ गया. कड़क आवाज में बोले, 'आपने हमारी बेटी को इतनी देर तक ऑफिस में क्यों रखा?' बॉस ने कहा, 'मैम, अभी सिर्फ छह ही बजे हैं. यह कोई ज्यादा वक्त नहीं हुआ है.' लड़की की मां ने कहना शुरू किया, 'आपकी जब मर्जी होती है, आप उन्हें रोक लेते हैं. पहले आप उसे चार बजे जाने देते थे, अब छह बजा दिये. कल और लेट करेंगे. ऐसे नहीं चलेगा.' अब बॉस को गुस्सा आने लगा. उन्होंने आवाज में कठोरता लाते हुए कहा, 'देखिये, जॉब इसी तरह की होती है. ये कॉलेज नहीं है कि सुबह 10 से 2 बजे की क्लास अटेंड की और घर चले गये. यहां इसी तरह काम होता है. आपको परेशानी है, तो अपनी बेटी को कल से मत भेजिये. अब मैं उसे नहीं रख सकता.'

पैरेंट्स को लगा कि बेटी की जॉब जा रही है. उन्होंने आवाज में नरमी लाते हुए कहा, 'एक्चुअली न, हमारी बेटी अकेले कहीं गयी नहीं. उसको फील्ड में जाने की आदत नहीं. हर जगह उसके पापा ही उसे लाते-ले जाते हैं. हम थोड़ा डर गये थे.'

इस किस्से को बताने की वजह यह है कि आजकल के पैरेंट्स हद से ज्यादा ही बच्चों की (खासकर बेटियों की) चिंता करने लगे हैं. उनकी यह चिंता बच्चों को मानसिक रूप से अपंग बना रही है. वे हर जगह उनके साथ जाना चाहते हैं, उन्हें अकेले कुछ नहीं करने देते. इस तरह वे उनकी ग्रोथ रोक रहे हैं.



# अब अपनाओ नई हॉबीज

सिंगिंग, डांस, पेंटिंग...इसी तरह की हॉबीज तुम्हारी और तुम्हारे दोस्तों की होंगी। पर अगर तुम कुछ नई तरह की हॉबीज अपनाओगे तो तुम सबसे हटकर बन जाओगे। वैसे भी आने वाला समय तकनीकी युग होगा और उस समय तुम्हारी आज की हॉबीज ही तुम्हें सफलता दिलाएंगी। तुम अपनी हॉबीज में क्रिएटिविटी डालकर ऐसा कर सकते हो या नई हॉबीज भी अपना सकते हो। तो क्या हैं ये हॉबीज और इनके फायदे ...

### स्विमिंग को बनाओ हॉबी

स्विमिंग से पूरे शरीर का व्यायाम होता है। यह जोड़ों पर दबाव डाले बगैर सांस, रक्त संचार में सुधार लाती है। जो बच्चे स्विमिंग पसंद करते हैं, उन्हें इससे बहुत लाभ मिलता है। ये लाभ उनकी बॉडी के लिए बहुत उपयोगी होता है। दरअसल, जब तुम स्विमिंग करते हो तो उस दौरान पूरे शरीर का मूवमेंट होता है। यह मूवमेंट शरीर में लचीलापन उत्पन्न कर देता है और इससे हृदय और फेफड़े स्वस्थ बने रहते हैं। इनसे शरीर में मजबूती आती है। यही नहीं, जिनकी लंबाई कम होती है, उनकी स्विमिंग करने से लंबाई भी बढ़ जाती है।

### बारिश हो तो उतारो कैनवास पर

तुम में ऐसे बहुत से होनहार होंगे, जो कुछ देख कर कैनवास पर उसे हूबहू वैसा ही उतार देते हैं। लेकिन अधिकतर मामलों में तुम किसी बुक से नकल कर वह ड्राइंग बनाते हो। क्यों न अपनी इस हॉबी को अलग ढंग से आगे बढ़ाया जाए। जैसे अगर बारिश हो रही हो तो बाहर के नजारे को कैनवस पर उतारना शुरू करो। घर की बालकनी या खिड़की से बाहर ताक-झांक करो। तुम देखोगे कि बाहर एक से एक मजेदार सीन नजर आएंगे। सब्जी वाला भैया रेहड़ी दौड़ा कर सब्जियां बचा रहा होगा तो कुछ लोग एक ही छतरी से बारिश की बूंदों से बचने की कोशिश कर रहे होंगे। बस उस दृश्य को कैनवास पर कैद कर लो।

### मनी मैनेजमेंट सीखो

जिस तरह घर के खर्च के लिए मम्मा बजट बनाती हैं, तुम भी अपने सारे खर्चों का एक रिकॉर्ड रख सकते हो। एक पेपर लो, उसे दो भागों में बांट दो। एक तरफ लिखो आमदनी, दूसरी ओर खर्चा। जब भी महीने में तुम्हारे पास पैसा कहीं से भी आए, उसे तारीख के साथ दर्ज करो। दूसरी ओर वह पैसा कहां गया, उसका भी हिसाब रखो। जब तुम्हें लगे कि कोई फिजूलखर्च किया है तो उसे लाल पैन से अंडरलाइन कर दो, ताकि आगे ऐसा न हो।

### तकनीक को अपनाओ

आज जहां हर रोज नए-नए गैजेट्स आ रहे हैं, वहीं कुछ बड़ों के लिए उन्हें समझना भी मुश्किल होता है, लेकिन तुम छोटे उस्ताद तो उन गैजेट्स के सभी एप्लिकेशन झट से ढूंढ़ लेते हो और सभी फीचर का अच्छे से इस्तेमाल करना भी जानते हो।

अगर तुम्हारे अंदर भी यह हुनर है तो तकनीक के सहारे काम को जल्दी से जल्दी करना अपनी हॉबीज में शामिल कर लो। जैसे अपने कंम्यूटर को वाइरस से बचाने के लिए सॉफ्टवेयर अपडेशन तकनीक सबको बताओ। अधिक से अधिक तकनीक ज्ञान हासिल करना जब तुम अपनी हॉबी में शामिल कर लोगे तो देखोगे कि सभी तुम्हें अपना दोस्त बनाना चाहेंगे और तुम्हारे मम्मी-पापा तो दूसरों से तारीफ करते नहीं थकेंगे।

### बन जाओ हैरी पॉटर

हैरी पॉटर का नाम सुनते ही तुम्हें जादुई दुनिया की याद आ जाती होगी। बच्चों के अलावा बड़े भी उसकी किताबों व फिल्मों में रुचि दिखाते हैं। दरअसल हैरी पॉटर की जादुई शक्ति अपनी ओर खींचती है। तुमने कभी अपने सामने तो कभी फिल्मों में बहुत मैजिक शो देखे होंगे। मन में यह सवाल बार-बार उठता रहता है कि आखिर जादूगर अंकल ने कैसे उस व्यक्ति को आसमान में उछाल दिया, क्या उस छड़ी में कुछ जादुई शक्ति थी? अगर तुम इसे अपनी हॉबीज में शामिल करना चाहते हो तो मैजिक शो को करीब से देखो। संबंधित किताबें पढ़े।

### खेलों को करीब से जानो

किसी खेल विशेष की तरफ तुम्हारा झुकाव जरूर होगा। बस तुम्हें यह पहचानना है कि किसमें बेहतर कर सकते हो और किसमें सुधार की गुंजाइश है। महानगर में बच्चों और युवाओं में क्रिकेट को लेकर जबर्दस्त बुखार है। लेकिन इसके लिए जरूरत होती है किसी योग्य गुरु या कोच की। इन दिनों तुम्हारी छुट्टियां भी चल रही हैं। क्यों न इन्हीं दिनों अपनी इन हॉबीज को आगे बढ़ाया जाए। अपनी ही सोसाइटी के उन दोस्तों को पहचानो, जो इस खेल में समान रुचि रखते हैं। बस फिर शाम किसी पार्क में या किसी कोच के माध्यम से अपने खेल में निखार लाओ। हो सकता है कि कल तुम्हारी खेलने की यह हॉबी तुम्हें बहुत बड़ा खिलाड़ी ही बना दे।





### अपना क्लब बनाओ

अलग-अलग तो सभी कुछ न कुछ करते हैं, मगर सभी को साथ लेकर सभी की हॉबीज को एक साथ एक छत के नीचे समान अवसर देना भी किसी कला से कम नहीं। ऐसा ही कुछ करते हैं वसुंधरा एन्कलेव, दिल्ली में कुछ बच्चे, जो मिलजुलकर 'चकमक क्लब' चलाते हैं। खाली समय में इस क्लब के लिए अपना-अपना योगदान देते हैं। इस क्लब की शुरुआत तब हुई जब सोसायटी के बच्चों ने मिलकर अपने विचार दूसरों तक पहुंचाने के लिए 'नन्हीं कलम' नाम से पत्रिका निकाली। इसमें बच्चों द्वारा लिखी गई कविताएं, कहानियां व छुटपुट समस्याएं आदि होती हैं। इस पर खर्च अधिक न हो, इसके लिए जिसकी रचना छपती, लिखाई भी उसी की होती। पूरी पत्रिका को हाथ से ही लिखा जाता। मगर पत्रिका बहुत साफ-सुथरी लगती। पढ़ने वाले को कहीं अड़चन नहीं आती। कुछ बड़े-बड़े लोग, जिन्होंने काफी नाम कमाया है, उनकी रचनाएं भी छपी हैं, वे भी उनकी लिखाई में ही लिखी होती हैं। फिर फोटोकॉपी कराकर इसकी प्रतियां बांटी जातीं हैं। सब बच्चे पूरे मन से इसकी बाइंडिंग आदि के काम में जुट जाते हैं।

## हॉबीज के फायदे

### आगे बढ़ोगे

आज तुम जैसे बच्चे टीवी के अनेक सीरियल्स में छाए हुए हैं। अधिकतर विज्ञापनों में तुम बच्चे ही नजर आते हो। दरअसल ऐसे बच्चे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल के नाटकों, प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने में कभी नहीं हिचकते।

### होते हैं रिफ्लेक्सेस शॉर्प

क्लास में जब तुम्हारी टीचर अचानक से कुछ पूछती हैं तो स्मार्ट बच्चे तुरंत उत्तर दे देते हैं। तुम गौर करना, उनकी कोई न कोई मजेदार हॉबी जरूर होगी। उनकी वह एक्टिविटीज रिफ्लेक्सेस को शॉर्प करती हैं। जैसे डिबेट में भाग ले रहे उस हाजिर जवाब बच्चे को देखो, जो तुम्हारे प्रश्न पूछने पर घबराता, ठिठकता नहीं, तुरंत उसका जवाब दे देता है। उस बॉक्सर को देखो, जो अपनी ओर आ रहे पंच को पहले से भांप लेता है और बचाव के लिए चौकन्ना हो जाता है।

### नजरिए में बदलाव

हॉबीज से तुम पॉजिटिव हो जाते हो। तुम्हें लगने लगता है कि तुम किसी भी क्षेत्र में कुछ भी कर सकते हो। ऐसे बच्चों को देख कर ही लगता है कि वे आत्मविश्वासी हैं। हॉबीज जहां तुम्हें अनुशासित बनाती हैं, वहीं तुम्हारे अंदर टीम स्प्रिट की भावना पैदा करती हैं, तुम्हें समय का पाबंद बनाती हैं।

### कॅरियर की राह

अगर तुम भी स्पेनिश, फ्रेंच, या अंग्रेजी क्लब का हिस्सा हो तो उस भाषा में महारत हासिल कर लो। क्या पता, कल खेल-खेल में सीखी यही भाषा तुम्हारी ताकत बन जाए, तुम्हें कॅरियर की कोई राह सुझा दे। इसलिए तुम अभी से अपनी कोई हॉबी चूज कर लो और उसमें आगे बढ़े।





## हॉबीज से मिली जिन्हें प्रेरणा...

### दादा साहेब फाल्के

दादा साहेब फाल्के को भारतीय सिनेमा का जनक कहा जाता है, क्योंकि उनकी बनाई हुई फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' (1913) भारत की पहली फिल्म थी। उनके नाम पर स्थापित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार फिल्म जगत की एक जानी-मानी हस्ती को हर वर्ष दिया जाता है। दादा साहेब फाल्के का पूरा नाम धुंधिराज गोविन्द फाल्के था। उनका जन्म 30 अप्रैल 1870 को महाराष्ट्र के त्रयम्बकेश्वर (नासिक) नामक स्थान पर हुआ था। बचपन से ही उनकी कला संबंधी विषयों में बहुत रुचि थी। 15 वर्ष की आयु में आजीविका कमाने के लिए ड्राइंग सीखने वे जेजे स्कूल ऑफ आर्ट्स, बंबई में भर्ती हुए, लेकिन कलाओं में रुचि होने के कारण उन्होंने बड़ौदा के कला भवन में फोटोग्राफी, मॉडलिंग, आर्किटेक्चर और जादू जैसी कलाएं भी सीखीं। इन कलाओं से उनको बड़ी ऊर्जा मिली और आगे चल कर ये उनके फिल्म निर्माण के काम में बड़ी सहायक सिद्ध हुईं।

### सर सीवी रमन

रमन प्रभाव के जनक सर चंद्रशेखर वेंकटरमन को 1930 में नोबेल पुरस्कार मिला। 1954 में उन्हें 'भारतरत्न' से अलंकृत किया गया। उनका जन्म तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली के पास एक गांव में हुआ। बालक चंद्रशेखर वेंकटरमन को नैतिक शास्त्र, गणित और दर्शनशास्त्र का ज्ञान अपने पिता से विरासत में मिला। स्वयं उनकी भी इन विषयों में बहुत रुचि थी। बचपन में ही वे वॉयलिन बहुत अच्छा बजाने लगे थे। इस वाद्य यंत्र ने वेंकटरमन के वैज्ञानिक मन को बहुत प्रेरणा और ऊर्जा प्रदान की। कॉलेज में पढ़ते समय उन्होंने तारों की झनकार पर प्रयोग किए थे। आगे भी उन्होंने इस विषय पर कई प्रयोग किए।

### इंदिरा गांधी

इनका जन्म 19 नवंबर, 1917 को नेहरू परिवार में इलाहाबाद के आनंद भवन में हुआ। आनंद भवन में हरदम राजनीतिक वातावरण बना रहता, इसीलिए बचपन में ही इंदिरा की रुचि राजनीति में हो गई। बारह-तेरह वर्ष की उम्र में ही वे राजनीति में उतर आईं। उस समय उन्होंने कांग्रेस की सहायता के लिए बच्चों की एक वानर सेना बनाई, जिसमें 70,000 बाल सैनिक तैयार हो गए। बचपन में बनाई यह वानर सेना इंदिरा को प्रेरणा देती रही और वे राजनीति में आगे बढ़ती रहीं।





## खाली बैठे हो तो.. कुछ क्रिएटिव करो

प्यारे बच्चों, नोलॉजी नामक इस वेबसाइट का नाम सुनकर जरूर तुम्हें फनी लगा होगा। जैसा नाम है, वैसा ही इसका काम भी है। अपने नाम के अनुरूप ही यहां पर तुम्हारे लिए ढेर सारे फन और मस्ती का इंतजाम है।

### आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स में बढ़ाओ ज्ञान

वेबसाइट के क्राफ्ट्स सेक्शन में काफी कुछ है। इस सेक्शन पर क्लिक कर तुम अपनी आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स क्रिएटिविटी में निखार ला सकते हो। यहां पर क्लिक करने पर तुम्हें तरह-तरह के डिजाइन और कई तरह के आकर्षक और क्रिएटिव सामान बनाने के बारे में जानकारी मिलेगी। टिशू पेपर, पेंसिल, चार्ट पेपर, ग्लू आदि का इस्तेमाल कर तुम कई तरह के आकर्षक कार्ड, पेंटिंग, टीशर्ट पेंटिंग आदि के बारे में सीख सकते हो।

### जूनियर मास्टर शेफ की ट्रेनिंग लो यहां

यह वेबसाइट तुम्हें जूनियर मास्टर शेफ बना सकती है। रेसिपी के सेक्शन पर क्लिक करने पर तुम्हें ढेर सारी रेसिपी के बारे में जानकारी मिलेगी। इतने सहज तरीके से यहां पर रेसिपी बनाने के बारे में बताया गया है कि तुम एक बार पढ़कर ही किचन में ट्राई करने चले जाओगे। यहां से ट्रेनिंग लेकर और रेसिपी बनाने में मास्टर बनकर टीवी पर आनेवाले शेफ प्रोग्राम्स में हिस्सा भी ले सकते हो।

### मैजिशियन बनो

तुम्हें मैजिक देखना कितना अच्छा लगता है। तुम चाहो तो यहां दिए टिप्स का इस्तेमाल कर मैजिशियन भी बन सकते हो। बहुत सारी आसान मैजिक ट्रिक्स को काफी आसान तरीके से यहां बताया गया है, जिन्हें सीखकर दोस्तों और घरवालों के सामने दिखाकर तुम छोटा जादूगर बन सकते हो ।

### अमेजिंग फैक्ट्स हैं भरपूर

वेबसाइट के ट्रिविया सेक्शन को क्लिक करने पर तुम्हें ढेर सारे अमेजिंग फैक्ट्स के बारे में जानकारी हासिल होगी। यहां पर पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, कीड़े-मकोड़े, मनुष्य, भाषा, अंतरिक्ष, मौसम और वातावरण के बारे में कई सारी अद्भुत जानकारियां हैं, जो कहीं और तुम्हें ढूंढ़ने से भी नहीं मिलेंगी।

### जोक्स और गेम्स का लुत्फ उठाओ

खास तुम्हारे लिए जोक्स सेक्शन में काफी मजेदार चुटकुले हैं। एनिमल जोक्स, बर्ड जोक्स, हॉलिडे जोक्स, स्पेस जोक्स, मिक्स एंड मैच जोक्स पर क्लिक करने पर ऐसे-ऐसे चुटकुले मिलेंगे, जिन्हें पढ़कर तुम हंसते-हंसते लोट-पोट हो जाओगे। इसके अलावा गेम्स में कई तरह के इंडोर और आउटडोर गेम्स के बारे में भी जानकारी है। तो देर किस बात की, पापा के मोबाइल या लैपटॉप पर इंटरनेट ऑन करो और इस वेबसाइट पर क्लिक करके अपनी क्रिएटिविटी बढ़ाते हुए समर वेकेशन को यादगार बनाओ।

## लिटिल मिलेनियम एप्स आजमाओ...

दोस्तों, हम आज तुम्हें ऐसे एप्स के बारे में बताएंगे, जहां तुम खेल सकते हो और बिना शुल्क दिए काफी कुछ नया भी सीख सकते हो। यहां हर तरह की एक्टिविटीज कर पाओगे और मम्मी रोकेंगी भी नहीं..

आजकल तुम्हारी गर्मियों की छुट्टियां चल रही हैं। दिन की धूप में जब मम्मी तुम्हें घर से बाहर नहीं जाने देती हैं तो तुम उस समय में कुछ ऐसा कर सकते हो, जिससे मम्मी भी खुश हो जाएं और तुम खेल भी लो। ऐसे ही एप्स हैं लिटिल मिलेनियम एप्स। इन एप्स की खासियत ये है कि इनमें तुम्हारे लिए पोयम्स, थीम्स, इंग्लिश स्पीकिंग मॉड्यूल्स तो हैं ही, साथ ही कई सारे गेम्स हैं, मैनर्स हैं और फन के तरीके भी। तुम्हें सबसे ज्यादा पसंद आएगा स्टोरी एप, जहां तुम कई सारी कहानियां सुन सकते हो और उनके विजुअल भी देख सकते हो। तुम अपने छोटे भाई-बहन को हाउ टू काउंट, पजल सॉल्विंग, डिफरेंस बिटवीन बिग एंड स्मॉल आदि के जरिए बिजी भी रख सकते हो।

# इजरायल से युद्ध के बीच लूटपाट पर उतरा हमास, बैंकों की तिजोरियों पर 580 करोड़ का डाका

## संक्षिप्त समाचार

### एयरपोर्ट पर शख्स की पैंट में हो रही थी अजीब हरकत, खुलवाई तो निकले सांप



**मियामी , एजेंसी।** अमेरिका में एक युवक की अजीब हरकत सामने आई है। मियामी एयरपोर्ट पर एक शख्स बाहर निकलते हुए अजीब व्यवहार कर रहा था। उसकी पैंट में कुछ अजीब हरकत हो रही थी। जब पुलिस अधिकारियों को शक हुआ तो उन्होंने उसकी पैंट खुलवा ली। अंदर का नजारा देख पुलिस अधिकारी भी हैरान रह गए। उसकी पैंट के अंदर से दो सांप निकले। पुलिस ने तत्काल ऐक्शन लेते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। संयुक्त राज्य अमेरिका के मियामी में एयर पोर्ट के सुरक्षा अधिकारी उस वक्त हैरान रह गए जब उनका ऐसे यात्री से सामना हुआ जो अपनी पैंट के अंदर सांप लेकर घूम रहा था। उसने पैंट के अंदर एक थैली में सांप छिपाकर रखे थे। अमेरिकी परिवहन सुरक्षा प्रशासन (टीएसए) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मियामी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 26 अप्रैल को चेकपॉइंट पर एक यात्री के पैंट में सांपों से भरे बैग निकाले। जानकारी के साथ, अधिकारियों ने घटना की तस्वीरें भी सोशल मीडिया में पोस्ट की हैं। जिसमें उस व्यक्ति द्वारा अपनी पैंट के अंदर छिपाए गए बैग से दो छोटे सफेद रंग के सांप बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि सांपों को फ्लोरिडा के वन्यजीव संरक्षण आयोग को सौंप दिया गया है। जबकि शख्स को अग्रिम पूछताछ के लिए गिरफ्तार कर लिया गया।

### बुरे दौर में सुनक की पार्टी, बढ़ गई है टेंशन



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के विभिन्न हिस्सों में अब स्थानीय चुनाव में पीएम ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को कई क्षेत्रों में बड़ा झटका लगा है। दूसरी ओर, विपक्षी लेबर पार्टी का उदय बढ़ता जा रहा है। इस बार उन्हें 26 फीसदी ज्यादा वोट मिले है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहली बार है कि लेबर पार्टी को इतनी बड़ी सफलता मिली है। ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी की लोकप्रियता लगभग निचले स्तर पर है, ऐसे में कंजर्वेटिव पार्टी के नेता और ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर ज्यादा दबाव आ गया है। कंजर्वेटिव पार्टी कुल तीन परिषदें हार चुकी है। पार्टी के कम से कम 100 पार्षद हार चुके हैं। हालांकि, कई निर्वाचन क्षेत्रों में नतीजे अभी घोषित नहीं हुए हैं। ब्लैकपूल साउथ संसदीय सीट इस बार लेबर पार्टी ने दोबारा हासिल कर ली है। परिणामस्वरूप सुनक की पार्टी को संसद में एक सीट का नुकसान हुआ। यहां नए सांसद क्रिस वेब ने कंजर्वेटिव पार्टी के डेविड जोन्स को हराया। इसके अलावा रेडडिच, थुरॉक, हार्टलपूल, रशमूर जैसी सीटों पर लेबर उम्मीदवारों ने स्थानीय चुनाव जीते। लेबर पार्टी ओल्डम में ही नहीं जीत पाई है, वहां का मुस्लिम समुदाय गाजा पर लेबर पार्टी की स्थिति से बिल्कुल भी खुश नहीं है। उनका मानना है कि लेबर पार्टी ने गाजा में संघर्ष विराम के बारे में नहीं सोचा। हालांकि, लेबर पार्टी के नेता और ब्रिटिश संसद के विपक्षी नेता कीर स्टार्मर पार्टी की सफलता से उत्साहित हैं। स्टार्मर ने संवाददाताओं से कहा, मुझे उम्मीद है कि यह परिणाम ऋषि सुनक को एक बड़ा संदेश देगा। इस बार जाने की बारी उसकी है। ब्रिटेन की आम जनता जान चुकी है कि ये लेबर पार्टी बिल्कुल नए रूप में वापस आ गई है। तो आइए इस बार हम अपना काम खुद करें। ब्रेक्जिट के दौरान शुरू हुई निगेल फराज की रिफॉर्म यूके पार्टी ने भी कई सीटें जीतीं लेकिन अब सभी की निगाहें लंदन मेयर चुनाव के नतीजों पर हैं।

### दो बंदूकधारियों ने रेस्तरां में इक्वाडोर की ब्यूटी क्वीन की गोली मारकर हत्या की



**क्वेटो, एजेंसी।** इक्वाडोर की ब्यूटी क्वीन और सोशल मीडिया इन्फ्लएंसर लैंडी परेजा गोयबूरो की रेस्तरां में ही हत्या हो गई। जानकारी के मुताबिक वह सी फूड इंजॉय करने एक रेस्तरां में पहुंची थीं। खाने के दौरान वह अपने तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करने लगीं। इसमें उन्होंने अपनी लोकेशन भी शेयर की थी। इसके बाद बदमाशों को लोकेशन पता चल गई और दो बंदूकधारी रेस्तरां पहुंच गए। मौके पर ही उन्होंने ब्यूटी क्वीन की गोली मारकर हत्या कर दी।

23 साल की परेजा गोयबूरो ने 2022 के मिस इक्वाडोर कॉन्टेस्ट में भी हिस्सा लिया था। 28 अप्रैल को उनकी क्वेवेदो सिटी के रेस्तरां में हत्या कर दी गई। वह किसी शादी समारोह में शामिल होने वहां पहुंची थीं। टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक गोयबूरो का एक ड्रग तस्कर लियांद्रो नोरेरो के साथ अफेयर था। ड्रग ट्रैफिकर की एक साल पहले ही जेल में हुए दंगे के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस का कहना है कि संभव है कि नोरेरो की विधवा पत्नी ने ही गोयबूरो की हत्या की सुपारी दी हो। उनका नाम भ्रष्टाचार के एक मामले में भी सामने आया था जो कि न्यायिक अधिकारियों से जुड़े हुआ था।




**येरुशलम, एजेंसी।** इजरायल से युद्ध के बीच हमास आतंकियों के नया कांड का खुलासा हुआ है। फ्रांसिसी अखबार ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि पिछले एक महीने से हमास आतंकी अपने ही देश फिलिस्तीन में बैंकों से करोड़ों रुपए की लूट कर चुके हैं। अखबार का दावा तब सामने आया है जब गाजा में रह रहे कम से कम 25 लाख लोग इजरायली हमलों के बाद भुखमरी में जीने को मजबूर हैं। ये डकैत हमास आतंकियों की एक इकाई बताई जा रही है। इन आतंकियों पर एक महीने के भीतर कम से कम 580 करोड़ रुपए लूटने का आरोप है।

फ्रांसीसी दैनिक अखबार ले मोंडे ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि गाजा के सशस्त्र ग्रुप ने बैंक ऑफ फिलिस्तीन की कई ब्रांच से जमकर लूटपाट की है। बैंक के दस्तावेजों का हवाला देते हुए अखबार ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एक नहीं बैंक की कई शाखाओं की तिजोरियां साफ कर दी गई हैं। अनुमान के मुताबिक, 70 मिलियन डॉलर (कम से कम 580 करोड़ रुपए) की डकैती डाली गई है। बैंक ने लूटपाट की इन घटनाओं को बेहद गंभीर बताया है।

अखबार का दावा है कि 16 अप्रैल को कर्मचारियों ने रिपोर्ट किया कि बैंक ऑफ फिलिस्तीन की गाजा शाखा में लॉकर से 3 मिलियन डॉलर लूट लिए गए। डकैतों ने तिजोरी वाले कमरे की छत में एक सुराख किया और पूरी की पूरी तिजोरी साफ कर दी। इसी तरह अन्य शहरों से भी जमकर डकैती की है। गौरतलब है कि 1960 में स्थापित बैंक ऑफ फिलिस्तीन गाजा का प्रमुख वित्तीय संस्थान है।

संयुक्त राष्ट्र (संरा) की एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल और हमास के बीच युद्ध को छह महीने से ज्यादा वक्त बीत जाने और फलस्तीनी क्षेत्र में खाद्य आपूर्ति पर इजराइल द्वारा कड़े प्रतिबंध लगाये जाने के कारण संकटग्रस्त उत्तरी गाजा में अकाल अब अपने चरम पर पहुंच गया है।

गाजा में रहने वालों की भुखमरी जैसी स्थिति

इस बीच संयुक्त राष्ट्र (संरा) की एक शीर्ष अधिकारी सिंडी मैक्केन ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच युद्ध को छह महीने से ज्यादा वक्त बीत चुका है और फलस्तीनी क्षेत्र में खाद्य आपूर्ति बेहद चिंताजनक है। इजरायल के कड़े प्रतिबंधों के कारण उत्तरी गाजा में अकाल अब अपने चरम पर पहुंच गया है। मैक्केन ने एनबीसी के मीट द प्रेस को दिये साक्षात्कार में कहा, यह भयावह है। उत्तर में अकाल चरम पर है और यह स्थिति दक्षिण की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि गाजा में तेजी से बढ़ते इस गंभीर मानवीय संकट का सामना करने के लिए संघर्ष विराम और जमीन व समुद्री मार्गों के जरिये सहायता पहुंचाने की दर में भारी वृद्धि की जरूरत है। बता दें कि गाजा में करीब 23 लाख लोग रहते हैं।



### बच्चों में साइबर अपराधों से चिंतित सीजेआई चंद्रचूड़, मुकाबला करने को अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की बताई जरूरत


**काठमांडू, एजेंसी।**
भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि प्रौद्योगिकियों का तेजी से विकास हो रहा है। इससे नाबालिगों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय डिजिटल अपराधों में भी तेजी आ रही है। इससे मुकाबले के लिए किशोर न्याय प्रणालियों को अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की जरूरत है। सीजेआई तीन दिवसीय नेपाल की यात्रा पर हैं। नेपाल के चीफ जस्टिस बिश्वोम्भर प्रसाद श्रेष्ठ ने उन्हें आमंत्रित किया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने किशोर न्याय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपने संबोधन में बच्चों और उनसे जुड़ी सामाजिक प्रणालियों के बीच जटिल संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चे साफ-सुथरी स्लेट के साथ दुनिया में आते हैं। लेकिन वे कुछ कारकों जैसे आर्थिक कठिनाई, माता-पिता की लापरवाही और साथियों के दबाव के चलते भटक सकते हैं। उन्होंने कहा, किशोर न्याय पर चर्चा करते समय हमें कानूनी विवादों में उलझे बच्चों की कमजोरियों और अनूठी जरूरतों को पहचानना होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी न्याय प्रणाली सहानुभूति, पुनर्वास और समाज में पुनः एकीकरण के अवसरों के साथ काम करे।

### निज्जर हत्याकांडः कनाडाई पुलिस ने कहा- भारतीय अधिकारियों की भी हो रही जांच

**ओटावा , एजेंसी।** पिछले साल खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में 3 भारतीयों की गिरफ्तारी के बाद कनाडा ने फिर भारत को निशाने पर लिया है। 18 जून 2023 ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर की गई हत्या के सिलसिले में शुक्रवार सुबह तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार करने वाले कनाडाई अधिकारियों ने कहा है कि उनकी जांच अभी समाप्त नहीं हुई है और वे भारत सरकार के अधिकारियों सहित अन्य की भूमिका की जांच कर रहे हैं। कनाडाई पुलिस अधिकारी डेविड टेबौल ने कहा कि इस संबंध में भारतीय स्लीपर एजेंटों की जांच चल रही है। इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम के प्रभारी अधीक्षक मनदीप मूकर ने कहा ये तो सिर्फ ट्रेलर है अभी वे भारत सरकार के अधिकारियों की भी जांच कर रहे हैं।

मामले की जांच कर रहे अधिकारियों का मानना है कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी 22 वर्षीय करण बराड़, 23 वर्षीय कमलप्रीत सिंह और 28 वर्षीय करणप्रीत सिंह उस कथित समूह के सदस्य हैं जिन्हें पिछले साल भारत सरकार ने निज्जर की हत्या करने का काम सौंपा था। कनाडा पुलिस के अनुसार तीनों आरोपियों का संबंध गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गैंग से है।ग्लोबल न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार संदिग्धों ने छात्र वीजा पर कनाडा में प्रवेश किया था, लेकिन हो सकता है कि जब उन्होंने निज्जर को गोली मारी तो वे भारतीय खुफिया विभाग के निर्देश पर काम कर रहे थे।

रिपोर्ट के अनुसार जिस दिन ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरु नानक सिख गुरुद्वारे में निज्जर की हत्या हुई थी, उस दिन हिट स्क्वाड के सदस्यों ने शूटर, ड्राइवर और जासूस के रूप में अलग-अलग भूमिकाएँ निभाई थीं। कैनेडियन रॉयल एंड माउंटेड पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किए गए तीनों भारतीय करण बराड़ , कमलप्रीत सिंह और करणप्रीत सिंह पिछले तीन से पांच वर्षों से कनाडा के एडमिंटन में गैर-स्थायी निवासियों के रूप में रह रहे थे । अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार बराड़ पर 1 मई, 2023 को एडमिंटन और सरे में हत्या की साजिश का भी आरोप है।



### अमेरिका में 24 साल की महिला टीचर ने 5वीं कक्षा के छात्र से बनाए संबंध, मैसेज से हुआ खुलासा; जुलाई में होनी थी शिक्षिका की शादी

**बाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के विस्कॉन्सिन में एक प्राइमरी स्कूल की एक टीचर पर 11 वर्षीय छात्र के साथ अनुचित संबंध के आरोप लगे हैं। सेंट पॉल की रहने वाली 24 वर्षीय टीचर मैडिसन बर्गमैन गंभीर आरोपों का सामना कर रही है। बर्गमैन पर 13 साल से कम उम्र के बच्चे के साथ फर्स्ट-डिग्री बाल यौन उत्पीड़न की धाराएं भी शामिल हैं। गुरुवार को सेंट क्रॉइक्स काउंटी में शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायत से यह पता चला कि पुलिस को हडसन में रिवर क्रेस्ट एलीमेंट्री स्कूल में व्यवहार के बारे में आगाह किया गया था। रिपोर्ट में विशेष रूप से टीचर बर्गमैन और 5वीं कक्षा के एक छात्र के बीच अनुचित आचरण की जानकारी दी गई थी। अधिकारियों को पीड़ित बच्चे और टीचर बर्गमैन के बीच टेक्स्ट मैसेज के स्क्रीनशॉट उपलब्ध कराए गए, जो पीड़ित के माता-पिता ने देखे थे। टीचर कथित तौर पर बच्चे को हर दिन मैसेज कर बता रही थी कि उसे उसके साथ बाहर घूमने और उसके स्पर्श से कितना आनंद आया।

### यूएन में राजदूत रुचिरा ने कहा- भारत का पंचायती राज महिला नेतृत्व को आगे बढ़ाने की अनूठी प्रणाली, देश को इस पर गर्व

**संयुक्त राष्ट्र , एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी राजदूत रुचिरा कंबोज ने भारत के पंचायती राज को प्रत्यक्ष लोकतंत्र का ''उत्कृष्ट उदाहरण बताया और कहा कि पारंपरिक बाधाओं को लांघने वाली महिला नेताओं ने अपने समुदायों में क्रांति ला दी है। कंबोज ने शुक्रवार को यहां कहा कि भारत को ग्रामीण प्रशासन की एक अनूठी प्रणाली पर गर्व है, जिसे पंचायती राज के नाम से जाना जाता है। यह जमीनी स्तर पर विकेंद्रीकृत शक्ति का प्रतीक है।

उन्होंने कहा, दुनिया में अन्य जगहों पर पाई जाने वाली नगरपालिका शासन प्रणाली के विपरीत, पंचायती राज प्रत्यक्ष लोकतंत्र का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो ग्राम सभा या समुदाय के सभी वयस्क सदस्यों की सभा के माध्यम से पंचायत के सभी निवासियों की सक्रिय भागीदारी की सुविधा प्रदान करता है। कंबोज एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन, पंचायती राज मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने आयोजित किया था। इस कार्यक्रम में राजस्थान से पंचायत महिला नेता नीरू यादव, आंध्र प्रदेश से कुनुकु हेमा कुमारी और त्रिपुरा से सुप्रिया दास दत्ता ने महिला सशक्तीकरण, शिक्षा और जलवायु




परिवर्तन की दिशा में अपने प्रयासों पर प्रकाश डाला और अपने अनुभव साझा किए। कंबोज ने कहा कि ऐसा नहीं है कि महिला पंचायत नेताओं की प्रेरक कहानियों में चुनौतियां नहीं थीं। उन्होंने कहा, ''इन महिलाओं ने लगातार पितृसत्ता के स्थापित मानदंडों और रूढ़ियों का सामना किया और उन्हें समाप्त किया। लगातार प्रणालीगत पहलों और अटूट दृढ़ संकल्प से वे यथास्थिति को चुनौती दे रही हैं और लैंगिक समानता को आगे बढ़ा रही हैं।

### रूस ने जेलेंस्की को वांटेड लिस्ट में डाला, कई देशों के नेताओं के भी नाम; पुतिन के मन में क्या पक रहा

**मॉस्को, एजेंसी।**
रूस ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के खिलाफ एक आपराधिक मामला शुरू किया है और उन्हें वांछित सूची में डाल दिया है। इस संबंध में और अधिक विवरण नहीं दिया गया है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस ने शनिवार को गृह मंत्रालय के डेटाबेस के हवाले से यह जानकारी दी है।



फरवरी 2022 में यूक्रेन के साथ संघर्ष शुरू होने के बाद से रूस ने कई यूक्रेनी और अन्य यूरोपीय राजनेताओं के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। रूस की पुलिस ने फरवरी में एस्टोनियाई प्रधानमंत्री काजा कैलास, लिथुआनिया के संस्कृति मंत्री को वांछित सूची में डाल दिया था। इस बीच, रूस ने यूक्रेन के खार्कीव और निप्रो क्षेत्र में ड्रोन से हमला बोला। हमले में छह लोग घायल हो गए। इनमें महिला और एक बच्चा भी शामिल है। इस दौरान यूक्रेन की महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे, वाणिज्यिक और आवासीय भवनों को निशाना बनाया गया। यूक्रेनी वायु सेना ने दावा किया कि सभी 13 ड्रोन मार गिराए गए। उसके गिरे मलबे से नुकसान पहुंचा है। रूस ने कहा कि यूक्रेन की ओर से दागी गई अमेरिका निर्मित लंबी दूरी की चार मिसाइलों को उसने क्रीमिया के ऊपर मार गिराया। इसे आर्मी टेक्टिकल मिसाइल सिस्टम (एटीएसीएमएस) कहा जाता है, जो हाल ही में अमेरिका की ओर से यूक्रेन को दिया गया है। रूस ने कहा कि पिछले हफ्ते रूसी एयरक्राफ्ट और एयर डिफेंस सिस्टम ने 15 एटीएसीएमएस मार गिराए थे। वहीं एपी के अनुसार, ड्रोन फुटेज से पता चलता है कि यूक्रेन का ओचेरेटिन गांव लड़ाई से तबाह हो गया है। रूसी सैनिक क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं और कीव की सेना पर हमला कर रहे हैं। यूक्रेन की सेना ने स्वीकार किया है कि रूसियों ने ओचेरेटिन में पकड़ जमा ली है, लेकिन लड़ाई जारी है।

### कनाडा की राजनीति को प्रभावित कर रहा भारत, विदेश मंत्रालय ने आरोप को आधारहीन बता खारिज की रिपोर्ट

**ओटावा , एजेंसी।**
भारतीय अधिकारियों और भारत समर्थक लोगों के खास समूह ने कनाडा के कुछ समुदायों और राजनीतिक वर्ग को प्रभावित कर उनमें नई दिल्ली के प्रति रुचि पैदा करने के लिए प्रयास किए। भारत द्वारा ऐसा खालिस्तानी अलगाववादियों को कनाडा में अलग-थलग करने के प्रयासों के तहत किया गया। यह निष्कर्ष है कनाडा की सरकारी जांच की एक रिपोर्ट का। यह रिपोर्ट हाल ही सार्वजनिक हुई है।

भारत ने इस रिपोर्ट पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उसे आधारहीन बताकर खारिज कर दिया है। कमिश्नर मैरी-जोसी हग के नेतृत्व में हुई जांच की अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार ऐसे साक्ष्य मिले हैं जिनसे पता चलता है कि 2019 और 2021 में हुए संघीय चुनावों को प्रभावित करने की भारत ने कोशिश की, लेकिन चुनाव परिणाम बताते हैं कि मतदाताओं पर उन कोशिशों का विशेष असर नहीं हुआ। भारत ने चुनाव में हस्तक्षेप के कनाडा के आरोप का खंडन किया है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि कनाडा इस तरह के आधारहीन आरोप लगाकर भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप वाली अपनी हरकतों पर पर्दा डालना चाहता है। किसी अन्य देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में किसी तरह का हस्तक्षेप न करने की भारत की नीति सुस्पष्ट है। शुक्रवार को सार्वजनिक हुई जांच रिपोर्ट में भारत के बारे में कहा गया है कि भारतीय अधिकारी, खासतौर पर प्रवासी भारतीय ऐसी गतिविधियों में लगातार संलग्न रहते हैं जिनसे कनाडा के



मूल निवासी और राजनीतिक लोग उनसे प्रभावित हों। ऐसा करके भारतीय लोग कनाडा में भारत का प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं और यहां की गतिविधियों को भारत के अनुकूल बनाना चाहते हैं।

कनाडा में रहने वाले खालिस्तानियों को निष्प्रभावी करना चाहता है भारत

भारत सरकार ऐसा करके पृथक खालिस्तान की मांग का समर्थन कर रहे कनाडा में रहने वाले लोगों को निष्प्रभावी करना चाहती है। भारत खालिस्तान की मांग को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानता है और उससे निपटने के लिए प्रयास करता रहता है। भारत कनाडा में रहने वाले खालिस्तान समर्थकों और हिंसक तत्वों के उनके छोटे से समूह से कानूनी तरीके से नहीं निपटना चाहता है।

कनाडाई रिपोर्ट में कनाडा में हस्तक्षेप करने के मामले में चीन को मुख्य साजिशकर्ता बताया गया है। कहा गया है कि जांच में पाया गया है कि कनाडा में चीन सबसे ज्यादा सक्रिय विदेशी ताकत है। उसके लोग सरकारी अधिकारियों, राजनीतिक दलों, राजनीतिक कार्यालयों, चुनाव के उम्मीदवारों और समुदायों को प्रभावित करने की कोशिश में लगे रहते हैं।

### आतंकियों को पालने वाला पाकिस्तान अब खुद बेहाल, 4 माह में खैबर पख्तूनख्वा में हुए 179 आतंकवादी हमले

**पेशावर, एजेंसी।** आंतकियों को पालने वाला पाकिस्तान अब खुद आंतकी हमलों से बेहाल है। पाकिस्तान के काउंटर-टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) ने अपनी रिपोर्ट में बताया इस साल 30 अप्रैल तक पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में कुल 179 आतंकवादी घटनाएं दर्ज की गईं। एआरवाय न्यूज के अनुसार सीटीडी की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में 91 आतंकी भी मारे गए। जनवरी में 60 आतंकवादी घटनाएं हुईं, इसके बाद फरवरी में 38, मार्च में 33 और अप्रैल में 48 घटनाएं हुईं। विशेष रूप से, फरवरी में केपी में सबसे ज्यादा 31 आतंकवादी मारे गए। डेरा इस्माइल खान में 19 और उत्तरी वजीरिस्तान में 14 आतंकवादियों को मार गिराया गया। इसके अतिरिक्त, यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि मारे गए आतंकवादियों में से 16 सर्वाधिक वांछित सूची में थे, जिनमें मोहसिन कादिर, अजमतुल्ला और फरीदुल्ला जैसे व्यक्ति शामिल थे।एआरवाय न्यूज के अनुसार, सीटीडी रिपोर्ट में 2 आत्मघाती जैकेट, 36 हथगोले और 247 किलोग्राम विस्फोटक की बरामदगी का खुलासा हुआ है।

# विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का शेड्यूल घोषित

● 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, इंडिया और पाकिस्तान एक ग्रुप में ● भारत-पाक मैच 6 अक्टूबर को




ढाका (एजेंसी)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने इस साल बांग्लादेश में 3 से 20 अक्टूबर तक होने वाली विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। इस वर्ल्ड कप में 10 टीमें भाग लेंगी। 18 दिनों में 23 मैच आयोजित किए जाएंगे। रविवार को ढाका में हुए एक कार्यक्रम में विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का शेड्यूल को जारी किया गया। इस अवसर पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन, ढ्ढष्ट के सीईओ ज्योफ एलार्डिस, भारतीय टीम की कप्तान हरमप्रीत कौर और बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना ने हिस्सा लिया। भारत ग्रुप ए में 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ है। इसके अलावा इस ग्रुप में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और क्वालिफायर से आई एक टीम शामिल है। वहीं मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और क्वालिफायर-2 टीम ग्रुप बी में है। इस ग्रुप के सभी मैच ढाका में खेले जाएंगे। वर्ल्ड कप शेड्यूल की घोषणा के दौरान बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और बांग्लादेश की कैप्टन निगार सुल्ताना।

### भारत-पाक के बीच मैच 6 अक्टूबर को होगी भिड़ंत


भारतीय टीम वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। वहीं 6 अक्टूबर को पाकिस्तान के साथ भिड़ेगी। जबकि ऑस्ट्रेलिया अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को ही क्वालिफायर-1 टीम के खिलाफ करेगी।

### दोनों ग्रुप से टॉप दो टीमें पहुंचेगी सेमीफाइनल में

सेमीफाइनल में दोनों ग्रुप की टॉप दो टीमें पहुंचेगी। पहला सेमीफाइनल 17 अक्टूबर को सिलहट में और दूसरा सेमीफाइनल 18 अक्टूबर को ढाका में खेला जाएगा। वहीं 20 अक्टूबर को फाइनल ढाका में ही खेल जाएगा।

### क्वालिफायर-1 और 2 का फैसला 7 मई को

वहीं वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफायर-1 और क्वालिफायर-2 का फैसला 7 मई को आईसीसी विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर के होने वाले फाइनल से होगा। 27 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच ढाका में 10 प्रैक्टिस मैच खेले जाएंगे।





# फैंस ने हेनरिक क्लासेन को घेरा, सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज ने खोया आपा

नई दिल्ली (एजेंसी)। अपने पसंदीदा क्रिकेट स्टार की एक झलक पाना कई प्रशंसकों के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। हालांकि इस इच्छा को पूरा करने की उत्सुकता में कुछ समर्थक सीमाओं को लांघ देते हैं जिससे अप्रिय स्थिति पैदा हो जाती है। उनकी हरकतें न केवल उनके लिए बल्कि उन क्रिकेट सितारों के लिए भी असुविधा पैदा कर सकती हैं जिनकी वे प्रशंसा करते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के धमाकेदार बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन को हैदराबाद में एक ऐसी ही घटना का सामना करना पड़ा जब वह प्रशंसकों द्वारा भीड़ में फंसने के बाद अपना आपा खो बैठे।

सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो में क्लासेन और जयदेव उनादकट को संभवतः एक मॉल में प्रशंसकों से घिरे हुए, अराजक स्थिति का सामना करते हुए दिखाया गया। क्लासेन काफी चिढ़े हुए दिखे और उन्होंने प्रशंसकों से शांत रहने का आग्रह किया। इस घटना के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के प्रबंधन को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं, क्योंकि इससे सवाल उठता है कि प्रशंसक खिलाड़ियों के इतने करीब कैसे आ पाए, जिससे संभावित सुरक्षा जोखिम पैदा हो गया।

आईपीएल 2024 के दौरान क्लासेन की लोकप्रियता कफी बढ़ी है क्योंकि उन्होंने अपनी टीम के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विस्फोटक बल्लेबाज ने 10 पारियों में 48 की शानदार औसत और 189 की स्ट्राइक रेट से 337 रन बनाए हैं।

# पंजाब से लगातार 5 हार के बाद जीती चेन्नई

● पिछले मैच का हिसाब बराबर किया
● जडेजा ने 43 रन बनाए, 3 विकेट भी लिए



धर्मशाला, एजेंसी। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2024 के प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत कर ली है। टीम ने मौजूदा सीजन के 53वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को 28 रन से हराया। चेन्नई की पंजाब के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद यह पहली जीत है। इस जीत से ष्टस्य्य पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर आ गई है। चेन्नई के पास 11 मैचों के बाद 12 अंक हैं। धर्मशाला मैदान पर रविवार को पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। चेन्नई ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 167 रन बनाए। जवाब में पंजाब 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 139 रन बना सकी। रवींद्र जड़ेजा ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 26 बॉल पर 43 रन की पारी खेली। इतना ही नहीं, 3 विकेट भी हासिल किए।

# आज वानखेड़े में लगेगा रनों का अंबार या गेंदबाजों का रहेगा जलवा?

मुंबई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 53वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में 6 मई यानी सोमवार को खेला जाएगा। 11 में से 8 मुकाबले हारने के बाद मुंबई इंडियंस इस वक्त पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे हैं। वहीं हैदराबाद 10 में से 6 मुकाबले जीतने के बाद पॉइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर हैं। दोनों टीमें आईपीएल 2024 में दूसरी बार एक दूसरे से भिड़ रही हैं। इससे पहले जब दोनों टीमें हैदराबाद में मिली थीं। तो होम टीम एसआरएच ने रनों का अंबार लगाया था और आरसीबी का सबसे बड़ा स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा था। दोनों टीमों के बीच एक और रोमांचक मैच की उम्मीद है। आइये जानते हैं कि इस मैच में मुंबई की पिच कैसा खेलने वाली है।

**मुंबई और हैदराबाद के मैच की**

मुंबई-हैदराबाद में होगा रोमांचक मुकाबला





**पिच रिपोर्ट** - मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जाती है। इस मैदान पर जमकर रन बनते हैं। छोटा ग्राउंड होने की वजह से चौके-छक्कों की भी खूब बारिश होती है। गेंदबाज इस पिच पर संघर्ष करते नजर आते हैं। हालांकि स्पिनर्स को इस पिच पर मदद जरूर मिलती है।

इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में अब तक कुल 116 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 53 पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम तो 63 दूसरे बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं। जो भी टीम मुंबई में टॉस जीतेगी वह पहले गेंदबाजी करने को देख सकती है। पहली पारी का औसत स्कोर आईपीएल में वानखेड़े में 170 रन है।

### मैच के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं-

**मुंबई इंडियंस** - हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्ती, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), नेहल वढेरा और ल्यूक वुड।

**सनराइजर्स हैदराबाद** - अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह , ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, उपेन्द्र यादव, जथावेध सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल।

# सीएसके के लिए बोझ बने अजिंक्य रहाणे

● बुरी तरह हुआ एक्सपोज, शायद ही अगले सीजन में मिले मौका

धर्मशाला (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 53वें मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत काफी खराब रही। ओपनर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे सिर्फ 9 रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गए। इस पूरे सीजन में रहाणे सीएसके के लिए कमाल नहीं दिखा सके हैं। इस सीजन में रहाणे में सीएसके लिए 10 पारियों में सिर्फ 199 रन बना पाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 122.84 का रहा है। इस दौरान रहाणे ने सबसे बड़ी पारी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 45 रनों की खेली थी। अजिंक्य रहाणे का सीएसके के लिए बल्लेबाजी में नहीं चलना टीम के लिए मुश्किल खड़ा किया है, क्योंकि उनसे उम्मीद की जाती रही है कि वह ओपनिंग में एक अच्छा स्टार्ट दें लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है।



# बेल्जियम के डेनियल दारदा नें जीता सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल का खिताब

ओलबिया, इटली (एजेंसी)। सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल का खिताब एक बेहद ही रोमांचक फाइनल मुक़ाबले में बेल्जियम के ग्रांड मास्टर डेनियल दारदा नें अपने नाम कर लिया, दरअसल नौवे राउंड में एक दिन पहले तक 6.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे दोनों ग्रांड मास्टर स्पेन के एलन पीचोट और इज़राइल के ग्रांडमास्टर यैर पारखोव अंक अपने मुक़ाबले हार गए और चार खिलाड़ी 7 अंक बनाकर सयुंक्त पहले स्थान पर आ गए पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर बेल्जियम के डेनियल दारदा, रोमानिया के किरिल सावचेंकों , फीडे के मुरजिन वोलोदर और नीदरलैंड के वांन फॉरेस्ट क्रमशः पहले से चौंथे स्थान पर रहे। अंतिम राउंड में डेनियल नें एलन को काले मोहरो से खेलते हुए पराजित किया जबकि पारखोव को वांन फॉरेस्ट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ियों में सविता श्री नें सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरुस्कार जीता जबकि इसी वर्ग में भारत की वन्तिका अग्रवाल दूसरे स्थान पर रही।



# आरसीबी वेंटिलेटर से बाहर निकली पर अब भी आईसीयू में है, प्लेऑफ की उम्मीदों पर जडेजा का बेबाक बयान

बेंगलुरू (एजेंसी)। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अजय जडेजा का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के गेंदबाजों ने एकजुट होकर प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को 'वेंटिलेटर' से बाहर निकाल दिया है, लेकिन गुजरात टाइटंस पर जीत के बावजूद टीम अब भी 'आईसीयू' में है। शनिवार को गुजरात के 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने 38 गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज की। फाफ डुप्लेसी (64) और विराट कोहली (42) ने पावरप्ले में 92 रन की साझेदारी की लेकिन आरसीबी ने इसके बाद लगातार विकेट गंवाए जिससे उसका स्कोर बिना विकेट के 92 रन से छह विकेट पर 117 रन हो गया और एक समय गुजरात की अप्रत्याशित जीत की उम्मीद बंध गई थी।

**जडेजा ने क्या और क्यों कहा** - अजय जडेजा ने 'जियो सिनेमा' से कहा, अब भी कमजोरियां नजर आ रही हैं, आखिर में क्या हुआ। लेकिन मौका है। वे वेंटिलेटर से बाहर हैं, लेकिन वे अब भी आईसीयू में हैं। विराट और फाफ को बल्लेबाजी करते हुए देखने के बाद हम आज के मैच को लेकर उत्साहित हैं। लेकिन असली काम गेंदबाजों ने किया, एक ऐसा पहलू जिसमें आरसीबी पारंपरिक रूप से संघर्ष करती रही है। गेंदबाजी विभाग ने अब उनके लिए योगदाना देना शुरू कर दिया है और हम सत्र के अंत के बारे में बात कर रहे हैं, यही वह बिंदु है जहां से जीत की वास्तविक संभावना में गति आती है।

**सिराज ने बढ़ाई आरसीबी की उम्मीद** - मोहम्मद सिराज की फॉर्म में वापसी ने आरसीबी की वापसी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सिराज ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पावरप्ले में शानदार प्रदर्शन करते हुए शुभमन गिल और ऋधिमान साहा के विकेट लिए। उन्होंने अपने शुरुआती दो ओवर में नौ रन देकर दो विकेट चटकाए। पिछले पांच वर्षों से सिराज के साथ काम कर रहे आरसीबी के सहायक कोच एडम ग्रिफिथ ने इस बदलाव का कारण 'गेंद को फिर से स्विंग कराने' को बताया। इस तेज गेंदबाज के अच्छे प्रदर्शन ने अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम प्रबंधन को भी राहत दी होगी। आईसीसी की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उनके जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद साझा करने की उम्मीद है।



# बजरंग अस्थायी रूप से निलंबित, डब्ल्यूएफआई ने नाडा पर अंधेरे में रखने का आरोप लगाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। बजरंग पुनिया को हाल ही में राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) इस मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उसे 'अंधेरे में रखने का आरोप लगाते हुए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से शिकायत करने की योजना बना रहा है।

बजरंग को 23 अप्रैल को नाडा ने अस्थायी निलंबन सौंपा था। उन्हें आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए सात मई तक अपना जवाब भेजने को कहा गया था। बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया गया था और बजरंग अपना मुकाबला हारने के बाद मूत्र का नमूना दिए बिना ही प्रतियोगिता स्थल से चले गए थे।



बजरंग ने अपने निलंबन पर कहा कि उन्होंने कभी भी नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया। उन्होंने नाडा पर 'एक्सपायर हो चुकी किट' देने का आरोप लगाते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'मेरे बारे में जो डोप टेस्ट के लिए खबर आ रही है उसके लिए मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को नमूना देने से इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे जवाब दें कि वे पहले मेरा नमूना लेने के लिए जो 'एक्सपायर किट' लाए थे, उस पर उन्होंने क्या कदम उठाए या क्या कार्रवाई की उसका जवाब दे दीजिए और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए। उन्होंने कहा, 'मेरे वकील विदुष सिंघानिया इस पत्र का जवाब समय अनुसार देंगे।

बजरंग अगर तय समय में अपना जवाब देने में असफल रहते हैं तो वह पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। इस बीच डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने आश्चर्य व्यक्त किया कि नाडा ने उन्हें बजरंग के निलंबन के बारे में सूचित नहीं किया। संजय ने कहा, 'यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि नाडा ने बजरंग को निलंबित करते समय हमें सूचित नहीं किया। मैंने 25 अप्रैल को नाडा महानिदेशक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी और उस बैठक में यह मामला नहीं उठाया गया था।

उन्होंने कहा, 'वे रहने के स्थान संबंधी शर्तों, लंबी सूची (पेरिस ओलंपिक के लिए संभावित दावेदार) आदि जैसे मामलों पर हमारे साथ संवाद करते रहते हैं। यहां तक कि हमने हाल ही में हुए फेडरेशन कप के बारे में भी चर्चा की, जहां उन्होंने विजेताओं से नमूने इकट्ठा करने के लिए अधिकारियों को भेजा था। उन्होंने कहा, 'उन्होंने हमें बजरंग पुनिया के निलंबन के बारे में नहीं बताया। मैंने आज सुबह नाडा अधिकारियों को फोन किया और उनके पास मेरे प्रश्न का कोई जवाब नहीं था। अब मैं नाडा को पत्र लिखने और वाडा को इस बारे में सूचित करने की योजना बना रहा हूं।

आईपीएल 2024

# विराट कोहली ने फ्लाइंग किस के साथ शाहरुख खान को दिखाया बाहर का रास्ता

बेंगलूर (एजेंसी)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेऑफ की धुंधली उम्मीदों को कायम रखा। आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और गेंदबाजी का उनका निर्णय बेहतर साबित हुआ क्योंकि वे जीटी के सभी बल्लेबाजों पर हावी थे। गेंदबाजों ने जल्दी ही प्रहार किया और जीटी ने पावरप्ले के भीतर अपने शीर्ष चार बल्लेबाजों को खो दिया था। जीटी के लिए शाहरुख खान शानदार लय में दिखे और उन्होंने स्कोरबोर्ड को नियंत्रण में रखा। वह बड़े स्कोर का लक्ष्य बना रहे थे और विराट कोहली ने उनकी पारी को रोक दिया।



भारत के स्टार बल्लेबाज ने अपनी तेज प्रतिक्रिया दिखाई और नॉन-स्ट्राइकर छोर पर शाहरुख को उनकी क्रीज से कुछ ही दूरी पर रन आउट कर दिया। जब विराट ने युवा बल्लेबाज को फ्लाइंग किस देकर विदा किया तो दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाईं। पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला करने के बाद आरसीबी के लिए स्वप्निल सिंह ने अच्छी शुरुआत की। हालांकि यह तेज़ गेंदबाज मोहम्मद सिराज थे जिन्होंने सबसे अधिक प्रभाव डाला। सिराज ने अच्छी लय के साथ गेंदबाजी करते हुए जीटी के दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट किया। इसके बाद कैमरून ग्रीन ने शॉर्ट गेंद पर फॉर्म में चल रहे साई सुदर्शन का विकेट लिया। परिणामस्वरूप मेहमान टीम के पास सीजन का अपना सबसे कम पावरप्ले स्कोर था।

इसके बाद शाहरुख खान और डेविड मिलर ने पलटवार करते हुए अर्धशतकीय साझेदारी बनाई। जब मिलर 23 रन पर थे, तब कर्ण ने उनका कैच छोड़ दिया। इसके बाद मिलर ने अगले ओवर में छक्का जड़ा, लेकिन कर्ण ने 61 रन की साझेदारी को तोड़ दिया। अगले ही ओवर में शाहरुख उनके पीछे पड़ गए। राहुल तेवतिया ने कुछ चौके लगाए, लेकिन आरसीबी ने दो गति वाली पिच का फायदा उठाया और जीटी को मात्र 147 पर समेट दिया। पहली पारी के समापन के बाद आरसीबी के वुजयकुमार वैश्य ने जीटी के खिलाफ टीम के गेमप्लान का खुलासा किया।